www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शुक्रवार, 19 जून 2026 शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 130 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

जंगल का 'सफेद सोना' बाजार में छाया... पहली बारिश के साथ निकलता है सरई बोड़ा

ईश्वर चन्द्रा

कोरबा/नवप्रदेश। पहली बारिश की फुहार और बढ़ती उमस के साथ ही जंगलों में एक ऐसा प्राकृतिक खजाना जन्म लेने लगता है, जिसकी कीमत कई बार सब्जियों ही नहीं, बल्कि कई खाद्य पदार्थों को भी पीछे छोड़ देती है।

हम बात कर रहे हैं सरई बोड़ा की, जिसे स्थानीय लोग जंगल का 'सफेद सोना' भी कहते हैं। साल के जंगलों से निकलकर बाजार तक पहुंचने वाला यह दुर्लभ फफूंद इन दिनों लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। सब्जी बाजार में जहां आमतौर पर टमाटर, भिंडी और अन्य मौसमी सब्जियां चर्चा में रहती हैं, वहीं इन दिनों सरई बोड़ा ने सबसे महंगी और सबसे अधिक मांग वाली वन उपज का दर्जा हासिल कर लिया है। इसकी कीमत लगातार ऊंची बनी हुई है, क्योंकि मांग के मुकाबले उपलब्धता बेहद कम है। सबसे बड़ी बात यह ■ शेष पृष्ठ 8 पर

साल जंगलों की गोद में तैयार होता है सरई बोड़ा

मशरूम परिवार से संबंध रखने वाला सरई बोड़ा अपनी बनावट और उत्पत्ति के कारण बेहद अनोखा माना जाता है। यह मुख्य रूप से साल वृक्षों वाले जंगलों में पाया जाता है। आदिवासी अंचलों में यह केवल स्वादिष्ट सब्जी ही नहीं, बल्कि आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन भी है। विशेषज्ञों के अनुसार मानसून की शुरुआती बारिश के बाद जब वातावरण में नमी और उमस बढ़ती है, तब साल वृक्षों से निकलने वाला एक विशेष द्रव्य जमीन पर गिरकर सूखी पत्तियों के नीचे फंगस का रूप लेने लगता है। यही फंगस धीरे-धीरे विकसित होकर सरई बोड़ा के रूप में सामने आता है।

खेती क्यों नहीं हो सकती?

विशेषज्ञ बताते हैं कि सरई बोड़ा का विकास विशेष प्राकृतिक परिस्थितियों और साल वृक्षों के पारिस्थितिक तंत्र पर निर्भर करता है। अब तक इसके व्यावसायिक उत्पादन या खेती की कोई सफल तकनीक विकसित नहीं हो सकी है। यही कारण है कि इसकी उपलब्धता पूरी तरह जंगल और मौसम पर निर्भर रहती है।

सिर्फ 35 दिनों का मेहमान

सरई बोड़ा की उपलब्धता बेहद सीमित होती है। जून और जुलाई के दौरान लगभग 30 से 35 दिनों तक ही यह जंगलों में मिलता है। यही वजह है कि इसकी मांग हमेशा आपूर्ति से कहीं अधिक रहती है। चूंकि यह प्राकृतिक रूप से विकसित होने वाला फफूंद है, इसलिए इसका उत्पादन नियंत्रित नहीं किया जा सकता।

पोषण का खजाना

अनुसंधानों में सरई बोड़ा को पोषण तत्वों का भंडार माना गया है। इसमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन और विभिन्न खनिज तत्व पाए जाते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कुपोषण दूर करने, पाचन तंत्र को मजबूत बनाने तथा शरीर को ऊर्जा प्रदान करने में सहायक हो सकता है।

क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

बीटीसी कॉलेज ऑफएग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर के फॉरेस्ट्री वैज्ञानिक अजीत विलियम्स के अनुसार, सरई बोड़ा फफूंद की एक विशेष प्रजाति है जो साल वृक्षों से जुड़े प्राकृतिक तंत्र में विकसित होती है। इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और खनिज तत्व पाए जाते हैं, जिससे इसे पोषण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। जंगल से निकलकर बाजार तक पहुंचने वाला सरई बोड़ा केवल एक खाद्य पदार्थ नहीं, बल्कि प्रकृति का ऐसा अनमोल उपहार है, जिसका इंतजार हर साल पहली बारिश के साथ शुरू हो जाता है।

आज बेबाक

कुछ तो गड़बड़ है। दया, पता करो कि आखिर यह चल क्या रहा है? जिसे देखो वही मुंह उठाकर एनडीए की ओर ऐसे दौड़ा चला जा रहा है मानो उनके पीछे भूत लग गए हों। पहले झाड़ू वाले साफ हुए। फिर टीएमसी के सांसद टूटे। अब शिवसेना यूबीटी में फूट पड़ने जा रही है। इधर समाजवादी पार्टी के भी अनेक सांसदों के पंचर सायकल से उतरने की अटकलें लगाई जा रही हैं। दया, कांग्रेस के कर्णधारों को खबरदार कर दी कि अपना घर संभाले वरना बैठे बिठाए एनडीए चार सौ पार कर जाए और इंडी गठबंधन चिंदी - चिंदी हो जाए।

प्रवास : जी7 समिट में ट्रम्प बोले- मोदी के रहते भारत पर हमला हुआ तो अमेरिका साथ

पीएम मोदी पहुंचे पेरिस, भारतीय मूल के लोगों ने किया स्वागत

■ **अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से 18 मिनट द्विपक्षीय बातचीत हुई**

पेरिस/ नई दिल्ली/ ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार देर रात करीब 2 बजे (भारतीय समय अनुसार) पेरिस पहुंचे। यहां होटल के बाहर भारतीय मूल के लोगों ने पीएम मोदी का स्वागत किया। मोदी ने लोगों से हाथ मिलाया और बच्चों को दुलारा भी। पीएम गुरुवार शाम वीवाटेक 2026 कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उनके साथ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी मौजूद रहेंगे। एक दिन पहले मोदी फ्रांस के एवियन शहर में आयोजित 52वें जी 7 समिट में शामिल हुए। उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से 18 मिनट द्विपक्षीय बातचीत हुई। ट्रम्प ने वादा किया है कि मोदी के रहते कभी भारत पर हमला होता है तो अमेरिका मदद के लिए साथ खड़ा होगा। मोदी के अलावा कोई और नेता भारत में होगा तो मुझे सोचना पड़ेगा।

यूरोप का बड़ा तकनीकी सम्मेलन है 'वीवाटेक'

'वीवाटेक' यूरोप का बड़ा तकनीकी सम्मेलन है, जहां दुनियाभर की नई इंडस्ट्रीज, टेक्निक कंपनियां, इंवेस्टर और एक्सपर्ट नई टेक्निक और इनोवेशन का डिस्प्ले करते हैं। मुख्य तौर पर आर्टिफिशिअल इंटेलिजेंस, स्टार्टअप और उद्यमिता, डिजिटल प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, हरित प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स, भविष्य की उभरती तकनीकों पर उन पर चर्चा करते हैं। यहां भारत का राष्ट्रीय मंडप (इंडिया पैवेलियन) भी स्थापित किया गया है, जहां देश के स्टार्टअप, नवाचार और तकनीकी उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। दरअसल, पीएम मोदी की 6 दिन फ्रांस और स्लोवाकिया यात्रा का आज अंतिम दिन है।

जी7 समिट में ट्रम्प बोले- मैं मोदी की तरह शांत नहीं

17 जून को फ्रांस के एवियन शहर में 52वें जी-7 समिट का दूसरा दिन रहा। पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की द्विपक्षीय चर्चा हुई। इसमें ट्रम्प ने कहा- जब तक मैं प्रेसिडेंट हूं, व्हाइट हाउस में मोदी का हमेशा अच्छा दोस्त मौजूद रहेगा। ट्रम्प ने पीएम मोदी की तारीफ में कहा- जब तक मोदी लीडर हैं, इंडिया हर फील्ड में बड़ा रोल निभाएगा। मोदी शांत और जबरदस्त नेता हैं, लेकिन मैं मोदी की तरह नहीं हूं। बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि समुद्र में भारतीयों की सुरक्षा जरूरी है। उम्मीद है कि ईरान के साथ डील में भारतीयों की सुरक्षा पक्की की जाएगी।

मोदी ने भारतीय की मौत का मुद्दा उठाया

पीएम मोदी ने जी 7 समिट में 16 जून और 17 जून दोनों ही दिन होर्मुज स्ट्रेट में भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा उठाया। उन्होंने समिट के पहले दिन मंगलवार को आउटरीच सेशन में कहा था कि इस अहम समुद्री मार्ग में कई भारतीयों ने जान गंवाई है और वैश्विक व्यापार को जोड़ने वाले नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी देशों की जिम्मेदारी है। जी 7 समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई प्रमुख वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। इनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प , ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लेयेन, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी शामिल थे। इन नेताओं के साथ हुई बैठकों में व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, वैश्विक सुरक्षा और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई।

महीनों के संघर्ष के बाद अमेरिका और ईरान के बीच हुआ एमओयू

■ **शांति की दिशा में माना जा रहा बड़ा कदम**

नई दिल्ली। ईरान और अमेरिका के बीच महीनों से जारी संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच एक समझौता किया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने डिजिटल माध्यम से ईरान-अमेरिका समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने फ्रांस में अपने समकक्ष इमैनुएल मैक्रों की मौजूदगी में इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

व्हाइट हाउस के उप प्रमुख स्टाफ डैन स्कैविनो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'आज शाम फ्रांस के वर्सेल्स में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित डिनर से ठीक पहले, विदेश ■ शेष पृष्ठ 8 पर

यूक्रेन ने रूस पर किया अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन अटैक

■ **1000 से ज्यादा ड्रोन, क्रूज मिसाइलें भी दागीं**

मॉस्को/कीव/ए.। यूक्रेन ने गुरुवार को रूस पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रातभर में करीब 1,000 ड्रोन और चार क्रूज मिसाइलों को मार गिराया गया। इनमें करीब 200 ड्रोन राजधानी मॉस्को की तरफ बढ़ रहे थे।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक हमले में दक्षिणी रोस्तोव क्षेत्र के एक ऑयल डिपो धमाके से तबाह हो गया, यहां मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं मॉस्को की कपोतन्या ऑयल रिफाइनरी पर भी हमला हुआ। विस्फोट के बाद ऑयल डिपो टैंक का ढक्कन कई मीटर ऊपर उछल गया और आसमान में काले धुएं के गुबार छा गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पास के एक शॉपिंग सेंटर में भी आग लग गई। ड्रोन का मलबा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आईसीजी को मिला स्वदेशी एयर कुशन वाहन, क्षमता बढ़ी

नई दिल्ली/ए.। भारतीय तटरक्षक बल ने स्वदेशी एयर कुशन वाहन को शामिल करके परिचालन क्षमता को मजबूत किया है। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लिए चौगुले एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित छह स्वदेशी एयर कुशन व्हीकल्स में से पहला व्हीकल 18 जून, 2026 को गोवा में सेवा में शामिल किया गया। इस होवरक्राफ्ट का उद्देश्य समुद्री क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक बल की संचालन क्षमता को बढ़ाना और उभरती चुनौतियों का सामना करने की उसकी क्षमता को मजबूत करना है। इसका सेवा में शामिल होना आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाएगा और देश के बढ़ते समुद्री औद्योगिक आधार का प्रतीक होगा।

बिलासपुर जोन की 10 ट्रेनें हुईं कैंसिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के बिलासपुर-चांपा चौथी लाइन और ऑटो सिग्नलिंग का काम होगा। इस काम के चलते छत्तीसगढ़ से होकर चलने वाली 10 ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया है। यह गाड़ियां 22 जून से 3 जुलाई तक रद्द रहेंगी, जिसके चलते यात्रियों की परेशानियां बढ़ जाएंगी। रेलवे के इस प्रोजेक्ट के तहत जांजगीर-नैला स्टेशन में ऑटो सिग्नलिंग सहित चौथीलाइन कनेक्टिविटी का काम होगा। इसके तहत स्टेशन पर अप ग्रिड में ऑटो सिग्नलिंग सहित चौथी लाइन कनेक्टिविटी के कमीशनिंग और नॉन -इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 22 जून से 5 जुलाई तक विभिन्न चरणों में किया जाएगा।

सिर्फ 3 सांसद पहुंचे उद्धव की शिवसेना की बैठक में, बाकी 6 को नोटिस जारी

मुंबई/ए.। दिल्ली में शिवसेना (यूबीटी) की संसदीय दल की बैठक हुई। बैठक में 9 में से सिर्फ 3 लोकसभा सांसद अनिल देसाई, अरविंद सावंत और राजाभाऊ वाजे पहुंचे। पार्टी ने अपने सभी लोकसभा सांसदों को व्हिप जारी कर दिल्ली में होने वाली बैठक में मौजूद रहने का निर्देश दिया था।

बैठक में पहुंचे सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि जो सांसद नहीं आए पार्टी उनके खिलाफ नोटिस जारी करेगी। यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि हमारे सांसदों को किडनैप किया गया है। जो बैठक में आएगा वो हमारे साथ है, जो नहीं आएगा वो गद्दार। गृह मंत्रालय

ने महाराष्ट्र पुलिस को 6 बागी सांसदों ङ्क+ सिक्योरिटी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, 6 सांसदों ने बुधवार सुबह 9:30 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को शिंदे गुट में विलय के लिए चिट्ठी भेजी। उधर संजय राउत ने लगातार दूसरे दिन बागी सांसदों को गाली दी।

6 सांसदों के गुट को दल-बदल कानून ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बंगाल-महाराष्ट्र के बाद तमिलनाडु पर भाजपा की नजर

मानसून सत्र से पहले लोकसभा में संख्या बल बढ़ाने की राजनीतिक कवायद तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के बाद अब तमिलनाडु में डीएमके को अगला लक्ष्य माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मकसद दो-तिहाई बहुमत जुटाकर परिसीमन (850 सीटें करने), महिला आरक्षण के क्रियान्वयन और 'वन नेशन, वन इलेक्शन' जैसे बड़े संवैधानिक बदलावों का रास्ता आसान करना है। बताया जा रहा है कि पिछले सत्र में परिसीमन समेत अहम बिलों पर जरूरी समर्थन नहीं मिलने के बाद सरकार ने संख्या बल बढ़ाने की रणनीति बनाई है। चर्चा है कि टीएमसी और शिवसेना के कुछ सांसद पाला बदल सकते हैं।

ट्रेलर में छिपाकर ले जाया जा रहा 209 किलो गांजा जब्त

सक्ती/नवप्रदेश। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। फगुरम चौकी पुलिस ने ट्रेलर में छिपाकर ले जाई जा रही 209 किलोग्राम से अधिक गांजा की खेप बरामद की है। इस मामले में राजस्थान के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने ट्रेलर, मोबाइल फोन और अन्य सामान समेत कुल करीब 1.66 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। पुलिस को सूचना मिली थी की उड़ीसा से गांजा की बड़ी खेप ट्रेलर के जरिए राजस्थान पहुंचाई जा रही है। मामले की जांच शुरू हो गई है।

खनन माफियाओं की वर्चस्व की जंग में अब-तक 5 मौतें, 6 जिलों में हत्या

रेत का खूनी खेल: भाजपा नेता को फॉर्च्यूनर गाड़ी में जिंदा जलाकर मार डाला, 4 गिरफ्तार

नव प्रदेश लगातार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में खनन माफियाओं के बीच वर्चस्व की लड़ाई लगातार हिंसक होती जा रही है। पिछले 3 सालों में प्रदेश के 6 जिलों में हत्या, गोलीबारी और हिंसक घटनाओं के कई मामले सामने आए हैं। इन घटनाओं में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य घायल हुए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरिया में भाजपा नेता समेत 3 की हत्या

18 जून 2026 को कोरिया जिले के सोनहत क्षेत्र में रेत कारोबार को लेकर चली आ रही पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। रेत तस्करी के विवाद में भाजपा नेता समेत तीन लोगों की हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार आरोपियों ने फॉर्च्यूनर के आगे और पीछे हाईवा लगाकर उसका रास्ता रोक लिया। इसके बाद वाहन पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। घटना में भाजपा के पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह जिंदा जल गए। इस हमले में विरेंद्र सिंह (28) और नागेंद्र सिंह (53) की भी मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है।

गोलीकांड में 3 ग्रामीण हुए थे घायल

11 जून 2025 को राजनांदगांव जिले के मोहड़ गांव में अवैध खनन का ग्रामीणों ने विरोध किया, तो खनन माफियाओं ने 6 राउंड फायरिंग की, जिसमें तीन ग्रामीण घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। एक पार्षद समेत तीन लोगों के खिलाफकेस दर्ज किया गया। वहीं, लापरवाही के आरोप में थाना प्रभारी को वरिष्ठ अधिकारियों ने सस्पेंड कर दिया।

पर्यावरण : इंद्रावती परिक्षेत्र में दिख रहा सकारात्मक बदलाव, वर्षों बाद बढ़ी दुर्लभ पक्षियों की मौजूदगी

बस्तर के आसमान में लौटे प्रकृति के प्रहरी, गिद्धों की संख्या बढ़ी

■ **वन्यजीव संरक्षण के प्रयास ला रहे रंग,वैज्ञानिकों और प्रकृति प्रेमियों में उत्साह**

अनिल सामंत

जगदलपुर/नवप्रदेश। कभी विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुके गिद्ध अब बस्तर के जंगलों और पहाड़ियों में फिर से अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। इंद्रावती टाइगर रिजर्व और उसके आसपास के क्षेत्रों में गिद्धों की बढ़ती संख्या ने यह संकेत दिया है कि यहां का प्राकृतिक तंत्र धीरे-धीरे संतुलन की ओर लौट रहा है। हाल के वर्षों में लगातार किए गए अवलोकन और सर्वेक्षणों में गिद्धों के बड़े झुंड दिखाई दिए हैं, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक उपलब्धि मानी जा रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार गिद्ध केवल एक पक्षी नहीं,बल्कि प्रकृति के सफाईकर्मी हैं। मृत पशुओं को खाकर वे संक्रमण और बीमारियों के प्रसार को रोकते हैं। यही कारण है कि किसी भी क्षेत्र में गिद्धों की मौजूदगी वहां के स्वस्थ पर्यावरण का महत्वपूर्ण संकेत मानी जाती है। प्रकृति प्रेमियों और वन्यजीव शोधकर्ताओं का कहना है कि बस्तर में गिद्धों की वापसी केवल संख्या बढ़ने की खबर नहीं है, बल्कि यह जंगलों,जल स्रोतों और जैव विविधता के बेहतर संरक्षण का प्रमाण भी है। सर्वेक्षण के दौरान दो प्रमुख प्रजातियों के साथ एक तीसरी दुर्लभ प्रजाति के भी दिखाई देने से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

क्यों महत्वपूर्ण है गिद्धों की वापसी?

बस्तर के जंगलों में गिद्धों की बढ़ती संख्या केवल वन्यजीव प्रेमियों के लिए सुखद समाचार नहीं है,बल्कि पूरे पर्यावरण तंत्र के लिए राहत की खबर है। गिद्ध मृत पशुओं को तेजी से साफकर संक्रमण फैलाने वाले जीवाणुओं और बीमारियों को नियंत्रित करते हैं। पिछले वर्षों में देशभर में गिद्धों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई थी,जिससे पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हुआ। अब बस्तर में इनकी वापसी यह दर्शाती है कि जंगलों की सेहत सुधर रही है,जैव विविधता सुरक्षित हो रही है और संरक्षण प्रयास जमीन पर प्रभावी साबित हो रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि गिद्धों का संरक्षण भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नारायणपुर में नक्सलियों का गोला-बारूद का जखीरा बरामद

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के मसपुर-गुडरापाल जंगल क्षेत्र में सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। इसी दौरान जवानों को जंगल के भीतर एक संदिग्ध स्थान दिखाई दिया। क्षेत्र की घेराबंदी कर सावधानीपूर्वक तलाशी लेने पर नक्सालियों के द्वारा रखे गए बीजीएल लॉन्चर, बीजीएल गन, 12 बोर राइफल और गोला-बारूद सहित अन्य सामग्री जब्त की गई।

मिली जानकारी के अनुसार, जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

ढाई साल में चार बार बिजली दर वृद्धि, जनता पर आर्थिक हमला: दलेश्वर साहू

■ **बिजली कटौती अलग,भारी बिल अलग; भाजपा सरकार से जनता त्रस्त- नवीन जायसवाल**

कवर्धा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष श्री नवीन जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रेस वार्ता प्रभारी एवं डोंगरगांव विधायक श्री दलेश्वर साहू ने भाजपा सरकार पर जनता को लूटने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार बनने के बाद से आम जनता पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ाया जा रहा है। ढाई वर्षों में चार बार बिजली दरों में वृद्धि कर सरकार ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर तोड़ने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय जनता को सस्ती बिजली उपलब्ध कराई गई थी तथा बिजली बिल हाफ जैसी योजनाओं से लाखों परिवारों को राहत मिली थी। लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही बिजली दरों में लगातार वृद्धि कर जनता को महंगे बिजली बिलों के जाल में फंसा दिया है। जून माह में प्रदेश के 45 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिल औसतन तीन गुना तक बढ़कर आए हैं, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है।

श्री साहू ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिजली के दाम बढ़ाने के साथ-साथ 12 प्रतिशत विद्युत शुल्क का अतिरिक्त बोझ भी जनता पर डाल दिया है। प्रदेशभर में उपभोक्ताओं को अनाप-शनाप बिजली बिल भेजे जा रहे हैं। कई स्थानों पर उपभोक्ताओं के बिल तीन गुना तक बढ़कर आ रहे हैं। सरकार जनता को राहत देने के बजाय बिजली विभाग के माध्यम से वसूली करने में लगी हुई है।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष श्री नवीन जायसवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आम जनता, किसानों, युवाओं, महिलाओं और मजदूरों की सरकार नहीं, बल्कि बड़े उद्योगपतियों और पूंजीपतियों के हितों की सरकार बनकर काम कर रही है। प्रदेश की जनता पहले से ही महंगाई और बेरोजगारी की मार झेल रही है, ऐसे में लगातार बढ़ते बिजली बिलों ने लोगों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं।

उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार 24 घंटे बिजली देने के अपने वादे को पूरा नहीं कर पा रही है, वहीं दूसरी ओर जनता को भारी-भरकम बिजली बिल थमाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद प्रदेशभर से शिकायतें सामने आ रही हैं कि वास्तविक खपत से अधिक रीडिंग दर्ज की जा रही है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को अत्यधिक बिजली बिल चुकाने पड़ रहे हैं। बिना उपभोक्ताओं की सहमति के अनुबंध भार बढ़ाकर अतिरिक्त शुल्क वसूलना पूरी तरह जनविरोधी कदम है।

कृषि उपज मण्डी प्रांगण में होगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। भारत सरकार आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार 21 जून को 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। बलौदाबाजार स्थित नवीन कृषि उपज मण्डी प्रांगण में जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम स्वस्थ आयु के लिये योग थीम पर किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए विभिन्न स्थलों पर एक समान समय सुबह 7 बजे से सुबह 8 बजे तक योगाभ्यास किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम के लिये रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को मुख्य अतिथि घोषित किया गया हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिला स्तरीय आयोजन हेतु सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल को जिला अधिकारी एवं जिला आयुष अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियो को जिम्मेदारी सौंपी हैं। उन्होंने योग आयोग द्वारा प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए योगाभ्यस सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मंच निर्माण, पेयजल एवं साफ सफाई, स्थानीय जनसमुदाय की सहभागिता, चिकित्सा सुविधा, वाहन पार्किंग, योग प्रदर्शन, छात्रों की भागीदारी सहित अन्य व्यवस्था हेतु सम्बधित अधिकारियो को निर्देशित किया है।

ग्राम सभा का आयोजन 24 जून को,निर्धारित एजेंडा पर होगी चर्चा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में 24 जून को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम सभा हेतु के लिए समय-सारिणी तैयार कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। ग्राम सभा में शतप्रतिशत गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व सरपंच व पंचो का होगा। ग्राम सभा में ग्राम पंचायत के बजट, विभिन्न विकास कार्यो की स्वीकृति एवं प्रगति की समीक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण में शामिल पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन, आवश्यक संशोधन तथा प्रतीक्षा सूची के संबंध में भी विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम सभाओं में वीबीजी राम-जी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ शासन द्वारा निर्धारित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की जाएगी। ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जाएगा।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम घोषित

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश के आदिवासी उप योजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमी में में प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम वेबसाइड https://eklavya.cg.nic.in/ पर अपलोड किया गया है। विद्यार्थी अपना रोल नंबर एवं मोबाइल नंबर प्रविष्ट कर परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि काउंसलिंग हेतु विभागीय वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

विधायक प्रतिनिधि नियाजुद्दीन सोलंकी के प्रयास से शासकीय प्राथमिक शाला बोधीटोला डोंगरगाँव में बोर खनन कार्य स्वीकृत

डोंगरगाँव/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला वार्ड क्रमांक 12, बोधीटोला डोंगरगाँव में पेयजल समस्या को देखते हुए विधायक प्रतिनिधि नियाजुद्दीन सोलंकी के विशेष प्रयासों से विधायक दलेश्वर साहू की स्वीकृति पर बोर खनन कार्य कराया गया।विद्यालय परिसर में लंबे समय से स्वच्छ पेयजल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक प्रतिनिधि नियाजुद्दीन सोलंकी ने जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के समक्ष विषय को रखा, जिसके बाद विधायक दलेश्वर साहू की अनुशंसा एवं स्वीकृति से बोर खनन कार्य संपन्न हुआ।बोर खनन होने से विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा आसपास के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। स्थानीय नागरिकों एवं विद्यालय परिवार ने इस जनहितकारी कार्य के लिए विधायक दलेश्वर साहू एवं विधायक प्रतिनिधि नियाजुद्दीन सोलंकी का आभार व्यक्त किया है। वार्ड वासियों ने कहा कि यह कार्य क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता थी, जिसके पूर्ण होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

कुँवारी पाठ मंदिर निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमि पूजन

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के किलापारा में श्रद्धा के प्रतीक बनने वाले कुंवारीपाठ मंदिर निर्माण का भूमिपूजन विधायक यशोदा वर्मा ने किया । मंदिर निर्माण सार्वजनिक रूप से जनसहयोग से तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम मे स्थानीय निवासियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधायक वर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।

पंचों ने कलेक्टर से की धारा 40 के तहत कार्रवाई की मांग

नवागांव (क.) के सरपंच पर वित्तीय गबन और भ्रष्टाचार का आरोप

धमतरी / नवप्रदेश। धमतरी जिले एक ग्राम पंचायत नवागांव (क.) के सरपंच लखन लाल ध्रुव पर भ्रष्टाचार, वित्तीय गबन और पद के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगे हैं। पंचायत के पंचों ने एकजुट होकर इस मामले की शिकायत सीधे कलेक्टर जिला धमतरी से की है। पंचों ने एक लिखित आवेदन सौंपकर सरपंच के खिलाफछत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत तत्काल कार्रवाई करने और पद से पृथक करने की मांग उठाई है।

कलेक्टर कार्यालय धमतरी में 17 जून 2026 को दर्ज कराए गए इस आवेदन में पंचों ने सरपंच लखन लाल ध्रुव की गंभीर अनियमितताओं को उजागर किया है। पंचों का आरोप है कि पंचायत के फंड का जमकर दुरुपयोग किया गया है।

टैक्स के पैसों का गबन और फर्जी बिल का खेल-पंचों द्वारा लगाए गए आरोपों के अनुसार, सरपंच ने टैक्स के रूप में इकट्ठा हुए पैसों का फर्जी बिल बनाकर आहरण (विड्रॉल) कर लिया है। धरातल पर न तो कोई विकास कार्य हुआ है और न ही पंचायत के लिए कोई सामान खरीदा गया है। पूरा पैसा कागजों पर ही ठिकाने लगा दिया गया।

मोटर खरीदी में एक ही बिल से दोबारा भुगतान-शिकायत में सामान खरीदी में बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा किया गया है। आरोप है कि सरपंच द्वारा 5 ॥क्क की मोटर खरीदी गई थी, जिसका पहला भुगतान 82,535 रुपये की राशि के रूप में 15 अक्टूबर 2025 को किया गया। इसके बाद, ठीक उसी तरह का हूबहू फर्जी बिल दोबारा 23 फरवरी 2026 को बनाकर 79,690 रुपये का एक और भुगतान कर दिया गया। पंचों का कहना है कि पहले बिल का सामान तो आया, लेकिन दूसरे बिल का कोई सामान नहीं आया और केवल पैसा गबन करने के लिए यह फर्जीवाड़ा किया गया।

मूलभूत राशि का दुरुपयोग और पंचों की उपेक्षा-सरपंच पर पंचायत अधिनियम की अवहेलना करने और पंचों को किसी भी विकास कार्य की सूचना या हिसाब न देने का आरोप है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन से तीन किश्तों में कुल 2,14,971 रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। आरोप है कि सरपंच ने पंचों को केवल 1 किश्त की जानकारी दी। वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद जब हिसाब मांगा गया, तब पता चला कि शासन से तीन बार पैसा आया था, जिसका दुरुपयोग कर लिया गया है। वर्तमान में सरपंच इसका हिसाब देने में असमर्थ हैं।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि सरपंच बिना किसी पंचायत मीटिंग या पंचों की सहमति के अपनी मर्जी से किसी भी ठेकेदार या अन्य व्यक्ति को प्रस्ताव दे देते हैं।

बेमेतरा के कुछ लॉजों में अवैध गतिविधियों की चर्चा

जांच की मांग तेज

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले के कुछ लॉजों और ठहराव स्थलों में कथित रूप से अवैध गतिविधियों के संचालन को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ स्थानों पर दलालों के माध्यम से बाहरी शहरों से युवतियों को बुलाया जाता है तथा कमरों को घंटों के हिसाब से उपलब्ध कराया जाता है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामले को लेकर जांच की मांग लगातार उठ रही है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि ऐसे आरोप सही हैं तो यह कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा दोनों के लिए गंभीर विषय है। लोगों का आरोप है कि कुछ लॉज संचालक पहचान और रिकॉर्ड संबंधी नियमों का पूरी तरह पालन नहीं कर रहे हैं, जिससे संदिग्ध गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की आशंका बनी रहती है।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जिले के सभी लॉज, होटल और गेस्ट हाउसों की नियमित जांच की जाए तथा आगंतुकों के पहचान पत्र, प्रवेश रजिस्टर और सीसीटीवी व्यवस्था का सत्यापन कराया जाए। उनका कहना है कि समय-समय पर पुलिस और प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्रवाई किए जाने से अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकता है।

सामाजिक संगठनों ने भी इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा है कि यदि किसी प्रकार का अवैध देह व्यापार संचालित हो रहा है तो उसके पीछे सक्रिय दलालों और संबंधित नेटवर्क की पहचान कर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही मानव तस्करी जैसी संभावनाओं की भी गहन जांच आवश्यक है।

इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति के पास ठोस जानकारी या साक्ष्य हैं तो इसकी शिकायत पुलिस और संबंधित विभागों को दी जाए।

पीएम स्वनिधि महोत्सव में हितग्राहियों को किया गया प्रोत्साहित

■ **पथ विक्रेताओं को ऋण सुविधा, डिजिटल भुगतान और समय पर अदायगी के लाभों की दी गई जानकारी**

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद महासमुंद द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने तथा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में योजना के लाभार्थियों ने सहभागिता की।

महोत्सव के दौरान हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत उपलब्ध ऋण सुविधाओं, समय पर ऋण अदायगी के लाभ, डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने तथा आगामी ऋण किश्तों की पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर योजना से लाभान्वित पथ विक्रेताओं ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे अन्य व्यापारियों को भी योजना से जुड़ने की प्रेरणा मिली।

मोदी सरकार के 12 वर्ष : विकसित भारत की मजबूत नींव, रविन्द्र वैष्णव

■ **मोदी के नेतृत्व में बदली भारत की तस्वीर और तकदीर, हर क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां**

छुरिया/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने पर जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि यह 12 वर्षों की यात्रा केवल एक सरकार के कार्यकाल का विवरण नहीं, बल्कि नए भारत के उदय, जनविश्वास, राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प की गौरवगाथा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, आधारभूत संरचना, सामाजिक न्याय और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद भारत ने जिस गति से विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं, वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज हो चुका है। आज भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और वैश्विक मंचों पर उसकी भूमिका लगातार मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश ने आत्मनिर्भरता, नवाचार और आधुनिक विकास का नया मॉडल प्रस्तुत किया है।जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विश्व मंच पर अपनी प्रतिष्ठा और सामर्थ्य का नया अध्याय लिखा है।

शा.उमावि. अंधियारखोर में नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी ने आकस्मिक निरीक्षण किया

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम कर अपनी मंजिल को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही विभिन्न कक्षा का अवलोकन भी किया7 विद्यालय के समस्त स्टाफ प्राचार्य सहित व्याख्याताओ को इस सत्र में 100त्न परीक्षा परिणाम लाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा की कमजोर विद्यार्थियों को चिन्हांकित करे और प्रारंभ से ही उन्हें प्रोत्साहित करते हुए परीक्षा हेतु

तैयारी करावे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंधियार खोर में सत्र 2025 -26 में हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 78.57% रहा ।जहां 30 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 91.73% रहा। जहां 76 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आधी-अधूरी कार्रवाई के बाद अतिक्रमण हटाने भूला प्रशासन

■ **जहां अतिक्रमण हटाया वहां फ़िर से शुरू हो गई दुकानदारी**

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के मुख्य मार्ग में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही अटकते ही फ़िर से वहाँ दुकानें लगनी शुरू हो गई हे । इधर आधी अधूरी कार्यवाही के बाद पालिका प्रशासन के खिलाफ रोष भी बढ़ रहा है । जबकि एक ही जगह कार्यवाही के बाद अतिक्रमण हटाने का अभियान भी अधिकारियो ने पूरी तरह रोक दिया है । सिविललाइन स्थित लाल बहादुर क्लब के सामने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही ठंडे बस्ते मे चली गई है । दुकानदारो को खाली कराने के बाद हटाने मे फेल रही प्रशासन ने दुकानो को हटाने की बजाय पलट दिया और अभियान की इतिश्री कर ली । लेकिन वहां से हटाए गए दुकानदारो की दुकाने आज भी जस की तस पड़ी है तो दूसरी ओर नए दुकानें भी फ़िर से लगनी शुरू हो गई है । इसको लेकर शिकायत के बाद भी पालिका और राजस्व प्रशासन गहरी नींद मे है ।

आधी अधूरी कार्यवाही बाकी जगह नही चला अभियान

शहर के मुख्य सडक़ राजनांदगांव कवर्धा मार्ग मे सिविललाइन से अमलीपारा चौक तक अतिक्रमण हटाए जाने की तैयारी पालिका, राजस्व प्रशासन द्वारा की गई थी । सिविललाइन मे ही दर्जन भर दुकानो के खिलाफ कार्यवाही के बाद अभियान बंद कर दिया गया ।

जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में बड़ी पहल :

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने गृह ग्राम में किया श्रमदान

■ **बोरी बंधान कार्य में निभाई अग्रणी भूमिका**

■ **जल है तो कल है के संकल्प के साथ ग्रामीणों के बीच पहुंचीं जिला पंचायत अध्यक्ष, श्रमदान कर दिया जनभागीदारी का संदेश**

छुरिया / नवप्रदेश। जल संरक्षण को लेकर देश और प्रदेश में चलाए जा रहे जनजागरण अभियानों के बीच जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने अपने गृह ग्राम में एक अनुकरणीय पहल करते हुए स्वयं श्रमदान कर बोरी बंधान निर्माण कार्य में भागीदारी निभाई। उन्होंने ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर श्रमदान किया तथा जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

साथ ही इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती उतराबाई निषाद,सरपंच श्रीमती सीमा चंद्रवंशी, संतराम साहू चेतन राम पटेल मोनू भाई चंद्रवंशी यशोदा पटेल यशोदा साहू सविता साहू मालती मालती बाई मनीष साहू सुनीता पटेल स्वच्छता दीदी सिलवान चंद्रवंशी पंचायत सचिव चंद्रशेखर साहू श्री उपस्थित रहे।

वर्षा ऋतु के आगमन से पूर्व जल स्रोतों के संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बोरी बंधान के माध्यम से वर्षा जल को रोकने और उसे धरती के भीतर समाहित करने की दिशा में यह कार्य किया गया, जिससे भविष्य में भू-जल स्तर में वृद्धि होने के साथ-साथ किसानों को सिंचाई के लिए भी पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण केवल एक आवश्यकता नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी बन चुकी है। जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा और लगातार गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को जल बचाने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि यदि आज हम जल का संरक्षण नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाओं का संचालन कर रही है। इन योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी संभव है जब समाज का प्रत्येक वर्ग इन अभियानों से जुड़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे। इसी उद्देश्य से उन्होंने अपने गृह ग्राम में स्वयं श्रमदान कर लोगों को प्रेरित करने का प्रयास किया है।

कार्यक्रम के दौरान श्रीमती वैष्णव ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि गांवों में मौजूद प्राकृतिक जल स्रोतों, नालों, तालाबों एवं जल संरचनाओं का संरक्षण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

कोपा प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए जॉब ट्रेनिंग प्रमाण-पत्र

खैरागढ़/नवप्रदेश। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के कोपा व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों ने जनपद पंचायत खैरागढ़ में 150 घंटे की ऑन द जॉब ट्रेनिंग सफ्लतापूर्वक पूर्ण की। प्रशिक्षण समापन पर आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया । प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने कार्यालयीन कार्यप्रणाली, कंप्यूटर संचालन, दस्तावेज प्रबंधन, ई-गवर्नेंस सेवाओं तथा प्रशासनिक प्रक्रियाओं का ज्ञान अर्जित किया। इससे विद्यार्थियों को वास्तविक कार्यस्थल की कार्यसंस्कृति को समझने और अपने कौशल को विकसित करने का अवसर प्राप्त हुआ।

प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों को मिले नियमित गरम भोजन: मुख्य सचिव

शहरी क्षेत्रों में सेंट्रल किचन से होगी सप्लाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में आज मंत्रालय (महानदी भवन) में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग सह संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने कड़े निर्देश दिए हैं कि राज्य की सभी शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को योजना के तहत अनिवार्य रूप से गरम भोजन और पूरक पोषण प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट किया कि स्कूलों में योजना के संचालन की लगातार जमीनी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें और भोजन पकाने के लिए नियमित रूप से रसोई गैस (एलपीजी ईंधन) की आपूर्ति सुनिश्चित हो।

शहरी और आस-पास के क्षेत्रों में सेंट्रल किचन व्यवस्था पर जोर: बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना और सेंट्रल किचन के माध्यम से भोजन पकाने की व्यवस्था पर व्यापक चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि राज्य के शहरी क्षेत्रों और उनके आस-पास स्थित स्कूलों में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत सेंट्रल किचन के माध्यम से भोजन तैयार कर सप्लाई किया जाना चाहिए, ताकि भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का स्तर उत्कृष्ट रहे।

महिला स्व-सहायता समूहों को मिलेगा बढ़ावा, परोसी जाएंगी ताजी सब्जियां: योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पोषण से जोड़ते हुए मुख्य सचिव ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे भोजन तैयार करने वाले महिला स्व-सहायता समूहों को सब्जी और मसालों की खेती के लिए प्रोत्साहित करें। इससे स्कूलों में बच्चों को ताजी व हरी सब्जियां मिलेंगी और साथ ही इन महिला समूहों की आमदनी में भी इजाफा होगा।

छत्तीसगढ़ में योजना की वर्तमान स्थिति

बैठक में अधिकारियों ने योजना से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े साझा किए। राज्य के 56 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में यह योजना संचालित है। इन स्कूलों के माध्यम से 29 लाख से अधिक विद्यार्थियों को दैनिक रूप से गरम भोजन और पूरक पोषण दिया जा रहा है। भोजन तैयार करने के कार्य में 86 हजार से ज्यादा रसोइया जुड़े हुए हैं।

बैठक में उच्चाधिकारियों की रही मौजूदगी

इस बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति सचिव सुश्री रीना बाबा साहेब कंगाले, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन की विशेष सचिव व संचालक नागरिक आपूर्ति निगम सुश्री इफ्फत आरा सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वित्त, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग और छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

न्यूज गैलरी

पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत लोक कल्याण मेला का सफल आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत माना कैंप में आज दिनांक 18 जून 2026 को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया। मेला में स्ट्रीट वेंडरों, फुटपाथ व्यवसायियों, ठेला एवं गुमटी संचालकों को योजना की जानकारी प्रदान करते हुए पात्र हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही की गई। लोक कल्याण मेला में प्रथम चरण के ऋण हेतु 41 हितग्राहियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए। हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि भी मेला में उपस्थित रहे तथा ऋण प्रकरणों के परीक्षण एवं त्वरित निराकरण की कार्यवाही की गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत माना कैंप के अध्यक्ष श्री संजय यादव, उपाध्यक्ष श्री के. एबू, पार्षद श्री अमित घोष, श्री गोपाल पाल, श्रीमती काजल मंडल तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सौरभ बाजपेयी द्वारा पात्र हितग्राहियों को ऋष्टा स्वीकृति प्रमाण-पत्र एवं चेक वितरित किए गए।

महाराणा प्रताप की जयंती एवं समाज के अग्रोहा स्थित भवन का लोकार्पण संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। 17-जून को छत्तीसगढ़िया क्षत्रिय ठाकुर समाज द्वारा महाराणा प्रताप जी की जयंती एवं समाज के अग्रोहा स्थित भवन का लोकार्पण किया गया।।जयंती के शुभ अवसर पर टाटीबंध स्थित वीरशिरोमणि महाराण प्रताप जी के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि की गई ।।इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने उनके देश प्रेम वीरता, स्वाभिमान और त्याग को स्मरण कर सादर नमन किया।।कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से दुर्गेश सिंह,सितेंद्र सिंह ठाकुर,सूरज सिंह ठाकुर भानुप्रताप सिंह ,प्रणव सिंह,राकेश सिंह,अर्जुन सिंह,रितेश सिंह,मुकेश सिंह जगजीत सिंह,दीपक सिंह ,शुभम् वशु ठाकुर शैलेंद्र सिंह,सतीश ठाकुर,मोंटी सिंह,अतुल सिंह ,सुधीर सिंह,प्रियेश सिंह,कान्हा ठाकुर,केशव ठाकुर,वासुदेव सिंह,टीकम सिंह,दीपक सिंह,हर्ष सिंह,यशराज सिंह,पुष्पराज सिंह,अनुराग सिंह,राहुल युवराज राजपूत शामिल थे।

मारीषा पिंगुआ को पीएचडी की उपाधि

रायपुर/नवप्रदेश। आईएसबीएम यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ द्वारा कु0 मारीषा समा पिंगुआ को डॉक्टरेट (पी0एच0डी0) की उपाधि प्रदान की गयी है । कु0 मारीषा समा पिंगुआ ने अपना

शोध प्रबंध 'Self-Esteem and Motivation Among Tribal and Non-Tribal Women of Chhattisgarh: A Psycho-Social Comparative Study' विषय पर किया है । उनके इस शोध कार्य की मूल्यांकनकर्ताआ द्वारा अत्यधिक सराहना की गई है । कु0 मारीषा समा पिंगुआ ने दिल्ली विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान विषय में एम ए की डिग्री प्रथम श्रेणी में प्राप्त किया है तथा इन्होंने NET (National Eligibility Test) भी पास कर रखा है । कु0 मारीषा समा पिंगुआ वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनोज कुमार पिंगुआ की सुपुत्री हैं जो वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन में अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पद पर पदस्थ हैं। कु0 मारीषा समा पिंगुआ के डॉक्टरेट (पी0एच0डी0) उपाधि प्राप्त होने पर अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और विश्वविद्यालय की गाईड डॉ. शांता मिश्रा एवं सहयोगी संकाय सदस्यों को दिया है ।

संजय अग्रवाल बने छत्तीसगढ़ योग आयोग के नए अध्यक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्री संजय अग्रवाल को छत्तीसगढ़ योग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अधिसूचना दिनांक 25 अप्रैल 2017 तथा योग आयोग नियम-2017 के प्रावधानों के तहत की गई है। अध्यक्ष का कार्यकाल योग आयोग नियम, 2017 की कंडिका-6 (3) के अनुसार अथवा आगामी आदेश पर्यन्त जो भी पहले हो, के लिए होगा। यह आदेश छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग द्वारा राज्यपाल के नाम से जारी किया गया है।

अहिंसा, करुणा, सत्य और आत्मसंयम के संदेश की आज पूरे विश्व को आवश्यकता: सीएम साय

करुणा और अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं भगवान महावीर के विचार : बिरला

मुख्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष ने आचार्य पदारोहण एवं सहस्त्रावधान तपस्या महोत्सव में जैन मुनियों का लिया आशीर्वाद

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित आचार्य पदारोहण एवं सहस्त्रावधान तपस्या महोत्सव में शामिल हुए। दोनों अतिथियों ने जैन मुनियों का आशीर्वाद प्राप्त कर आचार्य पद पर प्रतिष्ठित हो रहे पूज्य विनयकुशल मुनि जी महाराज को नमन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आचार्य पद केवल एक पद नहीं, बल्कि तप, त्याग, ज्ञान और समाज को दिशा देने वाली साधना का सर्वोच्च प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर और जैन दर्शन के सिद्धांत आज भी मानवता को शांति, आत्मसंयम, करुणा और अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं। वर्तमान समय में जब विश्व तनाव और संघर्षों से जूझ रहा है, तब जैन दर्शन की शिक्षाएं और अधिक प्रासंगिक हो गई हैं। श्री बिरला ने कहा कि विनयकुशल मुनि जी महाराज का आचार्य पदारोहण संपूर्ण जैन समाज के लिए गौरव का क्षण है। वहीं शतावधानी हंसभद्र मुनि जी महाराज ने अपनी विलक्षण स्मरणशक्ति, ज्ञान और साधना के बल पर देशभर में विशेष पहचान बनाई है। उनके तप और साधना से समाज को नई दिशा मिल रही है।

उन्होंने कहा कि भौतिक संसाधन केवल सुविधाएं प्रदान कर सकते हैं, लेकिन जीवन का वास्तविक सुख आत्मनियंत्रण, आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक साधना से प्राप्त होता है। जैन संतों का तपस्वी जीवन समाज को प्रेरणा देता है और मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने सभी जैन संतों, साध्वियों और श्रद्धालुओं को नमन करते हुए महोत्सव के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर पहली बार आयोजित हो रहा यह आचार्य पदारोहण महोत्सव प्रदेश के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा, साधना और संस्कृति का यह विराट आयोजन पूरे प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक अवसर बन गया है। मुख्यमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों से आए संत-साध्वियों, श्रद्धालुओं एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ धन्य हुआ है और इस आयोजन से पूरे प्रदेश में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूज्य विनयकुशल मुनि जी महाराज का आचार्य पद पर पदारोहण उनके ज्ञान, तप, संयम, साधना और समाज के प्रति समर्पित जीवन का सम्मान है। उन्होंने 14 वर्षीय बाल मुनि शतावधानी हंसभद्रमुनि जी महाराज को भी नमन करते हुए कहा कि इतनी कम आयु में उनकी अद्भुत स्मरणशक्ति, एकाग्रता और ज्ञान-साधना सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। एक साथ हजार प्रश्नों को स्मरण रखना और उनका क्रमवार उत्तर देना असाधारण उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज रायपुर का यह इंडोर स्टेडियम ज्ञान, साधना और अध्यात्म का तीर्थस्थल प्रतीत हो रहा है।

10 लाख की लूट का 24 घंटे में हुआ खुलासा

कंपनी का कर्मचारी ही निकला मास्टरमाइंड

रायपुर/नवप्रदेश । राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद क्षेत्र में 10 लाख रुपये की लूट की गुत्थी पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सुलझा ली है। चौंकाने वाली बात यह है कि लूट की पूरी साजिश कंपनी के ही एक कर्मचारी ने रची थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 9.70 लाख रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त बर्गमेन स्कूटर और मोबाइल फोन जब्त किया है।

बरामद मशरूका की कुल कीमत करीब 10.80 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, प्रार्थी अतुल अग्रवाल की निर्माण कंपनी का कार्य नया रायपुर के सेक्टर-26 में चल रहा है। 16 जून को कंपनी के कर्मचारी विद्यासागर डहरिया मजदूरों के भुगतान के लिए 10 लाख रुपये लेकर समता कॉलोनी स्थित कार्यालय से नया रायपुर जा रहे थे। इसी दौरान सेरीखेड़ी के पास ओवरब्रिज के नजदीक दो बाइक सवार बदमाशों ने चाकू दिखाकर उनसे रुपयों से भरा बैग लूट लिया और फरार हो गए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला और रायपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा मंदिर हसौद पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी विश्लेषण के जरिए जांच आगे बढ़ाई।

जांच में सामने आया अंदरूनी षड्यंत्र: जांच के दौरान कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों की गतिविधियों की पड़ताल की गई। इसी दौरान ऑफिस बॉय के रूप में कार्यरत दिनेश राव की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। पूछताछ में बार-बार बयान बदलने पर पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की, जिसमें उसने लूट की साजिश रचने की बात कबूल कर ली।

नॉर्थ जोन में चला विशेष मुसाफिर चेकिंग अभियान, संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन

रायपुर/नवप्रदेश। अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के उद्देश्य से रायपुर पुलिस के नॉर्थ जोन क्षेत्र में विशेष मुसाफिर चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान पुलिस उपयुक्त (नॉर्थ जोन) मयंक गुर्जर के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम एवं सहायक पुलिस आयुक्त पूर्णिमा लामा के निर्देशन में संचालित किया गया।

अभियान के तहत थाना खमतराई, उरला, गुढ़ियारी, पंडरी और खम्हारडीह पुलिस की टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जांच-पड़ताल की। इस दौरान बाहरी राज्यों और जिलों से आए घूमन्तु व्यक्तियों, डेरे डालकर रहने वाले लोगों तथा अस्थायी रूप से निवास कर रहे व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से क्षेत्र में आने का उद्देश्य, उनके आवागमन की जानकारी तथा संभावित आपराधिक गतिविधियों के संबंध में पूछताछ की गई। साथ ही आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्रों का सत्यापन कर आवश्यक अभिलेख तैयार किए जा रहे हैं। पुलिस ने बाहरी गिरोहों एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान के लिए विशेष सत्यापन अभियान भी चलाया। इसके अलावा जांच में शामिल सभी व्यक्तियों का पृथक एसएस रोल तैयार कर आवश्यकतानुसार चालान एवं तहरीर की कार्रवाई की जा रही है।

रहेजा ग्रुप के अल्ट्रा-लग्जरी प्रोजेक्ट 'रहेजा अवाना' का होगा शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के रियल एस्टेट जगत में एक अभूतपूर्व अध्याय जुड़ने जा रहा है। दशकों से भरोसे और क्वालिटी के साथ एक्सीलेंस और एलिगेंस का पर्याय बन चुके 'रहेजा ग्रुप ' ने अपने सबसे महत्वाकांक्षी और अल्ट्रा-लग्ज़री प्रोजेक्ट 'रहेजा अवाना' की घोषणा कर दी है। इसी कड़ी में इस बेमिसाल प्रोजेक्ट के बहुप्रतीक्षित 'एक्सपीरियंस सेंटर' का कल भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। कचना मेन रोड पर स्थित इस एक्सपीरियंस सेंटर के दरवाज़े कल से उन पारखी लोगों के लिए खुल जाएंगे, जो सुकून भरी लग्ज़री यानि 'साइलेंट लग्ज़री' की कद्र करते हैं।

एक्सपीरियंस सेंटर: लग्ज़री के हर पहलू की झलक: रहेजा अवाना का नया 'एक्सपीरियंस सेंटर' कोई साधारण सेल्स ऑफिस नहीं है, बल्कि इसे एक मास्टरपीस आर्टिफेक्ट की तरह गढ़ा गया है। यह सेंटर ग्राहकों को प्रोजेक्ट की भव्यता का एक ऐसा स्पष्ट और जीवंत अनुभव देगा, जो शब्दों से परे है।

आर्किटेक्चरल डिस्प्ले: यहाँ कदम रखते ही आप मॉडर्न स्पेस प्लानिंग और आर्किटेक्चरल लेआउट की बारीकियों को महसूस कर सकेंगे।

इमर्सिव विज़न: यह सिर्फ एक मॉडल नहीं है, बल्कि इस बात का अहसास है कि 'साइलेंट लग्ज़री' में आपके सपनों का घर होने पर कैसा महसूस करेंगे।

सेंट्रल इंडिया में पहली बार: एंडी फिशर (सिंगापुर) का जादुई आर्किटेक्चर

'रहेजा अवाना' को जो बात पूरे मध्य भारत में सबसे अलग और खास बनाती है, वह है इसका वर्ल्ड-क्लास डिज़ाइन। इस मास्टरपीस को एशिया के सबसे प्रतिष्ठित और दिग्गज लग्ज़री आर्किटेक्ट्स में से एक, सिंगापूर के एंडी फिशर ने डिज़ाइन किया है।

मेट्रो शहरों से आगे की सोच: अब तक एंडी फिशर जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के आर्किटेक्ट्स की सेवाएं केवल मुंबई, दिल्ली या बेंगलुरु जैसे महानगरों के एलीट प्रोजेक्ट्स तक ही सीमित थीं।

लोक निर्माण विभाग सचिव ने कार्यों की धीमी गति पर जताई नाराजगी

रायपुर/नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने आज अपने बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के प्रवास के दौरान लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतु निर्माण, सड़क एवं भवन निर्माण तथा विद्युत एवं यांत्रिकी के अधिकारियों की बैठक लेकर सड़कों, भवनों व पुल-पुलियों के निर्माण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बलरामपुर स्थित सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी, वनमण्डलाधिकारी आलोक बाजपेई और लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने बैठक में निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाते हुए समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हर कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा ठेकेदारों के साथ सतत समन्वय बनाकर कार्यों को गति देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने लंबित कार्यों की जानकारी लेकर संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी करने तथा ब्लैक-लिस्ट करने के निर्देश दिए।

बंसल ने बैठक में बलरामपुर-रामानुजगंज-सनावल, कामेश्वरनगर, कपिलदेवपुर, गणेशमोड़, जनकपुर, रमेशपुर-शंकरपुर, चंपा-बाद और कुसमी-कोरंधा मार्ग के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न भवनों के निर्माण और अधोसंरचना परियोजनाओं के साथ ही शासकीय महाविद्यालय भवन के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। शासन की प्राथमिकता वाले निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करना अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों की जिम्मेदारी है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को जवाबदेही से कार्य करने तथा गुणवत्ता व समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

सुविचार

इस दुनिया में सिर्फधोखा और धक्का ही मुफ्त में मिलता है बाकी सब चीजों की कुछ न कुछ कीमत तो चुकानी ही पड़ती है।

शांति समझौते पर सहमति की मुहर

अमेरिका और ईरान के बीच अंततः पेरिस में शांति समझौता हस्ताक्षरित हो गया। अब दोनों के बीच कोई युद्ध और सैन्य कार्रवाई नहीं होगी। अब द्विपक्षीय बातचीत के जरिये ईरान के परमाणु कार्यक्रम सहित अन्य मुद्दों को सुलझाया जाएगा। जिसके लिए 60 दिनों की समय सीमा तय की गई है। इस बीच ईरान होर्मूज पर जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करेगा। उन जहाजों से दो माह तक ईरान टोल भी नहीं वसूलेगा। गौरतलब है कि मिडिल ईस्ट में तनाव के चलते पिछले ढाई माह से होर्मूज में विभिन्न देशों के सैकड़ों तेल व गैस भरे जहाज फंसे हुए हैं। अब होर्मूज की नाकाबन्दी हट जाने से आधी दुनिया पर मंडराता तेल व गैस का संकट खत्म हो जाएगा। इस डील के फायनल होने से पूर्व जी सेवन समिट में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के दौरान खाड़ी क्षेत्र में नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाते उसे भी डील का हिस्सा बनाने की बात कही थी। इस पर भी ट्रंप ने सहमति जताई थी। पीएम मोदी प्रशंसा के पुल बांधते हुए कहा था यदि भारत पर किसी ने हमला किया तो अमेरिका भारत का साथ देगा। बहरहाल अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हस्ताक्षरित हो जाने के बाद अब मिडिल ईस्ट में जंग टल गई है। अब शांति की राह में सिर्फ इजराइल बाधा डाल रहा है जो लगातार लेबनान पर बम बरसा रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि डोनाल्ड ट्रंप इजराइल को भी डील के लिए सहमत करने में सफल होंगे। हालांकि इजराइल को इस शांति समझौते के लिए तैयार करना आसान नहीं है क्योंकि इस वार्ता के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई बार इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेबनान पर हमले रोकने के लिए कहा था लेकिन नेतन्याहू ने डोनाल्ड ट्रंप की बात नहीं मानी और इजराल के हमले बदस्तूर जारी रहे इस बात को लेकर डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहू के बीच तीखी बहस भी हुई थी ऐसी स्थिति में इजराइल को समझा पाना आसान नहीं होगा और अगर इस समझौते के लिए इजराइल ने अपनी सहमति नहीं दी तो फिर बात बिगड़ सकती है और शांति समझौता एक बार फिर अधर में लटक सकता है।

पंडित नेहरू के इंडिया से मोदीजी के भारत तक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 10 जून को हमारे इतिहास के लगातार सबसे लंबे समय तक सेवा में रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। इस दरमियान काफी समय तक भारतीय शासन की सेवा करने के नाते मैं कह सकता हूं कि मोदीजी की उपलब्धि कार्यकाल की लंबाई नहीं है। उन्होंने इस पद पर रहते हुए जो कुछ किया, वास्तविक उपलब्धि वह है। मोदीजी ने 10 जून, 2026 को प्रधानमंत्री के पद पर अपना लगातार 4399वां दिन पूरा कर लिया। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के 1952 में पहली निर्वाचित सरकार से 1964 में उनके निधन तक लगातार

हरदीप सिंह पुरी

प्रधानमंत्री रहने के कीर्तिमान को पीछे छोड़ दिया। 1947 से देखें तो सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री के पद पर रहने का रिकॉर्ड अब भी पंडित नेहरू के नाम ही है। लेकिन मोदीजी ने उन्हें हमारे गणराज्य के इतिहास में लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित शासन प्रमुख रहने के मामले में पीछे छोड़ दिया है। इस दरमियान मैंने अपना कामकाजी जीवन शासन के अंदर गुजारा है। इस उपलब्धि में मेरी दिलचस्पी गणित के लिहाज से कम है। मेरी ज्यादा दिलचस्पी इसमें है कि इस उपलब्धि को कैसे मापा जा सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सिखाया है कि सरकार को इस बात से आंका जाना चाहिए कि कतार के आखिर में खड़े आदमी तक क्या कुछ पहुंचता है। इसे ही अंत्योदय कहते हैं। पंडित नेहरू के 'इंडिया' और मोदीजी के 'भारत' के बीच का फासला वह दूरी है जिसे इस आखिरी आदमी ने तय किया है। एक निष्पक्ष मूल्यांकन करें तो देखते हैं कि पंडित नेहरू को विरासत में क्या मिला था। उन्हें विरासत में एक ऐसा विभाजित उपमहाद्वीप मिला जो इतिहास के सबसे बड़े जबरन विस्थापन से जूझ रहा था, दो सदियों के औपनिवेशिक शोषण से खोखली हो चुकी अर्थव्यवस्था मिली, ऐसी आबादी मिली जिसमें पाँच में से एक से भी कम लोग पढ़-लिख सकते थे और औसत उम्र तीस साल के आस-पास थी। उस विरासत के आधार पर उन्होंने एक ऐसा संवैधानिक लोकतंत्र खड़ा किया जो टिका रहा, जबकि एक के बाद एक स्वतंत्र हुए कई अन्य देश सेना के जनरलों या तानाशाहों के कब्ज़े में चले गए।

'योजना आयोग' दिशा तय करता था, सार्वजनिक क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर मजबूत पकड़ थी और लाइसेंस प्रणाली यह तय करती थी कि कौन क्या उत्पादन कर सकता है। विश्वविद्यालय, प्रयोगशालाएँ, परमाणु और अंतरिक्ष कार्यक्रम- आज़ाद भारत की संस्थागत नींव उन्हीं वर्षों में रखी गई थी।मैं 1974 में विदेश सेवा में आया और जिस भारत का मैंने प्रतिनिधित्व किया, वह एक गंभीर देश था जिसने अपनी व्यवस्था की क्षमता के अनुसार पूरी गरिमा के साथ अभावों का सामना करने का रास्ता चुना था। उस व्यवस्था की कीमत तब तक साफ दिखने लगी थी जब तक मैं अपने करियर के मध्य पड़ाव पर पहुँचा। सरकार ने योजनाओं का आवंटन करना तो सीख लिया था, लेकिन वह वितरण करना नहीं सीख पायी थी। दिल्ली में घोषित किसी योजना और गाँव में मिलने वाले लाभ के बीच का जो फ़ासला था, वहीं सारा पैसा गायब हो जाता था। एक पूर्व प्रधानमंत्री का यह मानना कि हर एक रुपये में से सिर्फ पंद्रह पैसे ही गरीबों तक पहुँच पाते हैं, इस मॉडल पर अपने आप में एक बड़ा सवाल था। सरकार योजना तो बना सकती थी, लेकिन वह लोगों तक पहुँच नहीं पाती थी। 2014 में मोदी जी को जो विरासत मिली, उसका भी उतना ही ईमानदार मूल्यांकन होना चाहिए। उन्होंने एक ऐसी अर्थव्यवस्था की कमान संभाली थी जिसे बाज़ार ने 'फ़्रैजाइल फ़ाइव' (पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं) की श्रेणी में रखा था; जो अटकी हुई परियोजनाओं के बोझ तले दबी थी, दोहरे अंकों की मुद्रास्फीति और भ्रष्टाचार से घिरी थी जिसने शासन पर से जनता के भरोसे को ही खोखला कर दिया था। इसका समाधान उन्होंने एक बिल्कुल अलग तरह की व्यवस्था बनाकर किया।

'योजना आयोग' की जगह 'नीति आयोग' ने ले ली, जो राज्यों को निर्देश देने के बजाय उन्हें साथ लेकर चलता है। पहचान (पहचान पत्र), बैंक खाता और मोबाइल फोन को एक साथ जोड़ा गया और सरकार ने बिचौलियों के बजाय, जो चार दशकों से अपना कमीशन ले रहे थे, नागरिकों को सीधे भुगतान करना शुरू कर दिया।'प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण' एक निर्णायक माध्यम है जो बहुत साधारण लगता है लेकिन इसने शासन के इरादे की बजाय वास्तविक लाभ के मिलने पर ध्यान केंद्रित किया।

इसके बाद जो हुआ, वह एक 'मंच' के रूप में सरकार की नई परिकल्पना थी। भारत ने सार्वजनिक डिजिटल ढांचा और एक ऐसी पहचान व्यवस्था बनाई जो पूरे उपमहाद्वीप में काम करती है। एक ऐसा भुगतान नेटवर्क खड़ा किया गया जिसका आज पूरी दुनिया अध्ययन कर रही है। पचास करोड़ से अधिक जनधन खातों ने उन परिवारों के लिए औपचारिक बैंकिंग के दरवाजे खोल दिए, जहाँ यह सुविधा पहले कभी नहीं पहुँची थी।नीति आयोग के अनुमान के अनुसार, इसी दशक में लगभग पच्चीस करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर आए हैं और जिस अर्थव्यवस्था को बाजारों ने खारिज कर दिया था, वह अब किसी भी अन्य बड़ी अर्थव्यवस्था की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। जो सरकार कभी नागरिक और उसकी जरूरत के बीच में रुकावट बन जाती थी, वह अब किनारे हटकर उसका आगे बढ़ने का मार्ग बना रही है। 'भारत' शब्द के पीछे यही मूल भावना है।

मैं जिस पद पर हूँ, वहाँ से इस बदलाव के बारे में बात कर सकता हूँ। साल 2014 में, हमारे पेट्रोल में इथेनॉल संमिश्रण का स्तर 1.53 प्रतिशत था। इस वर्ष हम बीस प्रतिशत के स्तर पर पहुँच चुके हैं–एक ऐसा लक्ष्य जो कभी 2030 के लिए तय किया गया था और जिसे हमने आधा दशक पहले ही हासिल कर लिया है।

सरकारी स्कूलों में मंत्रोच्चारण धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन

शाहीन कुरैशी

छत्तीसगढ़ सरकार ने सभी सरकारी स्कूलों में मंत्रोच्चारण कराने का जो निर्णय लिया है वह हैरान करने वाला है। यह ठीक है कि स्कूलों को विद्या का मंदिर कहा जाता है लेकिन वहां किसी धर्म विशेष के मंत्रो का पाठ कराकर शिक्षा को धर्म से जोड़ना अन्य धर्म के विद्यार्थियों की भावनाओं को आहत कर सकता है। भारतीय संविधान धर्म निरपेक्ष है। जिसके तहत सभी को धार्मिक स्वतंत्रता और समानता का अधिकार दिया गया है। हमारा संविधान धर्म निरपेक्ष व्यवस्था की गारंटी देता है। जिसका पालन करना हम सबका धर्म है। सरकार को भी राजधर्म निभाना चाहिए। सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। ऐसी धार्मिक गतिविधियों को शिक्षण केन्द्रों पर थोपना कतई उचित नहीं है। स्कूलों को सिर्फशिक्षा का केंद्र बनाकर रखना चाहिए। पालक अपने बच्चों को स्कूलों में ज्ञान विज्ञान की शिक्षा ग्रहण करने भेजते हैं न कि तंत्र मंत्र सीखने। इसके लिए हर धर्म की अपनी अलग व्यवस्था है। सबके धर्मस्थल बने हुए हैं। सरकार को यह भी सोचना चाहिए कि स्कूलों में सिर्फहिन्दू बच्चे ही नहीं पढ़ते मुस्लिम, सिख, ईसा, बौद्ध और जैन सहित अन्य धर्मों के बच्चे भी पढ़ते हैं। ऐसे में एक धर्म विशेष का महिमामंडन करना अनुचित निर्णय ही कहा जाएगा। यदि शिक्षा में धार्मिक क्रिया कलाप जोड़ना ही है तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सिर्फहिन्दू धर्म ही क्यों? मुस्लिम, सिख ईसाई आदि अन्य धर्म क्यों नहीं? बहरहाल इस फैसले के पीछे सरकार की मंशा चाहे जो हो लेकिन इससे हिन्दू और अन्य धर्म के बच्चों के बीच परस्पर भेदभाव पैदा होगा। वैमनस्यता की भावना भी उत्पन्न हो सकती है। जो उनके भविष्य के लिए ठीक नहीं होगी। शिक्षा अपनी जगह है, राष्ट्र भक्ति अपनी जगह और धर्म अपनी जगह। शिक्षा में धर्म को जोड़ना ठीक नहीं है। सरकार को चाहिए कि वह अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार करे। नई शिक्षा नीति बनाए। मौजूदा शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाए। वैसे तो कहा जाता है छत्तीसगढ़िया सब ले बढ़िया क्या उस बढ़िया राज्य का स्कूलों में एक पाठ्यक्रम नहीं होना चाहिए? महाराष्ट्र में मराठी तमिलनाडु में तमिल, पश्चिम बंगाल में बंगाली तथा पंजाब में पंजाबी जैसे कई राज्यों में अपनी राज्य भाषा का अपना पाठ्यक्रम हो सकता है तो छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी क्यों नहीं ? बेहतर होगा सरकार स्कूलों में मंत्रोच्चारण कराना छोड़कर इस विषय में विचार विमर्श करे।

भारत से शिकागो और फिर हुगली तक : स्वामी विवेकानंद के योग संदेश की वैश्विक

प्रतापराव जाधव

समूचे इतिहास में, कुछ विचार सरहदों के पार जाकर समाजों को बदलते रहे हैं। योग भारत की प्राचीनतम परंपराओं में से एक है, जिसकी यात्रा प्राचीन शास्त्रों से शुरू होकर वैश्विक मान्यरता तक जा पहुँची है। योग शब्द – जो संस्कृत के मूल शब्द युज से लिया गया है, जिसका अर्थ है ÷जोड़ना÷या÷एकत्व स्थापित करना÷- अपने भीतर दार्शनिक चिंतन और व्यावहारिक अनुशासन की एक समग्र प्रणाली समाहित किए हुए है, जिसका उद्देश्य व्यक्ति (जीवात्मा) का सार्वभौमिक चेतना (परमात्मा) के साथ मिलन कराना है। योग के प्रारंभिक बीज ऋग्वेद (लगभग 1500ङ्क1200 ईसा पूर्व) में मिलते हैं, जहाँ तप और ध्यान जैसी अवधारणाओं का उल्लेख किया गया है। आगे चलकर इन विचारों का विकास उपनिषदों में हुआ, जिन्होंने योग के अनेक दार्शनिक सिद्धांतों को स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया। हालाँकि योग को उसका सर्वाधिक व्यवस्थित स्वरूप महर्षि पतंजलि द्वारा रचित योगसूत्र (लगभग 200 ईसा पूर्वङ्क400 ईस्वी) ने प्रदान किया- इसमें अष्टांग योग अथवा आठ अंगों वाले मार्ग का वर्णन किया गया है, जिसमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि शामिल हैं। पतंजलि के अलावा, भगवद गीता योग को जीवन जीने के गतिशील दर्शन के रूप में प्रस्तुत करती है। कुरुक्षेत्र के युद्धक्षेत्र की पृष्ठभूमि में भगवान कृष्ण और अर्जुन के बीच का संवाद मानव कर्तव्य, उद्देश्य और आध्यात्मिक उन्नति के विषय में गहनअंतर्दृष्टि प्रदान करता है। भगवद्गीता में वर्णित विभिन्न मार्गों में कर्म योग (निःस्वार्थ कर्म का मार्ग), ज्ञान योग (ज्ञान का मार्ग) और भक्ति योग (भक्ति का मार्ग) मुक्ति प्राप्ति के तीन प्रमुख पथ माने गए हैं। अतः भारत केवल योग की जन्मभूमि ही नहीं है–यह एक जीवंत सभ्यता है, जहाँ योग सहस्राब्दियों से स्वाभाविक रूप से विकसित हुआ है, और जो इसकी आध्यात्मिक, सांस्कृतिक तथा दार्शनिक संरचना का अभिन्न अंग रहा है। हालाँकि, औपनिवेशिक शासन के दौरान भारतीय समाज के शिक्षित वर्ग का एक बड़ा हिस्सा पश्चिमी बौद्धिक विचारधाराओं से प्रभावित होने और योग सहित भारत की अनेक पारंपरिक ज्ञान-परंपराओं को बदलती आधुनिक दुनिया में अपेक्षाकृत कम प्रासंगिक माना जाने लगा।

ऐसे महत्वपूर्ण समय में, स्वामी विवेकानंद एक सशक्त स्वार बनकर उभरे, जिन्होंने लोगों को योग के वास्तविक महत्व को फिर से जानने में मदद की। स्वामी विवेकानंद ने अपने उपदेशों और विश्व धर्म संसदमें दिए ऐतिहासिक भाषण के माध्यम से दुनिया का ध्या न भारत की आध्यात्मिक विरासत की ओर आकृष्टे किया और योग की शाश्वत ज्ञान-परंपरा के प्रति लोगों में नया विश्वास जगाया। उन्होंने विश्व के विभिन्न भागों के लोगों के साथ वेदांत और योग के सिद्धांत साझा किए तथा यह स्पष्ट किया कि योग केवल एक धार्मिक साधना नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत विकास, आंतरिक शांति और आत्म-विकास का मार्ग भी है। विदेशों में स्वामी विवेकानंद को मिले व्यापक सम्मान और प्रशंसा ने भारतीयों के मन में अपनी प्राचीन परंपराओं और संस्कृति के प्रति नया विश्वास और गौरव उत्पन्न किया। स्वामी विवेकानंद ने शिकागो - और उसके बाद अमेरिका भर में तथा यूरोप के विभिन्न देशों में अपने व्या ख्योनों के माध्यम से पश्चिमी जगत को राजयोग (मन के नियंत्रण का योग), ज्ञानयोग (विवेक और ज्ञान का मार्ग), कर्मयोग (निःस्वार्थ सेवा का मार्ग) तथा भक्तियोग (ईश्वर-प्रेम और समर्पण का मार्ग) से परिचित कराया। पतंजलि के योग सूत्रों पर आधारित उनकी पुस्तकराजयोग(1896), पश्चिमी समाज के लिए योग-दर्शन का परिचय कराने वाली प्रारंभिक और सर्वाधिक प्रभावशाली कृतियों में से एक बन गई। राजयोग पर दिए अपने व्याख्यानों में स्वामी विवेकानंद ने योग को मानव चेतना के आंतरिक आयामों की खोज करने वाली एक व्यवस्थित और अनुभव-आधारित साधना के रूप में प्रस्तुत किया। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि मानवता के लिए भारत का सबसे बड़ा योगदान उसकी आध्यात्मिक ज्ञान-परंपरा है, और योग उस परंपरा की सबसे गहन तथा स्थायी अभिव्यक्तियों में से एक है। उनके विचारों ने उस समय के जाने-माने बुद्धिजीवियों और विचारकों का ध्यान खींचा, जिससे भारतीय दर्शन के साथ पश्चिमी देशों का जुड़ाव और बढ़ा। जो बात शायद कम चर्चित है– किंतु उतनी ही महत्वपूर्ण है, – वह यह है कि पश्चिमी देशों में स्वामी विवेकानंद के कार्यों ने भारत के भीतर ही योग के पुनर्जागरण को प्रेरित किया। जब स्वामी विवेकानंद 1897 में भारत लौटे, तो वे खाली हाथ नहीं लौटे थे। वह अपने साथ एक नया आत्मविश्वास ङ्क भारत की आध्यात्मिक विरासत पर गर्व की एक नई भावना लाए थे ङ्क जो पश्चिम में उनके स्वागत से और बढ़ गई थी। 1897 में भारत लौटने के बाद, स्वामी विवेकानंद ने देशभर में व्याख्यान दिए और लोगों को भारत की आध्यात्मिक परंपराओं को पुनः खोजने के लिए प्रेरित किया। 1 मई 1897 को, स्वामी विवेकानंद ने हावड़ा के बेलूर मठ में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की – जो हुगली नदी के पश्चिमी किनारे पर है, उस जगह से थोड़ी ही दूरी पर जहाँ रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर में अपने आखिरी साल बिताए थे। बंगाल में हुगली नदी के तट पर स्थापित यह संस्थान एक आंदोलन का वैश्विक मुख्यातलय बन गया, जिसने वेदांत के आदर्शों, सेवा को पूजा मानना (शिव ज्ञाने जीव सेवा)तथा योग-दर्शन के व्यावहारिक अनुप्रयोग का व्यापक प्रचार-प्रसार किया। रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद जैसे आध्यात्मिक गुरुओं की धरती होने के बावजूद, बदलते समय के साथ बंगाल में योग की सार्वजनिक दृश्यता धीरे-धीरे कम होती गई। जीवनशैली में परिवर्तन, आधुनिक प्राथमिकताओं के उभरने और सामाजिक संरचना में बदलाव के कारण योग धीरे-धीरे सार्वजनिक जीवन के केंद्र से दूर होता गया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता) 1968 - मार्टिन लूथर किंग के नेतृत्व में आर्थिक न्याय के लिए 50,000 लोगों ने प्रदर्शन किया। 1981 - भारत ने अपने भू स्थैतिक उपग्रह एपल का सफल प्रक्षेपण किया। 1991 - सोवियत संघ ने हंगरी को अपने कब्जे से आजाद किया। 1996 - बौद्धिक संपदा क़ानून (आई.पी.आर.) पर चीन एवं सं.रा. अमेरिका में समझौते।1996 - प्रसिद्ध अंपायर डिकी बर्ड एम.सी.सी. की आजीवन सदस्यता से सम्मानित। 1999 - कोलोन (जर्मनी) में समूह-8 की शिखर बैठक प्रारम्भ। 2002 - पाकिस्तान के विदेश सचिव इनामुल हक को पाकिस्तान का नया विदेश मंत्री बनाया गया।2003 - फिनलैंड की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एनेली जाटिनमांकी ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया। 2005 - फ़ोर्ब्स पत्रिका ने ओफ़्रा विनफ़्रेको दुनिया की सौ ताकतवर हस्तियों में पहला स्थान दिया। 2006 - जापान ने उत्तरी कोरिया को परमाणु परीक्षण मामले पर चेतावनी दी। 2007 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने सूचना मंत्री के पद से मोहम्मद अली दुर्रानी को हटाया।2007 - विश्व में राजनीतिक रूप से अस्थिर देशों की सूची में पाकिस्तान को 12वाँ स्थान प्राप्त हुआ।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तुम सागर की अद्भुत गहराई हो, मैं खेत में जैसे सरसों लहराई हो,तुम मेघों के जमघट से हाथ लहराते हो,मुझसे धवल चांदनी से मिलने आते हो, तुम भोर के सूरजऔर प्रकाश हो,मेरे लिए तुम मेरा स्वतंत्र आकाश हो, तुम बसंत का सावन हो, मन को लगते मनभावन हो, तुम सुरमई अंखियों का सपना हो, मेरे लिए स्नेहिल कोई अपना हो, तुम अनुभूति के भूति हो, ईश्वर की मनोरम स्तुति हो...!

– अनुभूति 'अनु'

कोशिश करना कि तुम्हारे सुकून का ताल्लुक किसी व्यक्ति से न हो। क्योंकि लोग, मौसम और हालात– तीनों वक्त के साथ बदल जाते हैं। अपने लिए एक कोना हमेशा बचाकर रखना, जहाँ तुम्हारी खुशी किसी की मौजूदगी की मोहताज न हो।जो खुद में सुकून ढूंढ लेते हैं, उन्हें दुनिया के बदल जाने का डर कम सताता है। **– रेनु सिंघल**

मैं प्यास हूँ उस चातक-सी, जो स्वाति-बूँद की राह तके, मैं विरह-विह्वल वीणा का स्वर, जो मौन अधरों पर आ अटके।मैं धूप भी हूँ, मैं छाँव भी हूँ,मैं पतझर हूँ, मधुमास भी हूँ, अश्रु-बिंदु की खारी सरिता, हर्षित मन का उल्लास भी हूँ। मैं समय-चक्र का क्षणभंगुर पल,जो रुककर भी रुक पाता नहीं, मैं लहरों पर लिखी कहानी, जिसे कोई पढ़ पाता नहीं। **– निभा चौधरी**

सुरमुई सांझ नारंगी रंग से मोहब्बत की इबारत लिखने लगी आसमान के इंद्र दरबार में ख्वाइशों की अप्सराएं सजने लगीं सावन के भरे भरे तनहा बादल प्यास ही प्यास बरसाने लगे आस भरी रब की नेमत में प्रियतम आज फिर याद आने लगे ।

– ज्योत्सना सक्सेना

जिन्दगी में खुवाहिशों की हद तो देखिए। खर्चे ही खर्चे बढ़ गए आमद तो देखिए।। आंगन में छांव डालके चुपचाप खड़ा है। जलता रहा जो धूप में नीम तो देखिए।। कर्ज में ही मांगता फिरता रहा जो मौत। कितनी मिली जिन्दगी नगद तो देखिए।। आपका दिन शुभ एवं मंगलमय हो....

– कमलकांत डोंगरे

राज्यसभा सदस्य संजय राऊत के नार्को टेस्ट की मांग उद्धव ठाकरे को करनी चाहिए जब बात सुलट रहा होता है यह विकृत सोच का आदमी लाईव गाली गलौज करके मामले को इस स्टेज पर ला देता है जहां सुलह और संवाद की संभावना हमेशा के लिये खत्म हो जाये । उद्धव ठाकरे के पार्टी यह स्वयम सबसे बडा नक्कारा है आज तक कभी चुनाव नही जीता है पिछले दरवाजे से संसद पहुंचा है ।

– एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता

सैल्यूट है मेरे वीर सिपाही आपको वाकई इस देश में कुछ अधिकारी इतने अभिमानी होते कि अपने सब ऑर्डिनेट्स को घर के नौकर चाकर समझ व्यवहार करते है.... वे ये नहीं सोचते रिटायरमेंट के बाद महज वो फ्यूज बल्ब साबित हो जाते है,जिसकी गारंटी की तारीख भी धूमिल हो चुकी होती है "मैने अवलोकन किया है अक्सर बड़प्पन का जन्म,व्यक्ति के अच्छे संस्कार की कोख से पैदा होते"।

– शत्रुंजय तिवारी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिए अशुभ रहेगा। दिन के आरंभ से ही काम आपकी सोच से उल्टे होंगे मन मे नकारात्मक भाव आएंगे।

वृषः आज आपका व्यवहार एक समान नही रहेगा। पल पल में बदलती मनोदशा खुद के साथ अन्य लोगो को भी परेशानी में डालेगी। किसी भी कार्य मे एक बार मे निर्णय नही ले सकेंगे। धर्म कर्म अथवा टोन टोटके में रुचि लेंगे।

मिथुनः आज के दिन आपके आस पास का वातावरण अस्त-व्यस्त रहेगा कार्य व्यवसाय में भी निश्चितता नही रहेगी परन्तु फिर भी इनसे आपकी मानसिक शांति भंग नही होगी।

कर्कः आज के दिन आप स्वयं निश्चिन्त होकर कार्य करेंगे लेकिन अपने संपर्क में आने वालों को अवश्य परेशानी में डालेंगे। सहकर्मी भी आपसे नाराज रहेंगे।

सिंहः आज का दिन हानिकारक रहेगा। प्रत्येक कार्य मे सावधानी अपेक्षित है। व्यवसाय के साथ घरेलू कार्यो में जल्दबाजी ना करें आर्थिक हानि के प्रबल योग बन रहे है।

कन्याः आज का दिन आपके लिये सम्मानजनक रहेगा। शारीरिक रूप से कुछ कमी रहेगी लेकिन मानसिक रूप से भले बुरे का ध्यान रख कर ही प्रत्येक कार्य को करेंगे। काम-धंधा ज्यादा उम्मीद नही रहेगी।

तुलाः आज का दिन भी आपके लिए शुभ रहेगा। दिन के आरंभ में दैनिक अथवा घरेलू कार्यो को लेकर व्यस्त रहेंगे इसके बाद व्यावसायिक कारणों से परिश्रम करना पड़ेगा।

वृश्चिकः आज के दिन प्रातः काल से ही किसी विशेष कार्य को लेकर दौड़-धूप करनी पड़ेगी लेकिन आज की गई मेहनत व्यर्थ नही जाएगी देर अबेर ही सही परिणाम लाभदायक रहेंगे।

धनुः आज का दिन बीते कल की अपेक्षा थोड़ा राहत वाला रहेगा। लेकिन आज आपका स्वभाव कुछ गर्म रहेगा। सहकर्मी अथवा परिजनों के काम से असंतुष्ट रहेंगे ।

मकरः आज घर एवं बाहर का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। ज्यादा मेहनत नही करनी पड़ेगी आज आप जिस किसी का भी पक्ष लेंगे अथवा जो भी निर्णय लेंगे उसमे अवश्य ही जय होगी। काम-धंधा भी अन्य लोगो से बेहतर रहेगा।

कुंभः आज दिन के आरम्भ से मध्यान तक शारीरिक शिथिलता के कारण किसी भी कार्य मे उत्साह नही रहेगा कार्य क्षेत्र पर भी अन्य लोगो के भरोसे रहना पड़ेगा। दोपहर बाद सेहत में सुधार आने लगेगा।

मीनः आज आपका व्यक्तित्त्व निखरा रहेगा। अपनी वाणी एवं व्यवहार से प्रभावित कर किसी से भी आसानी से काम निकाल लेंगे। कार्य क्षेत्र पर किसी से किये वादे पूर्ण करने में असमर्थ रहेंगे थोड़ी गरमा गरमी भी होगी फिर भी स्वयं ही शांति से इसका समाधान निकाल लेंगे।

QUIZ TIME

1) हाल ही में, अल्पाइन ग्लेशियरों के पिघलने के कारण किन दो देशों ने अपनी राष्ट्रीय सीमाओं को पुनः निर्धारित किया है?

2) असोलाभट्टी वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी किस पर्वत श्रृंखला पर स्थित है?

3) विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2024 का विषय क्या है?

4) गैलीलियो गैलीली ने जनवरी 1610 में बृहस्पति के कितने गैलीलियन चंद्रमा खोजे थे?

5) कैसावा का दुनिया में सबसे बड़ा उत्पादक देश कौन सा है, जिसे हाल ही में खबरों में प्रमुखता मिली?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) इटली और स्विट्जरलैंड (2) अरावली पर्वतमाला (3) कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य (4) 4 (5) नाइजीरिया

पहेली

शब्द सामर्थ्य -073

बाएं से दाएं
[illegible]

ऊपर से नीचे
[illegible]



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 072 का हल

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने पचरी और नरतोरा में लगाई जन चौपाल, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

■ नवविवाहित जोड़ों को दिए उपहार, नवजात शिशुओं को वितरित की शिशु किट

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बुधवार को ग्राम पचरी एवं नरतोरा का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जन चौपाल लगाकर आमजनों की समस्याएं और मांगें सुनीं तथा उनके शीघ्र एवं उचित निराकरण का आश्वासन दिया।

विधायक श्री सिन्हा इन दिनों महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर लोगों से सौजन्य मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में वे सबसे पहले ग्राम पचरी पहुंचे, जहां उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। इसके बाद आयोजित जन चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं मांगें विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा निराकरण का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने गांव के नवविवाहित जोड़ों को उपहार भेंट कर उनके सुखद दांपत्य जीवन और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही नवजात शिशुओं के परिवारों को शिशु किट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इसके पश्चात विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम नरतोरा पहुंचे, जहां उन्होंने जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल करने का

आश्वासन दिया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा भी की। इस दौरान ग्राम के जनप्रतिनिधियों से योजनाओं के संचालन और लाभार्थियों तक उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नरतोरा में भी विधायक ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार प्रदान किए तथा नवजात शिशुओं को शिशु किट वितरित कर उनके बेहतर भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में भाजपा नेता शम्मी सलूजा, पप्पू पटेल, निर्भय नायक, कमल कौशिक, छविंद्र पटेल, राकेश साहू, हनी गंभीर, राजा अग्रवाल, जनपद सदस्य सुषमा राकेश टंडन, पचरी सरपंच सरिता डड़सेना, उप सरपंच गैंदराम जोशी, नरतोरा सरपंच जीतराम पटेल, उप सरपंच राजेंद्र कुमार दीवान सहित रुद्र कुमार डड़सेना, जनकराम डड़सेना, राजेश लहरे, देवकुमार टंडन, सतीश मारकंडे, मयाराम टंडन, ओमप्रकाश यादव, योगेंद्र पटेल, नीलकंठ पटेल, मदनलाल पटेल, मीनाबाई दीवान, लीलाबाई पटेल, इंदु पटेल, इन्द्राणी यादव, कलिंद्री, गंगाबाई ठाकुर, सोनकुंवर पटेल, ईश्वर पटेल, सालिकराम पटेल, राकेश टंडन, विशाल मन्नाडे, राकेश कुमार दीवान, भूषणलाल पटेल, राजकुमार टंडन, हिरऊ ढीढ़ी, राजकुमार यादव, नंदलाल, लेखराम पटेल, भोजनाथ यादव, दीनदयाल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

पत्थर मारकर युवक को किया घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। युवक के साथ मारपीट और पत्थर फेंककर घायल करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार वार्ड क्रमांक-1 निवासी सुशीला गोड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 15 जून की रात करीब 11 बजे उनका पुत्र अमरजीत घर की छत पर खड़ा था। उसी दौरान भरत साहू और उसके अन्य साथी उनके घर के सामने से गुजर रहे थे। आरोप है कि अमरजीत को छत पर देखकर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और कहा कि उसकी मां उनके खिलाफ शराब बेचने की शिकायत कर रही है। अमरजीत द्वारा जानकारी नहीं होने की बात कहने पर आरोपियों ने पत्थर फेंककर हमला कर दिया। पत्थर लगने से अमरजीत की बाईं आंख के पास चोट आई। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296 एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जिला अस्पताल में मारपीट, दोनों पक्ष ने दर्ज कराई शिकायत

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला अस्पताल के डिलीवरी वार्ड में हुई मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष की ओर से भी सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। खरोरा निवासी शीतल धीवर ने अस्पताल परिसर में मारपीट किए जाने की शिकायत पुलिस से की है।

शीतल धीवर ने बताया कि वह जिला अस्पताल की कैंटीन में खाना बनाने और मरीजों को भोजन वितरित करने का कार्य करती है। 15 जून की शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच वह अपने सहकर्मी के साथ डिलीवरी वार्ड से जूठे बर्तन लेने गई थी। लौटते समय ओटी कक्ष के सामने दुलेश्वर सेन महिला सुरक्षा गार्ड कांति बाई के साथ गाली-गलौज कर रहा था। शीतल और उसके सहकर्मी ने दुलेश्वर सेन को समझाइश देते हुए वहां से जाने को कहा। आरोप है कि इससे नाराज होकर दुलेश्वर सेन ने दोनों को गालियां दीं और शीतल को थप्पड़ मार दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2) एवं 296 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छह लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोमाखान पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से छह लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब जब्त की है।पुलिस के अनुसार सरगीडीह पारा खैरट कला निवासी केजूराम गोड़ (42) के पास से छह लीटर महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1,200 रुपये बताई गई है। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

लोस अध्यक्ष ओम बिडला से सांसद लक्ष्मी वर्मा ने की सौजन्य मुलाकात

भाटापारा/नवप्रदेश। रायपुर प्रवास पर आए लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिडला का राज्य सभा की सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने स्वागत करते हुए उनसेआत्मीय सौजन्य भेंट मुलाकात की। इस दौरान लक्ष्मी वर्मा ने विभिन्न समसामयिक विषयों,

संसदीय परंपराओं, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा जनसेवा से जुड़े विषयों पर उनसे सार्थक की। उन्होंने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ज का विशाल संसदीय अनुभव, सरल व्यक्तित्व एवं राष्ट्रहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव प्रेरणा प्रदान करती है।एक जनप्रतिनिधि एवं राज्यसभा सदस्य के रूप में उनके मार्गदर्शन एवं शुभाशीष प्राप्त करना मेरे लिए अत्यंत गौरव एवं प्रेरणा का विषय है। उनकी आत्मीयता एवं स्नेह के लिए हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल जी भी उपस्थित थे।

विज्ञान एवं कला संकाय का तृतीय वर्ष का परीक्षाफल शत् प्रतिशत रहा

भाटापारा/नवप्रदेश।कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, से संबंधित विज्ञान संकाय व कला संकाय के तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। महाविद्यालय में अध्ययनरत बी ए तृतीय वर्ष के छात्रा साक्षी वर्मा ने (प्रथम) , टीकेश्वरी(द्वितीय) एवं दुलारी (तृतीय) स्थान प्राप्त किया । वही विज्ञान संकाय से खुशबू वर्मा ने (प्रथम) , करन साहू (द्वितीय) एवं अक्षत शर्मा ने (तृतीय)स्थान प्राप्त किया । छात्रों के उत्कृष्ट परिणाम पर महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला, प्राचार्य डॉ. वंदना चौहान ने सफल छात्र-छात्राओं के साथ साथ समस्त सहायक प्राध्यापकों को बधाई दी है एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया कचना धुरवा गोंडवाना भवन का लोकार्पण

जनजातीय गौरव को सहेजते हुए विकास के नए आयाम गढ़ रही है सरकार : मुख्यमंत्री

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गरियाबंद जिले के ग्राम दर्रापारा में अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा केंद्रीय समिति बिन्द्रानवागढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 1 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से निर्मित कचना धुरवा गोंडवाना भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आदिवासी परंपरा के अनुरूप मुख्यमंत्री का पगड़ी पहनाकर एवं पीला चावल से तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम स्थल स्थित आदिवासी देवस्थल देवठाना में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पीपल का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाज के प्रतिनिधियों ने भी वृक्षारोपण किया।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि कचना धुरवा की यह पवित्र भूमि आदिवासी समाज की आस्था, संस्कृति और गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। उन्होंने गोंडवाना भवन के निर्माण के लिए समाज को बधाई देते हुए कहा कि यह भवन सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामुदायिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से बनी सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के अनुरूप निरंतर कार्य कर रही है। बीते ढाई वर्षों में गरीब, किसान, महिला, युवा और जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रदेश में 18 लाख गरीब परिवारों को आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 10 लाख 60 हजार से अधिक आवास पूर्ण हो चुके हैं। प्रतिदिन लगभग 1600 आवासों का निर्माण किया जा रहा है। किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान का मूल्य मिल रहा है, तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से भुगतान किया जा रहा है तथा महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 70 लाख महिलाओं के खातों में प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि अंतरित की जा रही है।

सीएम ने कहा कि एक समय गरियाबंद और बस्तर क्षेत्र नक्सलवाद की चुनौती से प्रभावित थे, लेकिन आज यहां शांति, सुरक्षा और विकास का वातावरण निर्मित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और सुरक्षा बलों के प्रयासों से विकास की नई तस्वीर उभर रही है। नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से दूरस्थ गांवों तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं।

ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी, गांव का ही युवक निकला आरोपी

■ करीब दो लाख रुपये कीमत का ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी के एक मामले का 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई संपत्ति बरामद कर ली है।

पुलिस के अनुसार ग्राम भलेसर निवासी उमेश सिन्हा (39 वर्ष) ने 16 जून 2026 को सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके पिता तुकाराम सिन्हा का आईचर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीएम 0256 एवं नीले रंग की दो पहिया ट्रॉली 13 जून की रात गांव स्थित बाड़ी (ब्यारा) में खड़ी थी। 14 जून की सुबह करीब 4 बजे जब वे वहां पहुंचे तो ट्रैक्टर-ट्रॉली गायब मिली। आसपास तलाश करने के बावजूद कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। रिपोर्ट के आधार पर थाने में धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू करते हुए संदिग्धों की तलाश की। जांच के दौरान गांव के ही राहुल देव कुर्रे (25 वर्ष), निवासी सतनामी पारा, ग्राम भलेसर, को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में वह पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करता रहा, लेकिन पुलिस पूछताछ के दौरान उसने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया।

आरोपी ने बताया कि उसने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी कर ग्राम बासिन में छिपाकर रखी थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर ली। बरामद संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी राहुल देव कुर्रे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

शिक्षा विभाग में प्रभार वितरण पर उठे सवाल शिक्षक संघ ने जताई कड़ी आपत्ति

■ वरिष्ठ प्राचार्यों की अनदेखी कर कनिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने का आरोप, नियमों के पालन की मांग

महासमुंद/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग में रिक्त पदों की पूर्ति के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की उपेक्षा कर कनिष्ठ अधिकारियों को महत्वपूर्ण प्रभार सौंपे जाने के मामले में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। संघ ने इसे वरिष्ठता नियमों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की खुली अनदेखी बताते हुए शासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रमुख प्रांतीय संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर ने कहा कि विभाग में कई वरिष्ठ एवं अनुभवी प्राचार्यों की उपलब्धता के बावजूद कनिष्ठ अधिकारियों को उच्च पदों का प्रभार दिया जाना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच असंतोष का माहौल बन गया है तथा नियुक्तियों की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

संघ का आरोप है कि रिक्त पदों पर प्रभार सौंपने की प्रक्रिया में वरिष्ठता और स्थापित नियमों को दरकिनार कर कुछ चुनिंदा अधिकारियों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इससे लंबे समय से सेवा दे रहे वरिष्ठ प्राचार्यों में नाराजगी व्याप्त है। विभागीय स्तर पर भी इस मुद्दे को लेकर चर्चाएं तेज हैं और यह सवाल उठाया जा रहा है कि वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद कनिष्ठ अधिकारियों को प्राथमिकता क्यों दी गई।

ओंकार सिंह ठाकुर ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 14 सितंबर 2014 को जारी परिपत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि विभागों में रिक्त वरिष्ठ पदों का प्रभार संबंधित संवर्ग के वरिष्ठ अधिकारियों को ही सौंपा जाए। उन्होंने कहा कि बिना किसी ठोस एवं युक्तिसंगत प्रशासनिक कारण के वरिष्ठ अधिकारियों को दरकिनार कर कनिष्ठ अधिकारियों को प्रभार देना नियमों की भावना के विपरीत है।

376 लीटर अवैध शराब और दो वाहन जब्त

■ तीन गैर-जमानती प्रकरण दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार; दो आरोपी फरार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध मदिरा के परिवहन और भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 16 और 17 जून को विशेष अभियान चलाकर आबकारी टीम ने 376 लीटर अवैध शराब तथा दो वाहनों को जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान तीन गैर-जमानती प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए।

जिला आबकारी अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में संचालित अभियान के तहत महासमुंद शहर क्षेत्र में गश्त के दौरान एक सुजुकी रिट्ज चारपहिया वाहन से 120 लीटर विदेशी मदिरा (माल्ट) बरामद की गई। इसके साथ ही वाहन को भी जब्त कर लिया गया।

वहीं बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम खुडमुड़ी घाट में आबकारी टीम ने कार्रवाई करते हुए ओडिशा निर्मित 280 पाउच अवैध मदिरा (56 लीटर) तथा एक दोपहिया वाहन जब्त किया। इसके अलावा ग्राम खेमड़ा घाट से ओडिशा राज्य निर्मित 1000 पाउच अवैध मदिरा (200 लीटर) बरामद की गई।

आबकारी विभाग के अनुसार कार्रवाई के दौरान कुल 376 लीटर अवैध शराब और दो वाहन जब्त किए गए हैं। जब्त सामग्री और वाहनों का अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 39 हजार 600 रुपये आंका गया है।

सोते युवक पर धारदार हथियार से हमला हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

सिर पर वार कर आरोपी फरार, पांच दिन अस्पताल में चला इलाज

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली थाना क्षेत्र में एक युवक पर सोते समय धारदार हथियार से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परसुराम अजगल्ले (27) ने पुलिस को बताया कि 10 जून की रात भोजन करने के बाद वह अपने परिवार के साथ घर के आंगन में खाट पर सोया हुआ था। उसके पास मां रामिन बाई, पिता रेशम लाल और पत्नी चेतन अजगल्ले भी सो रहे थे। रात करीब 10 बजे अचानक उसके सिर पर किसी ने धारदार वस्तु से हमला कर दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। परिजनों और पड़ोसियों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया। बाद में उसे बसना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 11 से 15 जून तक उसका उपचार चला।

ओडिशा से मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा 17.5 किलो गांजा जब्त

दो तस्कर गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले की कोमाखान पुलिस ने ओडिशा से मध्यप्रदेश गांजा तस्करी कर ले जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 17.500 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत 8 लाख 75 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार और दो मोबाइल फोन सहित कुल 9 लाख 38 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है।

पुलिस के अनुसार, जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, परिवहन और बिक्री पर कार्रवाई के लिए एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स के निर्देश पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोमाखान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही एक टाटा इंडिका कार (क्रमांक एमपी-04-सीबी-0848) में गांजा परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम टेमरी जांच नाका के पास वाहन को रोककर जांच की। कार में सवार दो लोगों से पूछताछ करने पर उनकी पहचान दिनेश गिरी गोस्वामी (35 वर्ष), निवासी जाखनोद, थाना पोहरी, जिला शिवपुरी (मध्यप्रदेश) तथा ललिता जाटव (26 वर्ष), निवासी धुवानी, जिला शिवपुरी (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई।

तलाशी के दौरान वाहन से 17.500 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे गांजा ओडिशा के भवानीपटना से खरीदकर मध्यप्रदेश के शिवपुरी में बिक्री के लिए ले जा रहे थे।

लो-वोल्टेज और बढ़े बिजली बिलों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

■ मुख्यमंत्री का पुतला दहन और चक्का जाम

डोंगरगांव/नवप्रदेश। क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज की समस्या तथा बढ़े हुए बिजली बिलों के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष टिकेश साहू के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने विद्युत विभाग एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री का

पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

किसान, छात्र और व्यापारी हो रहे प्रभावित

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा कि डोंगरगांव एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बार-बार होने वाली अघोषित बिजली कटौती से आमजन, किसान, छात्र एवं व्यापारी वर्ग परेशान हैं। किसानों को सिंचाई कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं लो-वोल्टेज के कारण घरेलू एवं कृषि उपकरण भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

सरकार के दावों और जमीनी हकीकत में अंतर : कांग्रेस

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार बिजली व्यवस्था सुधारने के दावे कर रही है,एक ओर उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है, वहीं दूसरी ओर बिजली के बिल लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। इससे आम लोगों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है और जनता में भारी नाराजगी व्याप्त है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान करने तथा बढ़े हुए बिजली बिलों को वापस लेने की मांग की।

तुलसी पत्ता गिरने पर विवाद, मां-बेटी से मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम लखनपुर में पारिवारिक विवाद के दौरान मां-बेटी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। सिंघोड़ा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को ग्राम लखनपुर निवासी शकुंतला बुड़ेक ने बताया कि उनके परिवार के तीनों भाई एक ही आंगन में अलग-अलग परिवार के साथ निवास करते हैं। भूमिदहन रजस्थला पर्व के बाद 17 जून की सुबह करीब 8.30 बजे वह तुलसी के पत्ते से शुद्धिकरण कर रही थीं। इसी दौरान उनके हाथ से तुलसी का पत्ता छूटकर जमीन पर गिर गया।

शिष्टाचार भेंट मुलाकात के लिये मुख्यमंत्री पहुंचे बीच बाजार : वरिष्ठ नागरिकों से की चर्चा

गरियाबंद/नवप्रदेश। लोकार्पण एवं शिलान्यास आयोजन में गरियाबंद पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम समाप्ति के बाद नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों से सौजन्य मुलाकात के लिये पहुंचे।

नगर की मुख्य सड़क पर स्थिति लक्ष्मी ज्वेलर्स और चंडीचौक के एक किराना व्यवसायी श्यामा गुप्ता से शिष्टाचार मुलाकात के लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, सांसद रूपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू सहित पहुंच। यहां

उनका आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने श्यामा गुप्ता व अन्य व्यवसायियों से उनका हाल चाल पूछा और सामान्य बातचीत की, उन्होंने चंडीचौक स्थित स्थानीय देवधाम को नमन किया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आम नागरिकों से शिष्टाचार भेंट मुलाकात कर भाजपा सरकार के प्रति विश्वास अर्जित किया जा रहा है। इसी सिलसिले में प्रतिष्ठित नागरिकों से सीधे भेंट मुलाकात की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

भटगाँव में 21 तक योग सत्र

भटगावं/नवप्रदेश। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, माना बस्ती, धरसींवा आयुष विभाग एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. स्वाति रावत के सौजन्य एवं मार्गदर्शन में ग्राम-भटगांव में 17 जून से 21 जून तक पाँच दिवसीय योग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. दीप्ति श्रीवास ने बताया कि योग सत्र में सभी प्रकार के रोग जैसे उदररोग, श्वासरोग, पक्षाघात, संधिशल, शिरोरोग से जुड़े योग सिखाये जायेंगे । अतः अधिक से अधिक संख्या में सभी ग्रामीण सम्मिलित होवें । विभिन्न रोगों से संबंधित काढ़ा वितरण भी किया जायेगा।

ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के वेयरहाउस का होगा आंतरिक निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय बेमेतरा द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वेयरहाउस का नियमित आंतरिक निरीक्षण किया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण 19 जून को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जाएगा तथा मशीनों की स्थिति एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का परीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत वेयरहाउस को पुनः नियमानुसार सीलबंद किया जाएगा। इस संबंध में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों को पत्र जारी कर निरीक्षण के समय उपस्थित रहने अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को भेजने का आग्रह किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा, रख-रखाव एवं नियमित निरीक्षण की प्रक्रिया सतत रूप से संचालित की जाती है, जिससे निर्वाचन प्रणाली में पारदर्शिता एवं जनविश्वास बना रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित राजनीतिक दलों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर निरीक्षण प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए किया प्रेरित

कोलिहा (लवन।)/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला कसियारा में 17 जून को प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन। जहां विद्यार्थी का स्वागत किया गया। शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवीन विद्यार्थियों का विद्यालय में स्वागत करना तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पालकों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर पुष्पमाला पहनाकर एवं पाठ्य सामाग्री वितरित कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बलौदा बाजार अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना यादव रही। विशिष्ट अतिथि भाजयुमो जिला महामंत्री प्रशांत यादव, सरपंच श्रीमान गोपाल पटेल प्रधान पाठक भागवत प्रसाद चंद्राकर सभी शिक्षकगण रोजगार सहायक अश्वनी पटेल आंगनबाड़ी सहायिका पुनीता पटेल जागेश्वरी पटेल पंच शंकर पटेल प्रेमलाल पटेल राजू पटेल ग्राम प्रमुख लहा राम पटेल सेवक पटेल आनंद राम पटेल हरि राम पटेल समेलाल पटेल सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने तथा पालकों को बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के प्रधान पाठक ने सभी अतिथियों एवं पालकों का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा के महत्व को विस्तार से बताया।

युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सशक्त समाज निर्माण का दिया गया संदेश

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, ढोलिया (बेमेतरा) में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत नशा मुक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। उपस्थित विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक बनता है। युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर सकारात्मक सोच, अनुशासित जीवन एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं प्राध्यापकों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्त रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। शपथ के माध्यम से उपस्थित जनों ने नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में नशा मुक्ति के प्रति जनजागरण फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान नशे के कारण होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि युवा वर्ग देश की सबसे बड़ी शक्ति है और यदि युवा नशामुक्त रहेंगे तो समाज और राष्ट्र दोनों सशक्त बनेंगे। विद्यार्थियों को खेल, शिक्षा, योग, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

महाविद्यालय प्रशासन ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के साथ-साथ स्वस्थ एवं सकारात्मक वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बलौदाबाजार हिंसा, आगजनी: सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

सर्वोच्च अदालत ने छत्तीसगढ़ सरकार को जारी किया नोटिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बलौदाबाजार में हुए बहुचर्चित हिंसा और आगजनी मामले में आरोपी अमित बघेल, अजय यादव और दिनेश कुमार वर्मा को छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने तीनों की जमानत याचिका को खारिज कर दी थी। अजय यादव ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जमानत की गुहार लगाई है। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

हाई कोर्ट ने क्यों खारिज की थी जमानत याचिका?

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास के सिंगल बेंच ने 19 मई 2026 को आवेदकों की जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया था । सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा, आवेदक अमित बघेल और अजय यादव छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारी हैं, उन पर सात से आठ हजार लोगों की भीड़ को भड़काने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और पुलिस बल पर जानलेवा हमले का गंभीर आरोप है। हिंसा के कारण बलौदाबाजार-भाटापारा जिला और मुख्यालय में शांति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई और लगभग 13-15 करोड़ रुपये की सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ। अमित बघेल के खिलाफ 17, अजय यादव के खिलाफ 13 और दिनेश कुमार वर्मा के खिलाफ एक आपराधिक मामला लंबित है। गंभीर तथ्यों, अपराध की गंभीरता और रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री को देखते हुए हाई कोर्ट ने आवेदकों को जमानत देने से इंकार कर दिया था ।

हाई कोर्ट के फैसले को एसएलपी के जरिए सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

बिलासपुर हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका एसएलपी दायर कर जमानत की मांग की है। याचिका की सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। एसएलपी की अगली सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 17 जुलाई 2026 की तिथि निर्धारित कर दी है ।

क्या है पूरा मामला?

वर्ष 2024 में बलौदाबाजार के गिरौदपुरी धाम में जैतखाम को नुकसान पहुंचाने के विरोध में 10 जून 2024 को उग्र प्रदर्शन हुआ था । इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टोरेट और एसपी कार्यालय परिसर में जमकर तोड़फोड़, आगजनी और सरकारी व निजी वाहनों को फूंक दिया था । पुलिस ने इस मामले में अलग-अलग धाराओं और गंभीर अपराधों के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

ढाबा एवं घर अंदर घुस कर अश्लील गाली, जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थी कार्तिक राजपूत उर्फ भावेश उम्र 28 वर्ष, निवासी भावेश ढाबा बहेरा थाना व जिला बेमेतरा ने दिनांक 31.05.2026 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपीगणों प्रमोद बंजारे ग्राम लोलेसरा एवं अन्य लोगो ने वाहन सीजी 04-क्यूवाई-3085 एवं मोटर क्रमांक सीजी 25-एफ 2276, स्कूटी क्रमांक सीजी 25-क्यू-9538 में सभी लोग ढाबा में आकर सभी एक राय होकर जबरदस्ती ढाबा एवं घर अंदर प्रवेश कर प्रार्थी को अश्लील गालियां देकर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का डंडा, राड से निरज सिंह राजपूत, कार्तिक सिंह राजपूत एवं अन्य लोगो से मारपीट कर चोट पहुंचाया एवं ढाबा में रखें फ्रीज कोल्ड्रिंग शीशी, प्लास्टिक कुर्सी, सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर को डंडा, राड से मारकर तोडफोड कर नुकसान पहुंचाये है सभी आरोपीगण मारपीट कर मौके पर ही उक्त वाहनों को छोडकर भाग गये है। कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा333,296,351(3),115(2),324(4),190,191(2) ब्हस् पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान*

उक्त अपराध सदर धारा घटित करना पाये जाने से पूर्व में विगत दिनों आरोपी प्रमोद कुमार बंजारे, राजकुमार बघेल, योगेश बंजारे, रूपेन्द्र जांगडे को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया था।

प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी 01. रंजित बंजारे पिता देवव्रत बंजारे उम्र 33 वर्ष, निवासी लोलेसरा, 02. टीकेन्द्र बंजारे पिता देवव्रत बंजारे उम्र 28 वर्ष, निवासी लोलेसरा, थाना व जिला बेमेतरा को आज दिनांक 18.06.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक सोनल ग्वाला, सहायक उप निरीक्षक रेशम लाल भास्कर, प्रशिक्षु उप निरीक्षक सुरज प्रकाश, प्रधान आरक्षक अवधेश सिंह, आरक्षक कुसुम कोशले, मालिक राम सिन्हा सहित थाना बेमेतरा के समस्त पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 चालकों पर कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा पुलिस टीम द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, भारी वाहन, तेज गति से वाहन चलाना, दोपहिया पर मॉडिफाई साइलेंसर तथा शराब सेवन कर वाहन चलाने जैसे गंभीर उल्लंघनों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 17 जून को यातायात बेमेतरा 12 चालान में 12 वाहन चालको, कुल 12 वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले जैसे तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, माल वाहक में सवारी बैठाना, तेज गति, घातक तरीके से वाहन खडी करना, मौके पर कागजात पेश न करना, बिना लायसेंस वाहन चालको के विरूद्ध 12 प्रकरण में 3,800/- रूपये समन शुल्क लिया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान थाना/चौकी प्रभारी एवं यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, सउनि जहिर खान, मोहन साहू, सहित यातायात पुलिस टीम शामिल रहे।

21 जून को होगा विशाल योग शिविर का आयोजन: डॉ धीरेंद्र वर्मा

कोलिहा (लवन) /नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून रविवार को प्रातः 7:00 बजे से क्षेत्र में सभी शासकीय संस्थान निजी संस्थाओं एवं अन्य संगठनों द्वारा विशाल योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य भाग लेंगे।

दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वर्मा ने बताया कि योग शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा योग के प्रति जागरूक करना है। शिविर में योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया जाएगा। साथ ही योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी भी दी जाएगी।

आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग शिविर का लाभ लेने एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की है। यह आयोजन स्वास्थ्य, फिटनेस और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जाता है।

कुरा नपं में कथित फर्जी पट्टा मामला, 19 जून को कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

धरसीवां / कूरा/नवप्रदेश। धरसीवा की कुरा नगर पंचायत में कथित भ्रष्टाचार और फर्जी पट्टा वितरण के आरोपों को लेकर कांग्रेस 19 जून को बड़ा धरना-प्रदर्शन करने जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने भाजपा जनप्रतिनिधियों पर शासकीय पट्टों में अनियमितता और पात्र हितग्राहियों के अधिकार छीनने का आरोप लगाया है।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष वर्मा ने बताया कि भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में नगर पंचायत कुरा क्षेत्र के ग्रामीणों को शासकीय पट्टे वितरित किए गए थे। उस समय नगर पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस के ढालेंद्र वर्मा थे। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार आने के बाद कुछ जनप्रतिनिधियों ने पुराने पट्टों में नाम परिवर्तन कर अपने चहेते लोगों को फर्जी तरीके से पट्टे वितरित कर दिए।

कांग्रेस का कहना है कि इस कथित हेराफेरी के कारण कई पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हो गए। पार्टी ने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई तथा फर्जी पट्टों को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

कड़ार में विकास की सौगात, सामुदायिक भवनों का शिवरतनने किया लोकार्पण

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत कड़ार में बुधवार को विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने सरस्वती पारा सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार एवं निषाद सामुदायिक भवन के आहाता निर्माण तथा चबुतरा रंगमंच निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा,यह केवल ईंट-पत्थर का निर्माण नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का केंद्र है। अब सरस्वती पारा और निषाद समाज के परिवारों को मांगलिक कार्यक्रम, सामाजिक बैठकें एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त स्थान उपलब्ध होगा। चबुतरा रंगमंच हमारी लोक संस्कृति को नई पहचान देगा। गांव का विकास, हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु,, जनपद पंचायत सभापति ठाकुरराम साहू एवं मंडल महामंत्री खुमान वर्मा, बुधेश्वर वर्मा, सुरेश वर्मा मंचासीन रहे।

अवैध खनिज उत्खनन पर सख्ती, रेत घाटों व संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस-खनिज विभाग की संयुक्त निगरानी

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए बेमेतरा पुलिस और खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में जिले के विभिन्न रेत घाटों, खनिज क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी और सघन जांच की जा रही है। पुलिस एवं खनिज विभाग की टीम द्वारा अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

अभियान के तहत ग्राम बहेरघट, परपोड़ी, जौंग एवं मऊ के नदी रेत घाटों सहित जिले के विभिन्न खनिज क्षेत्रों में अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त फिक्स प्वाइंट ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा नियमित पेट्रोलिंग और सघन जांच अभियान चलाकर अवैध उत्खनन, भंडारण तथा परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा रहा है।

जिले के चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलते ही तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अवैध खनिज कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका एकता पिता/पति सुरेन्दर कुमार निवासी कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा सुरेन्दर कुमार आ. करमचंद शर्मा की जन्म/मृत्यु दिनांक 24.01.2026 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 01.07.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.06.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी.20262711111074

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी आकांक्षा साहू पिता/पति लोकेन्द्र साहू पता सुंदर नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 728/45(0.0039) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गुरुमती साहू पिता/पति लोकेन्द्र साहू पता साहू सदन के पास केलाबाड़ी दुर्ग, ज्ञानेश कुमार साहू पिता/पति लोकेन्द्र साहू पता साहू सदन के पास केलाबाड़ी दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.06.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.06.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं रिकू बिशी (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र दुतिया, निवासी - वार्ड नं. 34, जी. केबिन चरोदा, सूरज नगर, भिलाई-चरोदा, बी.एम.वाई., जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम कौशिक (पुराना नाम) से बदलकर कौशिक (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
रिकू बिशी सुपुत्र दुतिया
निवासी वार्ड नं. 34, जी. केबिन चरोदा, सूरज नगर, भिलाई-चरोदा, बी.एम.वाई., जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै अन्नपूर्णा पति श्री मनीष कुमार निवासी-प्लाट नंबर 08, अवधपुरी रिसाली भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) 490006 (माता/ पिता/पालक का नाम) सुपुत्र (DARSH KUMAR VERMA) पिता (MANISH VERMA) माता (ANNAPURNA VERMA) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) शहर प्लाट नंबर 08, अवधपुरी रिसाली भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) 490006 ने अपने नाबालिग सुपुत्र का नाम (DARSH KUMAR VERMA) पिता (MANISH VERMA) माता (ANNA-PURNA VERMA) (पुराना नाम) से बदल कर दर्श कुमार वर्मा (DARSH KUMAR VERMA) पिता मनीष कुमार (MANISH KUMAR) माता अन्नपूर्णा (ANNAPURNA) रख लिया है।

शपथकर्ता
अन्नपूर्णा पति श्री मनीष कुमार
निवासी-प्लाट नंबर 08,
अवधपुरी रिसाली भिलाई,
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800146

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी डॉ. ओमप्रकाश सिंह पिता/पति उमाचरण सिंह पता एफ 27 बी मरोदा सेक्टर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 314/8(0.0300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता प्रज्ञा सिंह पिता/पति स्व. ओमप्रकाश सिंह पता प्लाट नं. 314/8 प्रगति नगर रोड रिसाली वार्ड 63 भिलाई, पवनतनय सिंह पिता/पति स्व. ओमप्रकाश सिंह पता प्लाट नं. 314/8 प्रगति नगर रोड रिसाली वार्ड 63 भिलाई, अंजना सिंह पिता/पति स्व. ओमप्रकाश सिंह पता प्लाट नं. 314/8 प्रगति नगर रोड रिसाली वार्ड 63 भिलाई के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.06.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.06.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202606103500003 /अ-20(1)/ वर्ष 2025-26

आवेदक गौतमचंद जैन पिता केवलचंद जैन, निवासी पुलगांव दुर्ग के आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित शीट क. 15. भूखण्ड क. 6/47, क्षेत्रफ्ल 1188 वर्गफीट भूमि आवेदक के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के पट्टे की वैधता 31 मार्च 2025 को समाप्त हो चुकी है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा भूखण्ड का पट्टा नवीनीकरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि का आवेदगण के नाम पर नवीनीकरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति / दावा प्रकरण में प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.06.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

नजूल अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै राजाराम सुपुत्र मैतू निवासी मकान नं.-339, वार्ड-35, बांधा तालाब, गंजपारा दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम राजाराम (RAJARAM) सुपुत्र मैतू (MAITU) से बदल कर भगवान दास पटेल (BHAGVAN DAS PATEL) सुपुत्र मैकू पटेल (MAIKU PATEL) रख लिया है।

शपथकर्ता
राजाराम सुपुत्र मैतू
निवासी मकान नं.-339,
वार्ड 35 बांधा तालाब, गंजपारा दुर्ग
तहसील दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के आवासीय भूखण्डों/ आवासीय भवनों को फ्री-होल्ड के रूप में परिवर्तित करने के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय, रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 1/100/2009/32, रायपुर दिनांक 30.12.2011 एवं समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 के परिपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल द्वारा श्री सुप्रभात पाल पिता बी.एन. पाल के नाम पर भवन क्रमांक एच.आई.जी.-2863, औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई, जिला-दुर्ग में आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निधारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई भी वित्तीय संस्था या बैंक को आपत्ति हो, तो आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छ.ग. गृह निर्माण एवं
अधोसंरचना विकास मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

संक्षिप्त खबरें

जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का दिग्विजय स्टेडियम में आयोजन

राजनांदगांव / नव प्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सुबह 7 बजे से सुबह 7.45 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। सामूहिक योगाभ्यास के पश्चात अबूझमाड़ मल्लखंब अकादमी के कलाकार द्वारा विशेष मल्लखंब योग प्रदर्शन एवं योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योग से निरोग रहने के लिए तथा नियमित योग अभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का यह संदेश जन- जन तक पहुंचाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों, युवाओं, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में सामूहिक योगाभ्यास तथा मल्लखंब योग प्रदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।

कल्याणी इस्पात कंपनी में करंट लगने से मजदूर की मौत - लापरवाही सामने आ रही है

टेड़ेसरा राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश। - क्षेत्र के कल्याणी इस्पात संयंत्र में तड़के सुबह करंट लगने से मजदूर की मौत हो गई। नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो ने बताया कि मृतक अंबिका रजवार पिता देवकी रजवार उम्र लगभग 50 वर्ष झारखंड का रहने वाला था । जिसका करंट की चपेट में आने से मृत्यु गई है। 6 माह पहले काम करने आया हुआ था। सुबह बाथरूम से आते वक्त करंट की चपेट में आ गया। और उसकी मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम के लिए बॉडी को भेजा गया है। पोस्टमार्टम होने केबाद परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। पुलिस जांच मेंजुटी है। कंपनी की लपरवाही अगर है। तो जांच कर दोषियों के ऊपर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

ग्रामोदय कृषि संसार निजी रासायनिक उर्वरक विक्रय केंद्र को कारण बताओ नोटिस जारी

राजनांदगांव /नव प्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा खाद की कालाबाजारी व जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिलेभर में सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कृषि विभाग की टीम द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया विक्रय की शिकायत मिलने पर छुरिया विकासखंड के चिचोला रोड स्थित ग्रामोदय कृषि संसार निजी रासायनिक उर्वरक विक्रय केंद्र का औचक जांच की गई। उप संचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि कृषि विभाग की टीम द्वारा जांच के दौरान कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजनांदगांव के वाहन चालक श्री संजय कुमार सिन्हा को ग्राहक बनाकर ग्रामोदय कृषि संसार निजी रासायनिक उर्वरक विक्रय केंद्र भेजा गया। केंद्र के कर्मचारी श्री गोविंद तिवारी द्वारा श्री सिन्हा को यूरिया खाद 600 रूपए प्रति बोरी की दर से विक्रय किया गया तथा राशि फोन-पे के माध्यम से प्राप्त की गई। जांच में निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय किया जाना प्रमाणित पाया गया, जो उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन है। अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए विक्रय केन्द्र में उपलब्ध कुल 47.47 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक जप्त कर सुपुर्दगी में दिया गया तथा विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

कवर्धा में नशा मुक्त भारत सप्ताह की शुरुआत

कवर्धा / नवप्रदेश। नशा मुक्त भारत अभियान दृ विकसित भारत की पहचान÷ थीम के अंतर्गत नशा मुक्त भारत सप्ताह के अवसर पर जिले में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वामी करपात्री आउटडोर स्टेडियम, कवर्धा में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद एकेडमी के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। उपस्थित जनसमुदाय को नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार की खुशहाली और समाज के समग्र विकास को भी प्रभावित करता है। इस अवसर पर प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

कलेक्टर ने दशरंगपुर स्कूल का किया निरीक्षण, नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत

- **शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर दें विशेष ध्यान- कलेक्टर गोपाल वर्मा**

कवर्धा / नवप्रदेश। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने आज पूर्व माध्यमिक शाला दशरंगपुर का निरीक्षण कर नवीन शिक्षा सत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया तथा तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। कलेक्टर ने बच्चों को नई कक्षाओं की पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरित कर उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने और नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर श्री वर्मा ने शिक्षकों से कहा कि वे विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने तक सीमित न रहें, बल्कि प्रत्येक विषय को सरल, रोचक एवं व्यावहारिक तरीके से पढ़ाएं ताकि बच्चों को विषयवस्तु भली-भांति समझ में आए। उन्होंने कहा कि पढ़ाए गए पाठों का समय-समय पर रिवीजन कराना आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों की विषय पर पकड़ मजबूत हो और उनकी सीखने की क्षमता में निरंतर सुधार हो।उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों में संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास किया जाना चाहिए। ऐसा वातावरण तैयार किया जाए कि विद्यार्थी पूरी कक्षा के सामने न केवल प्रश्नों के उत्तर आत्मविश्वास के साथ दे सकें, बल्कि अपने विचारों को भी प्रभावी ढंग से व्यक्त कर सकें।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई एवं रुचियों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने विद्यालय प्रबंधन को परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बच्चों के अनुकूल बनाए रखने के निर्देश दिए।

बालोद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

डीजल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, 11 आरोपी गिरफ्तार, 6 वाहन जब्त

- **मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ तक फैला था नेटवर्क,**

बालोद/ नवप्रदेश। जिले में लगातार हो रही डीजल चोरी की घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बालोद पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में अब तक कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है तथा 6 वाहन जब्त किए गए हैं। ताजा कार्रवाई में पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि इससे पहले 2 आरोपी गिरफ्तार होकर जेल भेजे जा चुके हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मध्यप्रदेश पासिंग के दो स्कॉर्पियो वाहन, एक टैंकर वाहन, 3 मोबाइल फोन, 37 नग प्लास्टिक गेलन तथा 40 हजार रुपये नगद जब्त किए हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में बनी विशेष टीम-पुलिस के अनुसार क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज अभिषेक शांडिल्य, पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बालोद बोनीफॉस एक्का के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित की गई। टीम का नेतृत्व निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा एवं साइबर सेल प्रभारी धरम भुआर्य ने किया।

पहले 490 लीटर चोरी का डीजल मिला, फिर खुला पूरे गिरोह का राज-पुलिस के अनुसार 13 जून 2026 को नाकेबंदी के दौरान पहले गिरफ्तार आरोपी शिवपाल उर्फ शिवा वाल्मिकी एवं देवेन्द्र विश्वकर्मा के कब्जे से स्विफ्ट डिजायर कार, सुमो गोल्ड, स्कॉर्पियो, मोबाइल फोन और 490 लीटर चोरी का डीजल बरामद किया गया था।इसके बाद फरार आरोपियों की तलाश के दौरान साइबर सेल और थाना बालोद की संयुक्त टीम ने उरला रायपुर स्थित किराये के मकान में दबिश देकर शेष आरोपियों को हिरासत में लिया।

ऐसे करते थे डीजल चोरी, फिर कमीशन पर बेचते थे

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मध्यप्रदेश के शाजापुर क्षेत्र से छत्तीसगढ़ आते थे और ट्रक-बसों को निशाना बनाते थे। आरोपियों को डीजल चोरी के लिए गेलन और पाइप उपलब्ध कराए जाते थे। चोरी के लिए स्विफ्ट डिजायर और स्कॉर्पियो वाहनों का उपयोग किया जाता था।आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 03 जून से 07 जून 2026 तथा 10 और 11 जून 2026 के दौरान लाटाबोड़, नेवारीखुर्द, जगतरा, अर्जुन्दा और कुम्हारी क्षेत्र में खड़े ट्रक एवं बसों के डीजल टैंक के ताले तोड़कर डीजल चोरी की और बाद में उसे बेच दिया।

इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में शामिल हैं—
सोनू वाल्मिकी (35 वर्ष), निवासी छापीहेड़ा, जिला शाजापुर (म.प्र.)
गणेश साव (48 वर्ष), निवासी कैंप-01 शास्त्री नगर, भिलाई जिला दुर्ग
अरूण फुलेरिया (22 वर्ष), निवासी दुपाड़ा, जिला शाजापुर (म.प्र.)
तुषार माली (29 वर्ष), निवासी नरवल, जिला उज्जैन (म.प्र.)
राहुल चंदेल (28 वर्ष), निवासी दुपाड़ा, जिला शाजापुर (म.प्र.)
राकेश चंदेल (22 वर्ष), निवासी दुपाड़ा, जिला शाजापुर (म.प्र.)
होकम सिंह मालवी (50 वर्ष), निवासी दुपाड़ा, जिला शाजापुर (म.प्र.)
विरेन्द्र सिंह (39 वर्ष), निवासी गुमागांव, रायपुर
धरमराज फुलेरिया (19 वर्ष), निवासी दुपाड़ा, जिला शाजापुर (म.प्र.)

बिजली दरों में पांचवीं बढ़ोतरी जनता पर अत्याचार, : ताम्रध्वज साहू

राजनांदगांव / नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता ताम्रध्वज साहू ने राज्य सरकार द्वारा बिजली दरों में लगातार की जा रही बढ़ोतरी को जनता पर अत्याचार बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया है। उन्होंने गुरुवार को राजनांदगांव में

आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में पांचवीं बार बिजली के दाम बढ़ाए गए हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं, किसानों और व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

ताम्रध्वज साहू ने कहा कि इस बार घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट तथा गैर घरेलू श्रेणी में 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट तक की वृद्धि की गई है। वहीं कृषि पंपों के लिए भी 40 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी कर किसानों को राहत देने के बजाय उन पर अतिरिक्त बोझ डाला गया है।उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में सरकार ने 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार (एमपीपीएस) के रूप में भी बिजली दरों में वृद्धि की थी। इसके अलावा कांग्रेस शासनकाल में लागू 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया गया, जिससे आम उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ गई है।

पूर्व गृहमंत्री ने दावा किया कि जून माह में 45 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के बिजली बिल सामान्य से तीन गुना तक अधिक आए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों से उपभोक्ताओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से अलग-अलग बिल भेजे जा रहे हैं तथा बिना सहमति के अनुबंध भार क्षमता बढ़ाकर अतिरिक्त शुल्क और अर्थदंड जोड़ा जा रहा है।ताम्रध्वज साहू ने स्मार्ट मीटरों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इनके लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं की बिजली खपत वास्तविक खपत से अधिक दर्ज की जा रही है ।

अटल डिजिटल सुविधा केंद्र बना ग्रामीणों की सुविधा का नया केंद्र

- **74 वर्षीय गीता पटेल को गांव में ही मिलने लगी बैंकिंग और डिजिटल सेवाएं**

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के ग्राम राजानवागांव की लगभग 74 वर्षीय श्रीमती गीता पटेल के जीवन में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ने नई सुविधा और राहत लेकर आई है। पति के निधन के लगभग 18 वर्ष बाद वे अकेले जीवन यापन कर रही हैं। उम्र बढ़ने के साथ शहर जाकर आवश्यक कार्य करना उनके लिए कठिन और खर्चीला होता जा रहा था। ऐसे समय में गांव में शुरू हुआ अटल डिजिटल सुविधा केंद्र उनके लिए सहारा बन गया।

श्रीमती गीता पटेल बताती हैं कि उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त होती है। पहले इस राशि को निकालने के लिए उन्हें शहर जाना पड़ता था। यात्रा में समय और पैसे दोनों खर्च होते थे। कई बार केवल आने-जाने में ही राशि का कुछ हिस्सा खर्च हो जाता था। बढ़ती उम्र के कारण सफर करना भी आसान नहीं था। वे बताती हैं कि ग्राम पंचायत में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू होने के बाद उनकी परेशानी काफी हद तक समाप्त हो गई। अब वे गांव में ही आसानी से अपनी सहायता राशि निकाल लेती हैं। इसके लिए न शहर जाने की जरूरत पड़ती है और न अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है।

महापौर एवं कलेक्टर ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

राजनांदगांव / नव प्रदेश। महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज वार्ड के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियो की निगम सभागृह में बैठक लेकर वार्डो में मूलभूत सुविधा बिजली,पानी, सफाई के अलावा निर्माण कार्य तथा निगम द्वारा संचालित अन्य व्यवस्था के संबंध में वार्डवार प्रगति की जानकारी लेकर दिशा निर्देश दिए।

बैठक में महापौर श्री यादव ने कहा कि वार्डो के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने का तात्पर्य निगम द्वारा वार्डो में दी जा रही मूलभूत सुविधा तथा अन्य सम्पूर्ण व्यवस्था का आकलन कर व्यवस्था में सुधार करना है। निर्माण कार्य की वस्तु स्थिति देखकर उसकी पूर्णता पर जोर देना है। ताकि नागरिको को को सभी आवश्यक सुविधाए सुचारू रूप से मिल सके। उन्होने कहा कि इसके लिए वार्ड प्रभारी नियमित रूप से वार्डो का निरीक्षण कर प्लान तैयार कर कार्य करें।

महापौर श्री यादव ने तकनीकि अधिकारियो से कहा कि सभी वार्डो में निर्माण कार्य के लिए पार्षदो से प्रस्ताव लिया जा रहा है, जिसका अतिशीघ्र प्राक्कलन तैयार करना है, ताकि उसे स्वीकृति हेतु शासन को भेजा जा सके। उन्होनें राजस्व प्रभारियो से कहा कि नये निर्धारित दर के अनुसार डिमाण्ड तैयार कर वसूली किया जाना है, इस हेतु माह अंत तक डिमाण्ड दुरूस्त करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि कई करदाताओ की वसूली के लिए नही आने की शिकायत प्राप्त होती है, सभी वार्ड प्रभारी प्रतिदिन वार्ड मे जाकर वसूली करेंगे और इसका फोटो ग्रुप में साझा करेंगे।

कलेक्टर श्री यादव ने बैठक में कहा कि नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव महोदया ने अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान समीक्षा बैठक में जो निर्देश दिए थे, उसका पालन करना है। शासन द्वारा राजनांदगांव में विकास कार्य के लिए विभिन्न मदो में जो स्वीकृति दिए है उसका क्रियान्वयन करना है, ताकि शहर की तस्वीर बदल सके। उन्होंने कहा कि आप लोगो ने स्वच्छता में बेहतर काम किया है, अन्य शहरो की अपेक्षा हमारा शहर साफहै। इसी प्रकार के कार्य करना है।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने वार्ड में रोड, नाली की सफाई, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन, डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य को प्राथमिकता देगे। वार्डो में डस्टबिन वितरण हुआ है उसकी मानटिरिंग करेंगे, ताकि लोग घर में ही कचरा पृथक कर स्वच्छता दीदीयो को देगें। उन्होंने कहा कि आगामी बारिश को देखते हुए नाली नालो की सफाई तथा पानी भरान क्षेत्र को चिन्हांकित कर उसके निराकरण की दिशा में कार्य करेंगे। वर्तमान में मुक्कडो की संख्या कम हुई है और वहा रंगरोगन कर सौदर्यीकरण किया गया है, इसके लिए संबंधित बधाई के पात्र है। सार्वजनिक शौचालयो मे साफ सफाई तथा अन्य सुविधा का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरूस्त करावे। उन्होंने गंदे पानी कम पानी आने की शिकायत का त्वरित निराकरण करे।

स्कूलों में बच्चों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ किसानों की मांग पर खाद-बीज उपलब्ध हो: ईश्वरी साहू

- **जिला पंचायत कबीरधाम के सामान्य सभा में जनहित के मुद्दों पर हुई व्यापक चर्चा**

कवर्धा / नवप्रदेश। ग्रीष्म अवकाश के बाद शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्कूली बच्चों के लिए शाला भवन में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई एवं शिक्षकों की उपस्थिति समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू ने जिला पंचायत कबीरधाम के सामान्य सभा की बैठक में शिक्षा विभाग को दिए गए। अध्यक्ष ने विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन करते हुए बच्चों का स्कूलों में स्वागत करें जिससे कि नए शैक्षणिक सत्र में बच्चों का मनोबल ऊंचा बना रहे। इसके साथ ही पाठ्यक्रम को शासन द्वारा निर्धारित समय अवधि में पूरा करने कहा गया।

उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत कबीरधाम के सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू के अध्यक्षता में आयोजित किया गया था।जिसमें स्कूल शिक्षा विभाग एवं कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने सदन को जानकारी देते हुए बताया कि इस शैक्षणिक सत्र के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सभी कक्षा सहित 9वी एवं 10वीं हाई स्कूलों में लक्ष्य के अनुसार निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जा रहा है। निशुल्क साइकिल वितरण योजना, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना, शिक्षा का अधिकार के तहत प्रवेश की जानकारी दी गई। साथ मे अनुकंपा नियुक्ति, छात्रवृत्ति भुगतान, छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना एवं समग्र शिक्षा के अंतर्गत कराये जा रहे हैं निर्माण कार्यों की जानकारी सदन को दी गई। बैठक में उप संचालक पंचायत श्री राज तिवारी भी उपस्थित रहे। सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, सदस्य श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे, श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर, श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे, आदि उपस्थित रहे।

स्कूल शिक्षा विभाग एवं कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा कर दिए गए कई निर्देश

जिला पंचायत सामान्य सभा में जनहित के मुद्दों पर चर्चा

कवर्धा / नवप्रदेश। ग्रीष्म अवकाश के बाद शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्कूली बच्चों के लिए शाला भवन में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई एवं शिक्षकों की उपस्थिति समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू ने जिला पंचायत कबीरधाम के सामान्य सभा की बैठक में शिक्षा विभाग को दिए गए। अध्यक्ष ने विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन करते हुए बच्चों का स्कूलों में स्वागत करें जिससे कि नए शैक्षणिक सत्र में बच्चों का मनोबल ऊंचा बना रहे। इसके साथ ही पाठ्यक्रम को शासन द्वारा निर्धारित समय अवधि में पूरा करने कहा गया।

उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत कबीरधाम के सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू के अध्यक्षता में आयोजित किया गया था।जिसमें स्कूल शिक्षा विभाग एवं कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने सदन को जानकारी देते हुए बताया कि इस शैक्षणिक सत्र के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सभी कक्षा सहित 9वी एवं 10वीं हाई स्कूलों में लक्ष्य के अनुसार निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जा रहा है। निशुल्क साइकिल वितरण योजना, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना, शिक्षा का अधिकार के तहत प्रवेश की जानकारी दी गई। साथ मे अनुकंपा नियुक्ति, छात्रवृत्ति भुगतान, छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना एवं समग्र शिक्षा के अंतर्गत कराये जा रहे हैं निर्माण कार्यों की जानकारी सदन को दी गई। बैठक में उप संचालक पंचायत श्री राज तिवारी भी उपस्थित रहे। सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, सदस्य श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे, श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर, श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे, श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू, श्रीमती ललिता रूप सिंह धुर्वे, श्री राजकुमार मेरावी, श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, श्री रोशन दुबे, श्रीमती राजकुमारी राजेंद्र साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला श्रीमती बालका राम किंकर वर्मा, अध्यक्ष जनपद पंचायत पंडरिया श्रीमती नंदनी राजकुमार साहू एवं विधायक कवर्धा के प्रतिनिधि श्री भुखन साहू उपस्थित रहे।

कृषि विभाग की जानकारी देते हुए उप संचालक कृषि द्वारा सदन को बताया गया कि जिले में खरीफ सीजन 2026 में उर्वरक की मांग अनुसार भंडारण हो रहा है तथा किसानों की मांग पर वितरण का कार्य भी किया जा रहा है। यूरिया, डीएपी, एमओपी, एसएसपी एवं एनपीके की उपलब्धता की जानकारी सदन को दी गई। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत अरहर सोयाबीन तथा अन्य उपार्जन की जानकारी दिया गया।

प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि,कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति सहित विभागीय कार्यों की जानकारी सदन को दी गई। समीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी ने उपसंचालक कृषि को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलों पर स्थानीय कृषकों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन का व्यापक प्रचार किया जाए जिससे कि कृषकों को इसका लाभ मिल सके। सभी समितियों में खाद का भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रदान किया जा रहे पेयजल व्यवस्था से संबंधित विषय पर भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं जल संसाधन विभाग के कार्यों पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सदस्यों ने अपने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों को सदन में रखा। उपसंचालक पंचायत श्री राज तिवारी ने सभी विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि सदस्यों द्वारा उठाए गए विषयों का त्वरित निराकरण करे। बैठक में सभी विभागों के विभाग प्रमुख एवं जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कृषि उपज मंडी में होगा जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

विधायक पुन्नूलाल मोहले रहेंगे मुख्य अतिथि, करेंगे योग में सहभागिता

जिला प्रशासन ने कार्यक्रम की तैयारियां की पूरी, विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी

मुंगेली/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आगामी 21 जून को जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी मुंगेली में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर योग के महत्व पर अपने विचार साझा करेंगे तथा सामूहिक योगाभ्यास में सहभागिता करेंगे। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रमों के लिए मुख्य अतिथियों का नामांकन किया गया है।

इसी क्रम में मुंगेली जिले के जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए विधायक पुन्नूलाल मोहले को नामित किया गया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज को नोडल अधिकारी तथा उप संचालक समाज कल्याण विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की व्यापक तैयारी की गई है। विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं ताकि कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा। योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच का संदेश दिया जाएगा। साथ ही नागरिकों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। बैठक में एसडीएम पथरिया श्रीमती रेखा चंद्रा, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

तेजगति कार रास्ता छोड़ खेत में जा घूंसा, भयानक हादसा टला

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना लखनपुर क्षेत्र से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 130 मे स्थित ग्राम जेजगा मोड़ दुर्घटनाओ के लिए काफी मशहूर रहा है अक्सर इस मोड़ पर कोई न कोई भयानक हादसा होते रहता है। कितनों ने अपनी जान तक गंवा बैठे है। इसी कड़ी में मंगलवार की रात बिलासपुर के ओर से आ रही एक तेज़ रफ़्तार कार मुख्य मार्ग छोड़ कर दूर खेत में उतर गई मंजर देख राहगीरों ने दांतों तले उंगली दबा लिये।एक भयानक हादसा होते होते टल गया। कार में सफ़र कर रहे सवार सलामत रहे। नजारा देख रहे ग्रामीणों ने बताया कार इतनी तेज गति में थी कि हवा में उड़ते हुए दूर खेत में जाकर रूकी। काबिले गौर है कि ग्राम रजपुरीकला और जेजगा ऐसे गांव हैं जहां अक्सर सड़क हादसे होते रहते हैं। फिलहाल कार में सफ़र कर रहे लोग महफूज बताये जा रहे हैं अनुमान लगाया जा रहा है कि झपकी आने के वज़ह से यह हादसा हुआ होगा। कार में सवार लोग कहां के रहने वाले हैं पता ठिकाना मालूम नहीं चल सका।

सीएससी केंद्रों के माध्यम से होगा बायोमेट्रिक एवं दस्तावेज सत्यापन

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण एवं असंगठित श्रमिकों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। श्रमिकों के पंजीयन अभिलेखों को आधार से जोड़कर अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए व्यापक ई-केवाईसी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य श्रमिकों को मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाना और पात्र हितग्राहियों तक लाभ की सुगम पहुंच सुनिश्चित करना है।

जिपं सामान्य सभा की बैठक में विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला पंचायत के सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में जिले के विकास, अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर व्यापक चर्चा हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सदस्यगण तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने कहा कि मुंगेली को विकसित जिले के रूप में स्थापित करने के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि

विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने और विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक की शुरुआत पिछली सामान्य सभा की कार्यवाही की पुष्टि के साथ हुई। इसके बाद पंचायत, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, सहकारिता, विद्युत, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। सदस्यों ने जिले में स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति, अपूर्ण कार्यों की स्थिति तथा विभिन्न लंबित प्रकरणों के निराकरण की जानकारी प्राप्त की। बैठक में नलकूप खनन, जर्जर शासकीय भवनों की स्थिति, विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ वितरण तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जल जीवन मिशन, हैंडपंपों के रखरखाव और पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली गई। वहीं शिक्षा विभाग को स्कूल भवनों की आवश्यक मरम्मत और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा जिला निर्माण समिति के अंतर्गत संचालित निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की भी समीक्षा की गई। कृषि एवं सहकारिता विभाग ने खरीफ सीजन के लिए खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की जानकारी प्रस्तुत की। जिला पंचायत सीईओ ने विभागीय अधिकारियों को सामान्य सभा में दिए गए निर्देशों का गंभीरतापूर्वक पालन सुनिश्चित करने तथा समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने नहरों के मध्य अवैध रूप से निर्मित पुलियों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने जिले के समग्र विकास के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए विभिन्न सुझाव भी प्रस्तुत किए। सामान्य सभा की बैठक में विकास कार्यों को गति देने और जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का संकल्प दोहराया गया।

लंबित प्रकरणों के त्वरित व निराकरण पर दिया जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आज राजस्व विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा एवं क्षमता संवर्धन हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर जी.एल. यादव ने अनुभाग मुंगेली के समस्त पटवारियों, राजस्व निरीक्षकों (आरआई), तहसीलदारों एवं अन्य राजस्व अधिकारियों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभिन्न राजस्व मदों के लंबित एवं प्रगतिरत प्रकरणों की जानकारी ली गई तथा उनके समयबद्ध निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। अपर कलेक्टर ने नक्शा बटांकन, स्वामित्व योजना तथा नगरीय क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों को पट्टा वितरण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग से जुड़े कार्य सीधे आमजन के हितों से जुड़े होते हैं, इसलिए प्रत्येक प्रकरण का निराकरण पारदर्शिता, संवेदनशीलता और निर्धारित समय-सीमा में किया जाना चाहिए।

बैठक में अधिकारियों को राजस्व अभिलेखों के अद्यतन संधारण तथा प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निपटारे के संबंध में भी निर्देशित किया गया। अपर कलेक्टर श्री यादव ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक निराकरण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने सभी अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर शिकायतों की संख्या कम करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, नक्शा बटांकन की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा नगरीय क्षेत्रों में पट्टा वितरण कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया।

मुंगेली, पथरिया और लोरमी में एक ही स्थान पर मिलेंगी शासकीय सेवाएं

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी अभियानों को आमजन तक पहुंचाने और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुंगेली जिले में 18 से 20 जून 2026 तक तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जिपं सरगुजा और मुहिम फाउंडेशन की संयुक्त पहल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। 'यूथ फॉर डेवलपमेंट' इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 40 छात्र-छात्राओं ने 15 दिवसीय इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली। इस कार्यक्रम में शासकीय विज्ञान महाविद्यालय अम्बिकापुर, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर तथा राजमोहिनी देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के 24 छात्राओं एवं 16 छात्रों सहित कुल 40 युवाओं ने सहभागिता की। जिला पंचायत सरगुजा द्वारा वर्ष 2025 में मुहिम फाउंडेशन के सहयोग से प्रारंभ किया गया यह नवाचार युवाओं को सक्रिय, जागरूक एवं संवेदनशील नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। 1 जून से 15 जून 2026 तक आयोजित इस इंटर्नशिप के माध्यम से युवाओं को ग्रामीण शासन व्यवस्था, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा सामुदायिक स्तर पर सरकारी सेवाओं की वास्तविक स्थिति को समझने का अवसर मिला।

इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को अम्बिकापुर, लुंड्रा एवं लखनपुर विकासखंड की 11 ग्राम पंचायतों में तैनात किया गया। यहां उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य उपकेंद्र के कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं तथा स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर विभिन्न विकास संकेतकों का जमीनी स्तर पर अध्ययन किया।

पेज 1 का शेष...

जंगल का 'सफेद सोना' बाजार...

है कि इसकी खेती संभव नहीं है और यह पूरी तरह प्रकृति की मेहरबानी पर निर्भर करता है।

महीनों के संघर्ष के बाद...

मंत्री मार्को रुबियो को ईरान समझौता ज्ञापन प्राप्त हुआ, जिसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस पर हस्ताक्षर किए।÷

रिपब्लिकन सीनेटर एरिक शिमट ने बुधवार को फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान की सैन्य और परमाणु क्षमताओं को कमजोर करते हुए और कूटनीति के लिए रास्ता खोलते हुए वह हासिल किया है, जिसे कई लोग असंभव मानते थे।

शिमट ने कहा कि ईरान ने पहली बार परमाणु हथियार विकसित नहीं करने का वादा किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह समझौता भरोसे के बजाय सत्यापन के सिद्धांत पर आधारित होना चाहिए। अमेरिकी मीडिया संस्थान न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के साथ ईरान की शुरुआती शांति व्यवस्था तेहरान के लिए लेबनान में हिज्बुल्लाह की आर्थिक और राजनीतिक स्थिति को मजबूत करने का मार्ग खोल सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि समझौते के बाद ईरान को अनफ्रीज किए गए फंड और तेल सौदों से धन प्राप्त होना शुरू हो सकता है।

अमेरिकी मीडिया न्यूयॉर्क पोस्ट ने न्यूज एजेंसी के सूत्रों के हवाले से बताया कि इस एमओयू के तहत, ईरान को युद्ध के बाद के निवेश, प्रतिबंधों से राहत और अनफ्रीज्ड फंड से सैकड़ों अरबों का फायदा होगा। ऐसे में ईरान रिकंस्ट्रक्शन फंड का इस्तेमाल लेबनान में अपने बुरी तरह से तबाह हो चुके टेरर प्रॉक्सी को सहारा देने के लिए करेगा।

यूक्रेन ने रूस पर अब...

गिरने से कुछ रिहायशी और व्यावसायिक इमारतों को नुकसान पहुंचा। कई ऊंची इमारतों को खाली कराया गया। हमले के बाद मॉस्को के हवाई अड्डों पर कुछ समय के लिए उड़ानों पर रोक लगाई गई।

उद्धव की शिवसेना की...

से मिल सकती है राहत: लोकसभा में शिवसेना के 9 सांसद हैं। दल-बदल कानून के तहत किसी दल में टूट के बाद अयोग्यता से बचने के लिए कम से कम दो-तिहाई सांसदों का साथ होना जरूरी है। यानी अगर 9 में से 6 सांसद एक साथ अलग होने का फैसला करते हैं, तो वे खुद को वैध गुट बताने का दावा कर सकते हैं। इसी वजह से 6 सांसदों के बगावत करने की खबर राजनीतिक और कानूनी, दोनों लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जानकारों के मुताबिक, सिर्फ अलग गुट बनाना ही काफी नहीं होगा। आगे चलकर इन सांसदों को किसी दूसरे दल में विलय की प्रक्रिया भी पूरी करनी पड़ सकती है, ताकि उनकी स्थिति कानूनी रूप से और मजबूत हो सके।

खनन माफियाओं की वर्चस्व...

हैं। कोरिया में भाजपा नेता समेत 3 की हत्या, गोलीकांड में 3 ग्रामीण घायल, कांग्रेस नेता के बेटे की हत्या, पत्रकारों पर हमला, वन विभाग की टीम पर हमले और वर्चस्व की लड़ाई में चली गोलियों समेत कई केस स्टडी में समझिए खनन माफियाओं के बढ़ते आतंक की पूरी कहानी।

बस्तर के आसमान में लौटे...

वैज्ञानिक समुदाय में उत्सुकता बढ़ी है। आने वाले समय में विस्तृत अध्ययन के बाद इस संबंध में और महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं। इस अध्ययन और अवलोकन कार्य में प्रोफेसर सुशील दत्ता तथा उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

समर्पित वन्यजीव अध्ययन और वर्षों से किए जा रहे अवलोकन के आधार पर शोधकर्ता प्रोफेसर सुशील दत्ता और उनकी टीम लगातार बस्तर क्षेत्र में गिद्धों की स्थिति पर निगरानी रखे हुए हैं। उनके अनुसार वर्तमान संकेत बताते हैं कि यदि संरक्षण के प्रयास इसी तरह जारी रहे तो बस्तर देश के प्रमुख गिद्ध संरक्षण क्षेत्रों में अपनी पहचान और मजबूत कर सकता है।

नारायणपुर में नक्सलियों का...

को बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस एवं बीएसएफ 133वीं वाहिनी की 'ई' कंपनी द्वारा कैंप मसपुर के आसपास के जंगल क्षेत्रों में विशेष सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों की टीम मसपुर-गुडरापाल जंगल क्षेत्र में एक संदिगध स्थान दिखाई दिया। इसके बाद क्षेत्र की घेराबंदी कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर वहां से नक्सलियों द्वारा छिपाकर कर रखे बीजीएल लॉन्चर, बीजीएल गन, 12 बोर राइफल और गोला-बारूद सहित अन्य सामग्री बरामद की गई।

बरामद सामग्री

1. देसी बीजीएल लॉन्चर - 01 नग
2. बीजीएल गन- 07 नग
3. 12 बोर राइफल द- 01 नग
4. 12 बोर राउंड- 37 नग
5. वायर- 15 मीटर
6. पोच- 05 नग

पूर्व में छिपाई गई सामग्रियां जब्त

प्रारंभिक जांच में यह प्रतीत होता है कि, इस सामग्री को पूर्व में जंगल क्षेत्र में छिपाकर रखा गया था। सुरक्षा बलों की सतर्कता और निरंतर चलाए जा रहे सर्च अभियान के परिणामस्वरूप हथियार, गोला-बारूद और अन्य सामग्री बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है।

नक्सलमुक्त घोषित होने के बाद भी सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन जारी

उल्लेखनीय है कि, 31 मार्च 2026 को नारायणपुर जिले को नक्सलमुक्त घोषित किए जाने के बाद भी पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा दूरस्थ वन क्षेत्रों में नियमित रूप से सर्च अभियान चलाए जा रहे हैं। वहीं पूर्व में छिपाकर रखे गए हथियारों, विस्फोटक सामग्रियों और अन्य संसाधनों की बरामदगी सुनिश्चित की जा सके। सुरक्षा बलों की टीम लगातार जिले में सर्च अभियान चला रहे है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202606100700017 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती प्रीति डाहरे पिता/पति स्व. दसरुराम डाहरे ध.प. गोपाल कुर्रे निवासी ग्राम आशीष नगर वेस्ट रिसाली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 415/3 रकबा 0.01 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार दसरुराम डहरिया की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.06.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.06.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं सखाराम (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी अगराहिज निवासी- ग्राम निकुम तहसील व जिला दूर्ग छ.ग. एतद् द्वारा मै पूर्णत: पुष्टि करता है तथा निम्नानुसार घोषित करता हूं। मैं ग्राम निकुम तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का स्थायी निवासी हूँ। मेरा पुराना नाम सखाराम (SAKHARAM) पिता अगराहिज (AGRAHIJ) है और मैं अपना नाम बदलकर नया नाम सोमन लाल (SOMAN LAL) पिता अगराहिज (AGRAHIJ) करवाना चाहतां हूं। मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है। मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम कार्य करता हूं, तो उसके लिए मैं पूर्णत: स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता, सखाराम पिता अगराहिज, निवासी- ग्राम निकुम, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104700093

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी लक्ष्मीनाथ ठाकुर पिता/पति रुपसिंह ठाकुर पता सेक्टर भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 230/59(0.0180) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता प्रतिभा ठाकुर पिता/पति स्व. लक्ष्मीनाथ ठाकुर पता मकान नं. 230/9 विराट नगर बोरसी दुर्ग, नमिता ठाकुर पिता/पति स्व. लक्ष्मीनाथ ठाकुर पता मकान नं. 230/9 विराट नगर बोरसी दुर्ग, श्रीमती रजोला ठाकुर पिता/पति स्व. लक्ष्मीनाथ ठाकुर पता मकान नं. 230/9 विराट नगर बोरसी दुर्ग, सचिन कुमार ठाकुर पिता/पति स्व. लक्ष्मीनाथ ठाकुर पता मकान नं. 230/9 विराट नगर बोरसी दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.06.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.06.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कसारीडीह तहसील व जिला-दुर्ग

-: सूचना- सीमांकन बाबत् :-

प्रति,

आवेदक 1. कुलदीप सिंह अरोरा, 2. जी.पी. चंद्राकर, 3. रशिदा बेगम

आवेदक/आवेदिका जहीरुद्दीन शेख पिता हबीबुद्दीन शेख के सीमांकन प्रकरण तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्रमांक 245 दिनांक 02.04.2026 में ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 38 स्थित भूमि खसरा नं. 187/1 रकबा 0.2360 हे. का सीमांकन मेरे द्वारा किया जाना है। चूंकि उक्त खसरा नंबर आपकी भूमि से लगी हुई/बेची गई है। अतः आप सभी मूल दस्तावेजों के साथ मौके पर दिनांक 22.06.2026 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 01.00 बजे तक उपस्थित होवें।

अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय में उपस्थित होवे। बाद की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, कसारीडीह, तह. व जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2025-26

ग्राम बसनी, प.ह.न. 12

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुनाल कण्डे पिता स्व. सी. के खण्डे उम्र 43 वर्ष एवं मेघा कण्डे पिता स्व. सी. के. खण्डे पति सामंत शर्मा, दोनों निवासी ग्राम प्लाट नंबर 1, सड़क नंबर 09, मैत्री कुंज रिसाली भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की ओर से आम मुख्त्यार मदनलाल शर्मा पिता स्व. गोपालचंद शर्मा, उम्र 52 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 31, आपापुरा दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा राजस्व अभिलेख पर सरनेम में त्रुटि सुधार का आवेदन पेश किया गया है। कि मौजा ग्राम बसनी, प.ह.नं. 12 स्थित भूमि खसरा नंबर 368/1 रकबा 0.6500 हे. भूमि आवेदकगण के नाम पर संयुक्त खाते में दर्ज है। कि फौती नामांतरण पंजीयन क्रमांक आर.डी. 202425430204100002 आदेश दिनांक 06.05.2025 के उपरांत राजस्व अभिलेख पश्चात् आवेदकगण का नाम त्रुटिवश कुनाल खण्डे एवं मेघा खण्डे दर्ज हो गया है। जिनका वास्तविक नाम कुनाल कण्डे एंव मेघा कण्डे है। आवेदकगण आवेदन पत्र के साथ खाते कि नकल एवं अन्य दस्तावेज संलग्न कर उक्त भूमि का राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी का वास्तविक एवं सही नाम कुनाल कण्डे एवं मेघा कण्डे दर्ज किये जानें का आदेश पारित करने की निवेदन किया गया है।

उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 30.06.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202606103500002 /अ-20(1)/ वर्ष 2025-26

आवेदक गौतमचंद जैन पिता केवलचंद जैन, निवासी पुलगांव दुर्ग के आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित शीट क. 15. भूखण्ड क. 6/10 क्षेत्रफल 348 वर्गफीट भूमि आवेदक के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के पट्टे की वैधता 31 मार्च 2025 को समाप्त हो चुकी है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा भूखण्ड का पट्टा नवीनीकरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि का आवेदगण के नाम पर नवीनीकरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति / दावा प्रकरण में प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.06.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800155

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी पवन कुमार पिता/पति स्व. संतराम कोसेवाड़ा पता शीतला तालाब के पास व्हीआईपी नगर भिलाई, श्रीमती हेमिन कोसेवाड़ा पिता/पति स्व. संतराम कोसेवाड़ा पता शीतला तालाब के पास व्हीआईपी नगर भिलाई, ममता गायकवाड़ पिता/पति स्व. संतराम कोसेवाड़ा पता शीतला तालाब के पास व्हीआईपी नगर भिलाई, प्रतिमा कोसेवाड़ा पिता/पति स्व. संतराम कोसेवाड़ा पता शीतला तालाब के पास व्हीआईपी नगर भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 498/13(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता पवन कुमार पिता/पति स्व. संतराम कोसेवाड़ा पता शीतला तालाब के पास व्हीआईपी नगर भिलाई, श्रीमती हेमिन कोसेवाड़ा पिता/पति स्व. संतराम कोसेवाड़ा पता शीतला तालाब के पास व्हीआईपी नगर भिलाई के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.07.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.06.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2025-26

ग्राम परसबोड़, प.ह.न. 13

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक संतन पिता लालप्यारा जाति तेली, निवासी ग्राम परसबोड़, तहसील धमध, जिला-दुर्ग छ.ग. द्वारा फौती नामांतरण का आवेदन पेश किया गया है। कि मौजा ग्राम परसबोड़, प.ह.नं. 13 स्थित भूमि खसरा नंबर 162, 163/1 रकवा क्रमशः 0.18, 0.84 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 1.0200 हे. भूमि विसाहीन, कमला पिता बनऊ, पुनावाई बेवा पुनऊ, लालप्यारा, धनऊ, समेलाल पिता घसिया के नाम पर संयुक्त खाते में दर्ज है। कि भूमिस्वामी पुनाबाई की दिनांक 22/05/2005 को, धनऊ की दिनांक 19/04/2021 को, लालप्यारा की दिनांक 02/09/2018 को मृत्यु हो गई है। स्व. पुनाबाई की वारिसान (पुत्री) विसाहीन पिता पुनऊ, कमला पिता पुनऊ व स्व. धनऊ की वारिसान (पुत्र) ओमप्रकाश पिता स्व. धनऊ (पुत्री) 1. पुष्पा पिता स्व. धनऊ. 2. उमा पिता स्व. धनऊ, पत्नी केजा बाई (फौत) दिनांक 28/01/2026 एवं स्व. लालप्यारा की वारिसान (पुत्री) 1. संतन पिता स्व. लालप्यारा, (पुत्री) 1. मालती पिता स्व. लालप्यारा, 2. चमेली पिता स्व. लालप्यारा, 3. सरोज पिता स्व. लालप्यारा, 4. अनिता पिता स्व. लालप्यारा, (पत्नी) दानकुंवर (फौत) दिनांक 09/03/2022 को होना लेख किया गया है। एवं इसके अलावा अन्य कोई वारिसा नहीं है। स्व. पुनाबाई की वारिसान का नाम पूर्व में सहखातेदार के रूप में वर्ज है। एंव मृतक स्व. धनऊ व स्व. लालप्यारा का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम फौती दर्ज करनें का निवेदन किया गया है। उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 30.06.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 15.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06अ/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकर लाल आ. स्व. परसराम दमाहे निवासी तितुरडीह नयापारा दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 54/23 रकबा 0.016 हे. (1800 वर्गफीट) भूमि के राजस्व अभिलेख से पंजीकृत हक त्यागनामा के आधार पर जतनलाल का नाम तथा दिनांक 14.10.02025 आवेदक की माता श्रीमती इन्द्रकुंवर बाई के निधन हो जाने से राजस्व अभिलेख से विलोपित कर आवेदक शंकर लाल आ. स्व. परसराम दमाहे निवासी- तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग का नाम दर्ज करने की असीम कृपा करें।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.06.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00041 तितुरडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430103800058

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम तितुरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी शैल गुप्ता ध.प. मधु गुप्ता पता कसारीडीह दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 51/59(0.0150) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता गोविंद गुप्ता पिता/पति मधु गुप्ता पता मकान नं. 148 गुरुघासीदास वार्ड कसारीडीह दुर्ग, किरण गुप्ता पिता/पति मधु गुप्ता पता मकान नं. 148 गुरुघासीदास वार्ड कसारीडीह दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.07.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.06.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मेरा पक्षकार श्रवण निषाद पिता आत्माराम निषाद, उम्र 39 वर्ष, निवासी- वार्ड नं. 04, ग्राम- पवनी, पोस्ट- खौना, पौनी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) सुपुत्र कैलाश निषाद (Kailash Nishad) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता आत्माराम निषाद, उम्र 39 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 04, ग्राम पवनी, पोस्ट- खौना, पौनी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ने अपना नाम कैलाश निषाद (Kailash Nishad) (पुराना नाम) से बदल कर कौशल निषाद (Kaushal Nishad) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता, श्रवण निषाद, पिता आत्माराम निषाद, निवासी- वार्ड नं. 04, ग्राम पवनी, पोस्ट खौना पौनी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

थरूर ने ड्राइवर का उदाहरण देकर समझाया परिसीमन का गणित

नई दिल्ली/ए.। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की दलीलों का कड़ा विरोध किया है। थरूर ने एक उदाहरण के जरिए समझाया कि अगर सभी राज्यों की सीटें एक समान अनुपात में बढ़ाई जाती हैं, तब भी बड़े राज्यों का राजनीतिक प्रभाव छोटे राज्यों के मुकाबले बहुत ज्यादा बढ़ जाएगा। यह विवाद केंद्र सरकार के उस प्रस्ताव से जुड़ा है जिसमें लोकसभा की सीटों को बढ़ाने की बात कही गई है। नायडू ने इस प्रस्ताव का बचाव किया था। इसके जवाब में थरूर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा, 'नायडू जी, मान लीजिए आपका वेतन दो लाख रुपये है और आपके ड्राइवर का वेतन 20 हजार रुपये है। अब आप दोनों के वेतन में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हैं। आपका वेतन तीन लाख हो जाएगा और ड्राइवर का 30 हजार। प्रतिशत के हिसाब से बढ़त बराबर है, लेकिन क्या आप अपने ड्राइवर के मुकाबले पहले से कहीं ज्यादा बेहतर स्थिति में नहीं आ गए?' थरूर ने तर्क दिया कि दक्षिण भारतीय राज्यों के मुख्यमंत्रियों की यही असली चिंता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश और केरल का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश के सांसदों की संख्या 80 से बढ़कर 120 हो जाती है और केरल की संख्या 20 से बढ़कर 30 होती है, तो संख्या का अनुपात भले ही न बदले, लेकिन राजनीतिक वजन में बड़ा अंतर आ जाएगा। उत्तर प्रदेश के पास केरल के मुकाबले 90 सांसद ज्यादा होंगे, जबकि अभी यह अंतर 60 सांसदों का है। थरूर ने पूछा कि क्या यह चिंता का विषय नहीं है? इससे पहले नायडू ने एक इंटरव्यू में कहा था कि एनडीए सरकार महिला आरक्षण लागू करने वाले कानून के साथ परिसीमन बिल को दोबारा लाने की तैयारी में है।

सीबीएसई तीन-भाषा नीति पर अंतरिम रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

14 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) की नई तीन-भाषा नीति के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। यह नीति शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 के विद्यार्थियों के लिए लागू की जानी है।

मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने इस मामले को पहले से लंबित समान याचिकाओं के साथ टैग कर दिया।

सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पष्ट कहा कि इस मामले पर पहले भी विस्तृत बहस हो चुकी है, इसलिए फिलहाल किसी प्रकार की अंतरिम सुरक्षा या रोक का आदेश नहीं दिया जा सकता।

सुनवाई के दौरान पीठ ने संगठन के नाम को लेकर हल्के-फुल्के अंदाज में टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या ऐसा नाम अदालत या लोगों के मन में भय पैदा करने के लिए रखा गया है। इस पर वकील ने कहा कि यह 2013 में स्थापित एक पुराना ट्रस्ट है।

एनजीओ ने क्रियान्वयन पर उठाए सवाल

यह याचिका Friends of People for Active Democracy नामक गैर-सरकारी संगठन ने दायर की है। संगठन की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि वे तीन-भाषा नीति का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि इसके क्रियान्वयन के तरीके को चुनौती दे रहे हैं।

क्या है CBSE की नई तीन-भाषा नीति?

सीबीएसई द्वारा जारी हालिया सर्कुलर के अनुसार, 1 जुलाई 2026 से कक्षा 9 के विद्यार्थियों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य होगा। इनमें कम से कम दो भाषाएं भारतीय मूल की होना जरूरी होंगी। यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के अनुरूप उठाया गया है।

बोर्ड का कहना है कि माध्यमिक स्तर पर भाषा दक्षता और सांस्कृतिक समझ को मजबूत करने के लिए यह बदलाव किया जा रहा है।

14 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

पीठ ने मामले को अन्य लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ते हुए 14 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। इससे पहले 27 मई को सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई थी और केंद्र सरकार, सीबीएसई तथा एनसीईआरटी को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत जवाब दाखिल करने को कहा था। अदालत ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से यह भी पूछा था कि नई नीति लागू करने के लिए सीबीएसई की तैयारियां किस स्तर पर हैं और इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था।

वेदांता पावर वित्तीय वर्ष 2033 तक विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाएगा

नई दिल्ली। भारत की बड़ी विद्युत उत्पादक कंपनियों में से एक वेदांता पावर लिमिटेड (व्हीपीएल) ने अपनी विकास यात्रा में नया इतिहास रचते हुए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर अपने शेयरों की लिस्टिंग की है। एक स्वतंत्र सूचीबद्ध कंपनी के रूप में शुरुआत करते हुए इसके शेयरों की ट्रेडिंग बीएसई पर स्क्रिप कोड :544781 और एनएसई पर स्क्रिप कोड - VEDPOWER के नाम से शुरू हो गई है। वेदांता पावर तलवंडी साबो थर्मल प्लांट, पंजाब 1,980 मेगावाट का सुपर-क्रिटिकल कोयला-आधारित थर्मल पावर प्लांट है। यह अपनी उत्पादित बिजली का 100त्न पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) को आपूर्ति करता है और भरोसेमंद, बड़े पैमाने पर विद्युत उत्पादन के माध्यम से पंजाब की ऊर्जा आवश्यकताओं का 35त्न पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 15 जून,2026 को आयोजित शानदार लिस्टिंग समारोह की अगुवाई वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने की। इसके साथ ही भारतीय शेयर बाजारों में वेदांता पावर लिमिटेड की आधिकारिक शुरुआत हो गई है जो कंपनी के विकास, मूल्य निर्माण और देश की प्रगति में एक नया अध्याय जोड़ेगा। इस मौके पर उनके साथ प्रिया अग्रवाल हेब्बर, चेयरपर्सन, एचजेडएल और गैर-कार्यकारी निदेशक, वेदांता लिमिटेड, वेदांता समूह के अध्यक्ष आकर्ष हेब्बर और वेदांता लिमिटेड के वाइस चेयरमैन नवीन अग्रवाल मौजूद थे। समारोह में वेदांता पावर लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजिंदर सिंह आहूजा, मुख्य वित्तीय अधिकारी पंकज झा और वेदांता समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

नई दिल्ली। भारत में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 2026 जून की शुरुआत में केरल पहुंचा, लेकिन सामान्य से थोड़ा देरी से. शुरुआती बारिश कई जगहों पर कमजोर रही है. मौसम वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि अभी तो अल-नीनो का पूरा असर नहीं दिखा है, लेकिन आने वाले जुलाई से नवंबर तक के महीने देश के लिए काफी चुनौतीपूर्ण साबित हो सकते हैं।

अभी तो अल-नीनो का कहर दिखा ही नहीं, आने वाले 5 महीने भारत के लिए हैं मुश्किल

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इस साल पूरे मॉनसून सीजन के लिए औसत से कम बारिश का अनुमान लगाया है - लगभग 90-92 प्रतिशत लॉन्ग पीरियड एवरेज इसका मतलब है कि देश के कई हिस्सों में सूखा जैसी स्थिति बन सकती है, खासकर जून के बाद।

बारिश में देरी से खरीफ फसलों पर संकट, बुवाई को लेकर एडवाइजरी जारी

अल-नीनो एक जलवायु घटना है जिसमें प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी हिस्से का पानी असामान्य रूप से गर्म हो जाता है. सामान्य परिस्थितियों में पूर्वी प्रशांत ठंडा रहता है. ट्रेड विंड्स पूर्व से पश्चिम की ओर चलती हैं. लेकिन अल-नीनो में ये हवाएं कमजोर पड़ जाती हैं या उल्टी दिशा में चलने लगती हैं. इससे भारत की ओर आने वाली नमी वाली हवाएं प्रभावित होती हैं.

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
मिनी रत्न कम्पनी
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

सूचना

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे का ट्रेलर रिलीज रहस्यमयी बदलाव से जूझते दिखे पीटर

नई दिल्ली/ए.। 'स्पाइडर-मैन' के फैंस का इंतजार कुछ हद तक खत्म हो गया है। 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। फिल्म का नया ट्रेलर जारी किया गया है, जिसमें मार्क रफालो को ब्रूस बैनर (जिन्हें हल्क के नाम से भी जाना जाता है) के रोल में वापसी करते हुए दिखाया गया है। दो मिनट 39 सेकंड के इस ट्रेलर में टॉम हॉलैंड के पीटर पार्कर के लिए एक नई चुनौती का संकेत मिलता है, जो किसी रहस्यमयी बदलाव से जूझते हुए दिख रहे हैं।

ट्रेलर में क्या है?

इस नए ट्रेलर में पीटर कहते हैं, 'मेरे साथ क्या हो रहा है? मैं अपना आपा खो रहा हूं। मेरा खुद पर कोई कंट्रोल नहीं है और मुझे अभी इस चीज को ठीक करना होगा।' यहीं से शुरू होती है फिल्म की असली कहानी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना

निविदा क्रमांकः सी.ए.ओ./सी./बी.एस.पी./26-27/10 दिनांकः 12.06.2026, (ओपन ई-टेंडर) (एकल पैकेट सिस्टम)

कार्यः "बिलासपुर-झारसुगुडा चौथी लाइन से संबंधित बिलासपुरर-सक्ति (BSP-SKT) खंड में, मुख्य पुल संख्या 06, 54, 59 और 66 में बोअरिंग का कार्य, आरसीसी पाइलों का ढालना और पाइलों का पार्श्व भार परीक्षण तथा संबंधित अन्य विविध सहायक कार्य।"
निविदा मूल्यः रू. 85,44,635.99/-, अमानत राशिः रू. 1,70,900.00/-, निविदा दस्तावेज की लागतः शून्य, कार्य पूरा होने की अवधिः 3 (तीन) महीने, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से। निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः 07/07/2026 को 15:00 बजे तक। निविदा खोलने का समय एवं दिनांकः 07/07/2026 को 15:30 बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, अथवा बिलासपुर-पिनः 495004 अथवा उप-मुख्य अभियंता/निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर- पिनः 492009 अथवा मुख्य परियोजना प्रबंधक/पश्चिम/निर्माण/नागपुर/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर- पिनः 440001 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/देख सकते हैं।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण
सीपीआरओ/10/217 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

गद्दार-बेईमान-धोखेबाज: संजय राउत ने बागी सांसदों को कहे अपशब्द

मुंबई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने पार्टी के उन सांसदों पर अपना तीखा हमला जारी रखा है, जो संसदीय दल की बैठक में शामिल नहीं हुए थे। मीडिया से बात करते हुए संजय राउत की ओर से एक बार फिर से अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। बैठक में शामिल न होने के बाद इन सांसदों के पार्टी छोड़कर शिंदे गुट में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं।

गुरुवार को नई दिल्ली में हुई संसदीय दल की बैठक में पार्टी के छह लोकसभा सांसद अनुपस्थित रहे।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत, एल.आई.जी भवनों में से फ्लैट / भवन क्रमांक **एल.आई.जी. - 22/261 में श्री विकास वर्मा पिता श्री आर.पी. वर्मा** को स्ववित्तीय / एकमुश्त आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **28.01.2010** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी द्वारा इस कार्यालय के पत्र क्र. 2946 दिनांक 19.07.2018 को विक्रय अनुमति प्राप्त कर **श्रीमती विनीता हिन्दुजा पति श्री जितेन्द्र हिन्दुजा** को दिनांक 30.08.2018 को विक्रय कर दिया।

नवीन क्रेता द्वारा बैंक ऋण नहीं चुकाये जाने के कारण, बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत सार्वजनिक-नीलामी दिनांक 21.03.2026 को करने उपरांत उक्त भवन **दीक्षा सोनी पिता श्री रविशंकर सोनी** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2991574
E-Mail-eocghbzone03@gmail.com

// आम सूचना //

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी डूमरतराई फेस-I, जिला रायपुर में स्थित **ई.डब्ल्यू. एस. फ्लैट क्रमांक-110, ब्लॉक क्रमांक-07, तृतीय तल** का इस कार्यालय के **नामांतरण आदेश क्रमांक 146 दिनांक 25.09.2024** को **श्री अक्षय विजय चंदवानी, पिता श्री विजय चंदवानी,** के नाम पर नामांतरित किया गया है।

वर्तमान में उक्त नामांतरी **श्री अक्षय विजय चंदवानी, पिता श्री विजय चंदवानी**, निवासी 12 दत्ता अपार्टमेंट, कृपलानी हॉस्पिटल के पास, तारा बाई पार्क, कोल्हापुर (महाराष्ट्र) विक्रेता द्वारा आम मुख्त्यारः- श्रीमती कुमुद बावनगढ़े पति- श्री अखिलेश बावनगढ़े, निवासी- कंचनगंगा स्टेट फेस दो, रोहणीपुरम, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को **कु. ज्योति तिवारी, पिता- श्री बाल्मीकि तिवारी,** निवास- नमनाकला पानी टंकी के पास, अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर विक्रय किये जाने हेतु विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) की मांग की गई है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दुर्ग, (छ.ग.)

ईश्तहार सूचना प्रकाशन

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला दुर्ग एवं सहायक आयुक्त आबकारी जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा छ.ग. आबकारी अधिनियम की धारा, 34 (2) के अंतर्गत अवैध मदिरा परिवहन करते हुए पकड़े जाने पर नीचे वर्णित जप्तशुदा वाहन को अधिनियम की धारा 47 (क) (2) के अंतर्गत अधिहरण, राजसात करने हेतु प्रतिवेदित किया गया है। जिसपर इस न्यायालय में प्रकरण संस्थित कर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, जिला-दुर्ग से वाहनस्वामी की जानकारी लिया जाकर तदुनसार वाहनस्वामी को पंजीकृत डाक के माध्यम से नोटिस जारी किया गया किन्तु पता अपूर्ण होने पर नोटिस अदम तामिल वापस प्राप्त हुआ है :-

स. क्र.	प्रकरण क्रमांक / वर्ष	अनावेदक का नाम/पता	जप्त वाहन का प्रकार	वाहन नंबर	वाहनस्वामी का नाम/ स्थाई पता
1.	202512100100016	सुरेश ढीमर आ. सुन्दरू ढीमर	मोटर सायकल T.V.S.. एक्सल हैवी ड्यूटी	सी.जी.-07- बी. एक्स.-7859	सुन्दरू ढीमर आ0 केजुराम ढीमर पता-म0नं0 585 चन्दखुरी तह. व जिला दुर्ग थाना पुलगांव (छ0ग0)
2.	202602100100015	नरेश कुर्रे आ0 स्व. बनिया लाल कुर्रे एवं अन्य 03	वाहन टाटा सफारी	सी.जी.-04- एच. डी.-7843	श्रीमती - रेखा गोस्वामी पति राजेशपुरी गोस्वामी पता - इंदिरा कालोनी बलोदाबाजार रोड जिला-रायपुर (छ0ग0)
3.	202502100100025	टुमेश कुमार भारतद्वज आ0श्री चरण दास भारतद्वाज एवं अन्य 01	मोटर सायकल पैशन	सी.जी.-04- सी. एन.-5427	रामजोशी आ0 हरीशचन्द्र जोशी पता- लोधीपारा चौक पेण्ड्री तह0 व जिला रायपुर
4.	202511100100049	सुभाष महार आ0 श्री बालाराम महार	मोटर सायकल बजाज डिस्कवर	सी.जी.-07- एल. जी.-0734	मोहित राम आ0 स्व.श्याम लाल पता- डबरा पारा मिलाई थाना खुर्सीपारा भिलाई जिला दुर्ग छ.ग.
5.	202401100100020	शैलेन्द्र पाण्डे आ0 राधे कृष्णा पाण्डे	मोटर सायकल स्कूटी पेप	सी.जी.-07- एल. डी. 5321	श्रीमती मीना तिवारी आ0 विनय तिवारी पता-संकल्प सूर्या विहार कॉलोनी जुनवानी भिलाई तह0 व जिला-दुर्ग (छ0ग0)

उक्त जप्तशुदा वाहन के वाहनस्वामियों को अंतिम बार सूचित किया जाता है, कि जप्तशुदा अपने वाहन के संबंध में अपना पक्ष समर्थन प्रस्तुत करने हेतु स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत तिथि 02/07/2026 समय 03:00 बजे। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, दुर्ग के समक्ष उपस्थित होवे। अनुपस्थित रहने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जी- 262701562/2

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी
जिला - दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कलेक्टर, जिला दन्तेवाड़ा एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

// प्रारंभिक अधिसूचना //

क्रमांक/2290/कले. / भू-अर्जन /2026 दन्तेवाड़ा दिनांक 12/06/2026

क्रमांक / 20250416180002/अ-82/2023-24- चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है, कि नीचे अनुसूची के कॉलम (1) से (5) में दर्शित भूमि की, अनुसूची के कॉलम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा पड़ने की संभावना है, अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन, एतद द्वारा, अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :-

-: अनुसूची :-

भूमि का प्रकार					धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	ग्राम/प.ह.नं.	खसरा	प्रभावित क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
दन्तेवाडा	गीदम	बिंजाम प.ह.नं.-08	662	0.080	कार्यपालन अभियंता लो. नि.वि. सेतु निर्माण संभाग जगदलपुर	बिंजाम से फरसपाल मार्ग शंकनी-डंकनी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण
			663	0.280		
			655/4	0.080		
			653/5	0.060		
			655	0.210		
			652	0.050		
			651	0.220		
योग			06	0.980		

2. यह भी सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्षो के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम, 2013 की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।
3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गीदम के कार्यालय में किया जा सकता है।
4. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।
5. प्रस्तावित प्रयोजन के भू-अर्जन के लिए कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया है।
6. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम, 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गीदम को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
कलेक्टर
दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा
एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी- 262701508/3

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https:// eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	192870 प्रथम आमंत्रण 09.06.2026	जिला गरियाबंद के राजापडाव-गौरगांव मार्ग के कि.मी. 7/2 पर शोभा नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	307.49
2	192874 प्रथम आमंत्रण 09.06.2026	जिला मनेन्द्रगढ चिरमिरी भरतपुर के नागपुर में शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य।	453.59
3	192876 प्रथम आमंत्रण 09.06.2026	सारंगढ़ में नवीन लाईवलीहुड कालेज भवन का निर्माण, वा.स.से.फि. विद्युतीकरण एवं पहुंच मार्ग का कार्य।	392.42
4	192867 प्रथम आमंत्रण 09.06.2026	छाल से खरसिया मार्ग (राज्यमार्ग 18) के कि.मी. 45/6 से 49/8 (100) (कुल लंबाई 4.30 कि.मी.) का मजबूतीकरण का कार्य, जमा मद।	1529.10
5	192910 प्रथम आमंत्रण 09.06.2026	सी.आर.एफ. योजनांतर्गत कोटा लोरमी पंडरिया मार्ग राज्य मार्ग (राज्य मार्ग) के कि.मी. 48/2 से 48/10 एवं कि.मी. 59/2 से 68/10 = 11.00 कि.मी. का मजबूतीकरण एवं उन्नयन कार्य पुल पुलिया सहित।	8402.65
6	192818 प्रथम आमंत्रण 10.06.2026	जिला जशपुर के खुटगांव से घोघर जोर पहुंच मार्ग लंबाई 4.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	247.18
7	192819 प्रथम आमंत्रण 10.06.2026	1) जिला जशपुर के मुख्य मार्ग एन. एच. 43 से छुरीपहरी चौराआमा मार्ग लं. 3.15 कि.मी. निर्माण कार्य। 2) जिला जशपुर के ग्राम पंचायत तिरसोठ से स्तीपारा आंगनबाडी भवन से बटुराबहार गांधी चौक तक मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	471.44
8	192820 प्रथम आमंत्रण 10.06.2026	जिला सूरजपुर के पहाडगांव से गोपालपुर एन.एच.-43 तक पहुंच मार्ग लं. 5.10 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	763.65
9	192821 प्रथम आमंत्रण 10.06.2026	जिला सरगुजा के पटकुरा से घटौन मार्ग लंबाई 7.75 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	1768.78
10	192822 प्रथम आमंत्रण 10.06.2026	लोरमी विश्रामगृह में रेनोवेशन एवं 3 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य, वा.स.से.फि. एवं विद्युतीकरण सहित।	287.31
11	192823 प्रथम आमंत्रण 10.06.2026	1. जिला जशपुर सागरपाली से आमाटोली पहुंच मार्ग लंबाई 3.50 कि. मी. का निर्माण कार्य। 2) जिला जशपुर के ग्राम पंचायत बेलडेगी के नवापारा से चन्दरपुर मार्ग लंबाई 2.80 कि.मी. निर्माण कार्य।	657.53
12	192824 प्रथम आमंत्रण 10.06.2026	जिला जशपुर के विकासखण्ड कांसाबेल के सूजीबहार से ढुढरूडांड पहुंच मार्ग लंबाई 2.10 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	214.04
13	192957 प्रथम आमंत्रण 10.06.2026	जिला गरियाबंद के जोबा-खरता (दर्रीपारा-जैतपुरी- आमदी) मार्ग के सती नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	648.98
14	192970 प्रथम आमंत्रण 10.06.2026	जिला महासमुंद में शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद का निर्माण कार्य, वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग्स एवं विद्युतीकरण कार्य सहित।	996.42
15	192987 प्रथम आमंत्रण 10.06.2026	जिला कांकेर के भानुप्रतापपुर-पंखाजूर मार्ग के कि.मी. 59/8 पासंगी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	550.30
16	192992 प्रथम आमंत्रण 10.06.2026	जिला गरियाबंद के राजापड़ाव - गौरगांव मार्ग के कि.मी. 12/4-6 पर शुक्ता भाठा के निकट स्थित बाघ नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	231.51
17	193020 प्रथम आमंत्रण 10.06.2026	जिला कांकेर के मरोड़ा बेलगांव छोटेबिटिया मार्ग के कि.मी. 6/6 बेलगाल नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	396.64
18	193023 प्रथम आमंत्रण 10.06.2026	जिला जशपुर के दुलदुला में मिनी स्टेडियम एवं इंडोर हॉल का निर्माण कार्य।	461.86
19	192979 प्रथम आमंत्रण 10.06.2026	जिला सरगुजा के डांडकेसरा से लब्जी के आश्रित ग्राम लोटाढोढी तक मार्ग लं. 2.50 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	405.80

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 01 से सं.क्र. 04 दिनांक 01.07.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 03.07.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,नवा रायपुर अटल नगर

जी- 262701498/7

डिजिटल लॉकर में भविष्य, 'क्रेडिट बैंक' में जमा होगी पढ़ाई

विष्णु प्रसाद वर्मा सहायक संचालक

छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा क्षेत्र में केंद्र की बड़ी सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) के तहत छत्तीसगढ़ को मिली सबसे बड़ी सौगातों में से एक–'एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट' और डिजीलॉकर एकीकरण योजना ने राज्य के उच्च शिक्षा परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है। केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा विभाग के समन्वय से सत्र 2023-24 से अनिवार्य रूप से लागू हुई यह योजना वर्ष 2026 में पूरी तरह परिपक्व हो चुकी है। अब राज्य का हर छात्र अपनी जेब में डिजिटल यूनिवर्सिटी लेकर घूम रहा है।

डिजीलॉकर बना 'सुरक्षा कवच': गुम होने का डर खत्म

अक्सर दुर्घटना या लापरवाही के कारण छात्रों की मूल अंकसूची या डिग्रियां नष्ट हो जाती थीं, जिसके बाद उन्हें यूनिवर्सिटी के चक्कर काटने पड़ते थे। अब इस समस्या का स्थायी समाधान कर दिया गया है। विश्वविद्यालयों को सीधे 'नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी' पोर्टल से जोड़ दिया गया है, जिससे छात्र की डिग्री और सर्टिफिकेट सीधे उसके डिजीलॉकर में अपलोड हो रहे हैं। ये डिजिटल दस्तावेज कानूनी रूप से उतने ही मान्य हैं जितनी मूल हार्ड कॉपी। यानी नौकरी के इंटरव्यू में अब भारी-भरकम फाइल ले जाने की जरूरत नहीं, सिर्फमोबाइल ही काफी है।

क्या है यह 'क्रेडिट बैंक' और कैसे बदलेगी जिंदगी

कल्पना कीजिए एक ऐसे बैंक की, जहाँ पैसा नहीं बल्कि आपकी पढ़ाई और कॉलेज के 'क्रेडिट' (अंक) जमा होते हैं। यदि किसी वजह से आपकी पढ़ाई बीच में छूट जाए, तो यह बैंक आपकी मेहनत को बेकार नहीं जाने देता।

मान लीजिए बस्तर के किसी कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र को पारिवारिक कारणों से सेकंड ईयर के बाद पढ़ाई छोड़नी पड़ी। पहले की व्यवस्था में उसकी दो साल की पढ़ाई 'जीरो' मान ली जाती थी। अब पहले दो वर्षों में छात्र ने जो भी अंक या 'क्रेडिट' कमाए हैं, वे उसकी ꠶ष्ट ढूष्ठ के जरिए डिजिटल बैंक में सुरक्षित रहेंगे। दो या तीन साल बाद जब वह दोबारा पढ़ना चाहेगा, तो वह रायपुर, बिलासपुर या देश के किसी भी अन्य विश्वविद्यालय में सीधे 'थर्ड ईयर' में प्रवेश ले सकेगा। इसे ही ÷मल्टीपल एंट्री एंड एग्जिट÷ कहा गया है।

छत्तीसगढ़ में डिजिटल क्रांति का 'स्कोरकार्ड'

यह एकीकृत डिजिटल सिस्टम न केवल छात्रों के दस्तावेजों को सुरक्षित कर रहा है, बल्कि उन्हें देशव्यापी स्तर पर अपनी पढ़ाई को सुगम बनाने की आजादी भी दे रहा है। वर्तमान में यह योजना छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में पूरी तरह सक्रिय हो चुकी है, जिसके दायरे में राज्य के 6.5 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं आ रहे हैं। इस महा-अभियान में राज्य के अग्रणी विश्वविद्यालय जैसे पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (रायपुर), अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय (बिलासपुर), और शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय (बस्तर) सहित सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालय पूरी सक्रियता के साथ भागीदार बन चुके हैं।

शत-प्रतिशत केंद्रीय सहयोग

तकनीक की यह इतनी बड़ी अवसंरचना छत्तीसगढ़ को पूरी तरह निःशुल्क मिली है। केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा शत-प्रतिशत तकनीकी व वित्तीय सहायता दी जा रही है, जिसके चलते राज्य सरकार पर आर्थिक भार पूरी तरह से शून्य है।

'ग्लोबल' हो रहा है छत्तीसगढ़ का युवा

इस योजना ने सुदूर वनांचल जैसे सुकमा, बीजापुर या सरगुजा के कॉलेजों को भी नेशनल पोर्टल से सीधे जोड़कर अमीर और गरीब छात्र के बीच का डिजिटल फासला पूरी तरह खत्म कर दिया है।

BC ID के माध्यम से छत्तीसगढ़ का युवा अब सिर्फ अपने राज्य तक सीमित नहीं है। उसके क्रेडिट ट्रांसफर की सुविधा ने उसे पूरे देश के उच्च शिक्षण संस्थानों से जोड़ दिया है। यह सिर्फ कागजों का डिजिटलीकरण नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के 6.5 लाख युवाओं के सपनों को मिला एक नया 'डिजिटल पंख' है।

राज्यपाल रमेन ने किया लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला का आत्मीय स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के लोकभवन आगमन पर उनका आत्मीय स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी बिड़ला का स्वागत किया।

नैनो उर्वरकों से सब्जी उत्पादन में मिल रहे बेहतर परिणाम

कम लागत, बेहतर पोषण और अधिक उत्पादन से आधुनिक खेती को मिल रही नई दिशा

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों और नवाचार आधारित उर्वरकों के उपयोग से किसानों को खेती अधिक लाभकारी बनाने में मदद मिल रही है। नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी जैसे उन्नत उर्वरक किसानों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। कम मात्रा में अधिक प्रभावी परिणाम देने वाले ये उर्वरक फसलों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराने के साथ-साथ खेती की लागत कम करने और मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध हो रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में किसान नैनो उर्वरकों का उपयोग कर सकारात्मक परिणाम प्राप्त कर रहे हैं। सरगुजा जिले के अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम जगदीशपुर निवासी कृषक प्रेमनाथ ने सब्जी फसलों में नैनो उर्वरकों के सफल उपयोग का अनुभव साझा किया है। उन्होंने बताया कि भिंडी, लौकी, खीरा सहित विभिन्न सब्जी फसलों में नैनो उर्वरकों के छिड़काव से फसलों की वृद्धि एवं उत्पादन में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। कृषक प्रेमनाथ के अनुसार नैनो उर्वरक बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं और इनका उपयोग भी सरल है। पानी के साथ घोल बनाकर छिड़काव करने से पोषक तत्व सीधे पत्तियों के माध्यम से पौधों तक पहुंचते हैं, जिससे उनकी उपयोग दक्षता बढ़ जाती है। परिणामस्वरूप फसलों को आवश्यक पोषण समय पर प्राप्त होता है और उनकी वृद्धि बेहतर होती है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि नैनो उर्वरक पोषक तत्वों के अधिक प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करते हैं। इससे उर्वरकों की बर्बादी कम होती है तथा खेती की लागत में भी कमी आती है। साथ ही मिट्टी पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ता, जिससे उसकी उर्वरता और जैविक गुणवत्ता सुरक्षित बनी रहती है। यह तकनीक पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि को भी बढ़ावा देती है।

उद्योग मंत्री देवांगन कांकेर के योग कार्यक्रम में होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के सभी जिलों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग कार्यक्रम के लिए राज्य शासन द्वारा मंत्रिमंडल, सांसदों और विधायकों को नामांकित किया गया है। इसी तारतम्य में वाणिज्य उद्योग तथा श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन रविवार 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला उत्तर बस्तर के मुख्यालय कांकेर में आयोजित योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

सिंगीबहाल विद्युत उपकेंद्र का निर्माण अंतिम चरण में

रायपुर/नवप्रदेश। विद्युत विभाग ने जशपुर जिले के तपकरा वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम सिंगीबहाल में निर्माणाधीन 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र को लेकर प्रकाशित समाचारों पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए बताया है कि उपकेंद्र का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और इसे जुलाई 2026 के अंत तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभागीय प्रतिवेदन के अनुसार सिंगीबहाल 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र का निर्माण कार्य जांजगीर-चांपा की एजेंसी एबी इलेक्ट्रिकल्स द्वारा किया जा रहा है। प्रारंभिक चरण में भूमि संबंधी विवाद के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हुआ था, लेकिन जिला प्रशासन के हस्तक्षेप से विवाद का निराकरण कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से कुनकुरी की बिजली व्यवस्था हुई मजबूत

- 33/11 केवी उपकेंद्र में 5 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित, अतिरिक्त 11 केवी फीडर भी शुरू

बढ़ती बिजली मांग को मिलेगा समाधान, उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से कुनकुरी की बिजली व्यवस्था हुई और मजबूतमुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश में विद्युत अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के तहत जशपुर जिले के कुनकुरी क्षेत्र को महत्वपूर्ण सौगात मिली है। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कुनकुरी में 3.15 एमवीए क्षमता के पुराने पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर 5 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया है। साथ ही नगर क्षेत्र के लिए अतिरिक्त 11 केवी फीडर का निर्माण एवं विद्युत प्रवाह प्रारंभ करने का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। नए ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिए विभाग द्वारा व्यापक तकनीकी तैयारियां की गईं। कार्यस्थल पर आवश्यक स्थान उपलब्ध कराने हेतु दो डीपी को स्थानांतरित किया गया, अनुपयोगी नियंत्रण कक्ष को हटाया गया तथा पुराने ट्रांसफार्मर प्लिंथ का मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य किया गया। सभी तकनीकी प्रक्रियाएं पूर्ण करने के बाद ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार ट्रांसफार्मर क्षमता में वृद्धि से क्षेत्र की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में सहायता मिलेगी। वहीं नए 11 केवी फीडर के शुरू होने से विद्युत भार का बेहतर वितरण संभव होगा, जिससे ओवरलोडिंग की समस्या कम होगी और उपभोक्ताओं को अधिक सुचारू एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर किए गए इस उन्नयन कार्य को क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। स्थानीय नागरिकों एवं विद्युत उपभोक्ताओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे कुनकुरी की विद्युत व्यवस्था को सशक्त बनाने वाला ऐतिहासिक कदम बताया है।

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से जशपुर के गांवों में बढ़ी गतिशीलता

- 11 बसों के संचालन से दूरस्थ क्षेत्रों को मिली बेहतर परिवहन सुविधा
- छात्रों, किसानों, श्रमिकों और मरीजों को मिल रहा सीधा लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत जशपुर जिले के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सशक्त बनाया गया है। योजना के अंतर्गत जिले में वर्तमान में 11 बसों का नियमित संचालन किया जा रहा है, जिससे हजारों ग्रामीणों को सुरक्षित, सुलभ और किफायती यात्रा सुविधा उपलब्ध हो रही है।

जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बसों का संचालन कैलाशगुफा-बगीचा, सन्ना-चम्पा, कोतबा-बुलडेगा, तेलाईन-फरसाबहार, रनपुर-कांसाबेल, दोकड़ा-दुलदुला, जशपुर-हर्री, जशपुर-बिचीटोली, जूनाडीह-बासनतला, पत्थलगांव-नारायणपुर तथा दुलदुला-अबिरा मार्गों पर किया जा रहा है। इन रूटों के शुरू होने से दूरस्थ गांवों का संपर्क मुख्य बाजारों, शैक्षणिक संस्थानों और स्वास्थ्य केंद्रों से बेहतर हुआ है। योजना के लागू होने के बाद ग्रामीणों को निजी वाहनों या महंगे परिवहन साधनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है। कम किराए पर नियमित बस सेवा उपलब्ध होने से लोगों के समय और धन दोनों की बचत हो रही है। इससे दैनिक आवागमन अधिक सुविधाजनक और सुगम बन गया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का सबसे अधिक लाभ विद्यार्थियों, किसानों, श्रमिकों और छोटे व्यापारियों को मिल रहा है। विद्यार्थी अब आसानी से स्कूल और कॉलेज पहुंच पा रहे हैं, किसान अपनी कृषि उपज को कम लागत में बाजार तक पहुंचा रहे हैं तथा श्रमिकों को कार्यस्थलों तक आने-जाने में सहूलियत मिल रही है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिली है।

स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के क्षेत्र में भी योजना सकारात्मक बदलाव ला रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के मरीज अब कम समय और कम खर्च में अस्पताल पहुंच पा रहे हैं, जिससे समय पर उपचार संभव हो रहा है।

जशपुर में स्वास्थ्यकर्मियों का विशेष उन्मुखीकरण कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। बच्चों में बढ़ते मधुमेह, विशेष रूप से टाइप-1 डायबिटीज (बाल मधुमेह) की समय पर पहचान, प्रभावी उपचार और नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य विभाग जशपुर द्वारा 15 से 17 जून 2026 तक तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर बाल मधुमेह से प्रभावित बच्चों तक समय पर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के कुनकुरी, मनोरा, जशपुर एवं दुलदुला विकासखंडों से कुल 300 स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय सहभागिता की। चरणबद्ध तरीके से आयोजित इस प्रशिक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), मितानिन कार्यक्रम से जुड़े जिला एवं ब्लॉक समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक तथा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बाल मधुमेह के लक्षणों, शीघ्र पहचान, उपचार, परामर्श, फॉलोअप एवं समग्र देखभाल के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों को बताया गया कि अत्यधिक प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, अचानक वजन घटना, लगातार थकान महसूस होना तथा भूख बढ़ना जैसे लक्षण टाइप-1 डायबिटीज के संकेत हो सकते हैं, जिनकी समय पर पहचान और रेफरल बेहद आवश्यक है।

दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षकों और चिकित्सकों को मिलेगी आवासीय सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से शिक्षकों एवं चिकित्सकों के लिए आवासीय सुविधाओं के विस्तार को मंजूरी दी गई है। इस पहल के तहत मेडिकल स्टाफक्वार्टर और शिक्षक आवासों के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दरिमा (अम्बिकापुर), कमलेश्वरपुर (मैनपाट), गुतुरमा (सीतापुर), केदमा (उदयपुर) तथा कुदरी (लखनपुर) में कुल 25 मेडिकल स्टाफक्वार्टरों के निर्माण हेतु 2 करोड़ 49 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को सौंपी गई है।

जशपुर में किसानों को खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता प्रशासन की कड़ी निगरानी से कालाबाजारी पर रोक

- 10 हजार से अधिक किसानों को 37.79 करोड़ रुपये का कृषि ऋण वितरित

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफ सीजन के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जशपुर जिले में खाद, बीज एवं कृषि ऋण की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कृषि एवं सहकारिता विभाग के समन्वित प्रयासों से जिले की आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में कृषि आदानों का पर्याप्त भंडारण किया गया है। साथ ही कालाबाजारी, जमाखोरी और उर्वरकों के अवैध विक्रय पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। उप संचालक कृषि एम.आर. भगत ने बताया कि किसानों को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की अनुशंसाओं के अनुरूप उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। किसानों को संतुलित उर्वरक

उपयोग, हरी खाद और जैविक विकल्पों को अपनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो सके। विभागीय अमला गांव-गांव पहुंचकर किसानों को वैज्ञानिक खेती और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन संबंधी जानकारी भी दे रहा है।

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में सहकारी समितियों की संख्या 24 से बढ़ाकर 44 कर दी गई है। इससे किसानों को खाद एवं बीज प्राप्त करने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ रही है और समय तथा परिवहन व्यय दोनों में कमी आई है। वर्तमान में जिले की 44 सहकारी समितियों में 9,285 मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का भंडारण किया गया है। इनमें से 3,681 मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किसानों को किया जा चुका है।

गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने हटाया अतिक्रमण

- वर्ष 2006 में आवासीय परियोजना हेतु आबंटित भूमि पर निजी बिल्डर द्वारा किया जा रहा था अवैध निर्माण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने अपनी परिसंपत्तियों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए सेजबहार फेस-1 कॉलोनी स्थित मंडल की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया है।

कार्रवाई के दौरान निजी बिल्डर द्वारा बिना अनुमति निर्मित की जा रही सड़क को हटाया गया। दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत कलेक्टर रायपुर के आदेश 03 फरवरी 2006 के माध्यम से ग्राम सेजबहार एवं ग्राम दतरेंगा की कुल 21.538 हेक्टेयर (लगभग 53.19 एकड़) भूमि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल को आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए आबंटित की गई थी।

इस भूमि में ग्राम सेजबहार के खसरा क्रमांक 162/1 के भाग तथा ग्राम दतरेंगा के खसरा क्रमांक 341/1 एवं 341/3 शामिल हैं। परियोजना के लिए विकास अनुज्ञा 17 मई 2006 को स्वीकृत की गई थी।

भूमि विवाद के कारण नहीं बन सके 79 आवास

निरीक्षण, अभिलेख परीक्षण तथा पूर्व अधिकारियों एवं अभियंताओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्माण अवधि के दौरान भूमि विवाद उत्पन्न होने के कारण स्वीकृत ले-आउट में दर्शाए गए भवन क्रमांक 1287 से 1345 तथा 1412 से 1431 तक कुल 79 आवासों का निर्माण नहीं हो सका। सातवें चरण के अंतर्गत अनुबंध क्रमांक 41, दिनांक 07 अगस्त 2006 के तहत 192 आवासों के निर्माण का प्रावधान था, जिसके अंतर्गत 193 एलआईजी आवासों का निर्माण किया गया। विवादित क्षेत्र में स्थित 79 आवासों का निर्माण न होने के कारण उनका विक्रय भी नहीं किया गया। हाल ही में मंडल द्वारा अपनी लगभग 18 हेक्टेयर भूमि का राजस्व अभिलेखों के आधार पर सीमांकन कराया गया। सीमांकन के दौरान यह तथ्य सामने आया कि एक निजी बिल्डर द्वारा मंडल की भूमि के हिस्से पर अवैध रूप से कब्जा कर सड़क निर्माण किया जा रहा है। सीमांकन रिपोर्ट में अतिक्रमण की पुष्टि होने के बाद मंडल ने तत्काल कार्रवाई प्रारंभ की। कार्यपालन अभियंता संभाग क्रमांक-3, सेजबहार रायपुर नितेश कश्यप के नेतृत्व में मंडल की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इस दौरान संपदा अधिकारी अमृत लाल बरमन, अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में अनधिकृत सड़क को हटाकर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया।

1435 एलआईजी आवासों के निर्माण का था प्रावधान

स्वीकृत ले-आउट के अनुसार परियोजना क्षेत्र में कुल 1435 एलआईजी (लो इनकम ग्रुप) आवासों का निर्माण प्रस्तावित था। मंडल द्वारा किए गए स्थल निरीक्षण एवं अभिलेख परीक्षण में पाया गया कि 1435 प्रस्तावित आवासों में से 1327 आवास स्वीकृत ले-आउट के अनुरूप निर्मित किए गए, जबकि 39 आवास स्वीकृत अभिन्यास से पृथक निर्मित पाए गए। इस प्रकार कुल 1366 आवासों का निर्माण किया गया।

खाद-बीज, पीएम आवास की मांग : किसानों का जल सत्याग्रह शुरू

- लक्ष्मी सागर तालाब में उतरकर किसानों और आवास हितग्राहियों ने किया प्रदर्शन
- मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी

पाटन/नवप्रदेश। किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने और पीएम आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को शीघ्र आवास स्वीकृत करने की मांग को लेकर गुरुवार को पाटन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुर्मीगुंडरा स्थित लक्ष्मी सागर तालाब में जल सत्याग्रह प्रारंभ किया गया। जनकल्याण समिति के संयोजक युगल किशोर आडील के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान, आवास हितग्राही व ग्रामीणों ने तालाब के पानी में उतरकर शासन-प्रशासन के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। आंदोलन को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों की नजर स्थिति पर बनी हुई है।

आंदोलनकारियों ने कहा कि खरीफ सीजन की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन किसानों को अभी तक पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध नहीं हो रहा है। समय पर कृषि सामग्री न मिलने से खेती-किसानी प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। कई समितियों और केंद्रों में खाद-बीज की उपलब्धता पर्याप्त नहीं है। किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के अनेक पात्र हितग्राही अब तक योजना के लाभ से वंचित हैं। सभी पात्रता पूरी करने के बावजूद उन्हें आवास स्वीकृति नहीं मिल रही है। आंदोलनकारियों ने मांग की कि पात्र हितग्राहियों के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर उन्हें योजना का लाभ दिया जाए। जल सत्याग्रह के दौरान किसानों और हितग्राहियों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान और गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके विपरीत हैं।

जनकल्याण समिति के संयोजक युगल किशोर आडील ने कहा कि किसानों और गरीब परिवारों की समस्याओं को लेकर काफी समय से संबंधित विभागों और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष मांगें रखी जा रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। इसी कारण ग्रामीणों को जल सत्याग्रह जैसा आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। जब तक किसानों को पर्याप्त खाद-बीज उपलब्ध नहीं कराया जाता और पीएम आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृति नहीं दी जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

मोदी सरकार की गलत नीतियों से बढ़ी महंगाई, साय सरकार जले पर नमक छिड़क रही

दुर्ग/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज महंगाई बढने पर केंद्र सरकार पर कड़े प्रहार किये। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण 140 करोड़ जनता को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है। इधर, प्रदेश की साय सरकार बिजली के दाम बढ़ाकर जले पर नमक छिड़क रही है। भूपेश ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 5 साल के कार्यकाल में बिजली की कीमतों में केवल 2 पैसे की बढ़ोतरी की थी। उसमें भी 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू थी। वहीं, ढाई साल के कार्यकाल में साय सरकार ने पांच बार बिजली के दाम बढ़ाकर प्रदेश की जनता पर अत्याचार किया है। भाजपा सरकार ने इस बार घरेलू उपभोक्ताओं के दाम में 30 से 50 पैसे और गैर घरेलू बिजली में 20 से 40 पैसे की बढ़ोत्तरी की है। भाजपा सरकार ने किसानों को भी नहीं बख्शा है। कृषि पंप की बिजली में 40 पैसे की बढ़ोत्तरी की गई है। पहले से ही बिजली के बेतहाशा बिल जनता की परेशानी का कारण बने हुए हैं। भाजपा सरकार राहत देने के बजाय बिजली के दामो में लगातार बढ़ोतरी कर रही है। हाल ही में भाजपा सरकार ने बिजली के दामों में 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार के रूप में बढ़ोतरी की थी। भूपेश ने कहा कि भाजपा से सरकार नहीं संभल नही रही है। भाजपा सरकार ने केवल जनता पर बोझ डालने का काम किया है। 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के बाद पांच बार बिजली के दाम बढ़ाया जाना जनता पर बड़ा आर्थिक बोझ है। बिजली विभाग उपभोक्ताओं को बिल के नाम पर लूट रहा है। पिछले कई महीनों से बिजली के बिल तीन से चार गुना आ रहे हैं।

न्यूज गैलरी

पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन

भिलाई नगर। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा फुटकर विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों को नगर निगम कार्यालय में आमंत्रित कर योजना का लाभ दिलाने उनके ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में भरवाए गए। शिविर में बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स उपस्थित हुए और योजना के प्रति उत्साह दिखाया। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम की टीम द्वारा अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना से जोडने का कार्य लगातार किया जा रहा है। नोडल अधिकारी अनिल सिंह ने सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को पत्र प्रेषित कर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ शीघ्र व अधिकतम संख्या में प्रदान करने हेतु आवश्यक सहयोग देने का अनुरोध किया है।

प्रदेश व दुर्ग जिला क्रिकेट संघ ने मंत्री गजेन्द्र यादव का माना आभार

दुर्ग। जिले को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की बहुप्रतीक्षित सौगात मिलने पर जिला क्रिकेट संघ, दुर्ग व छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। जिला क्रीड़ांगन समिति के पदाधिकारियों ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम निर्माण के प्रस्ताव को सहमति मिलने से जिले के खेल विकास को नई दिशा मिलेगी और दुर्ग शहर प्रदेश के प्रमुख खेल केंद्रों में शामिल होगा। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव अजय तिवारी ने कहा कि केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव के सतत प्रयासों और खेलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण यह महत्वपूर्ण उपलब्धि संभव हो सकी है, जिससे आने वाले समय में जिले के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए बीसीसीआई के ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रभतेज सिंह भाटिया, छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर बलदेव सिंह भाटिया, विजय शाह के मार्गदर्शन और सहयोग के लिये विशेष आभार व्यक्त किया। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने कहा कि केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव के खेलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण यह महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। संघ के उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, सचिव प्रमोद पारख, सुरेश साहू, गुरमीत सिंह भोगल, आशीष सूर्यवंशी, ओमप्रकाश साहू, इंदर कोर, कोंडल राव, कौशल वर्मा, राकेश साहू, सुशील मिश्र ने भी केबिनेट मंत्री गजेन्द्र के प्रति आभार व्यक्त किया।

नाली-पुलिया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

दुर्ग। पटरीपार क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने वार्ड 53 मीनाक्षी नगर में पानी टंकी के सामने पीछे गली और दलहा विवान पब्लिक स्कूल से अरमो के घर तक व विभिन्न गलियों में आरसीसी नाली और पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके अलावा पटरी पार वार्ड 58 उरला बीड़ी कॉलोनी के पीछे और वार्ड 57 उरला रेलवे क्रॉसिंग के पास नाली व पुलिया निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि नाली व पुलिया निर्माण से जलभराव और गंदे पानी की निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होगा। बरसात के दौरान होने वाली परेशानियों से नागरिकों को राहत मिलेगी और क्षेत्र की स्वच्छता व आवागमन व्यवस्था में भी सुधार आएगा। लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ संपन्न किए जाएं, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सरस निर्मलकर, वार्ड पार्षद रेशमा सोनकर, वार्ड पार्षद सविता साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय 'योग संगम' का आयोजन 21 को

दुर्ग। भारत सरकार आयुष मंत्रालय नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में आगामी 21 जून को 'योग संगम' और 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' थीम पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मालवीय नगर चौक स्थित 'खालसा पब्लिक स्कूल' में सुबह 7 बजे से 7.45 बजे के बीच आयोजित होगा। कलेक्टर सिंह ने कार्यक्रम की सफलता और व्यवस्थाओं के सुचारू प्रबंधन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हरवंश सिंह मिरी को कानून व्यवस्था, संपूर्ण तैयारी और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है। चिकित्सा संबंधी आपात स्थितियों के लिए सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आशीषन मिंज को चिकित्सकीय टीम और एम्बुलेंस तैनात रखने की जिम्मेदारी दी हैं।

भारतमाला परियोजना अंतर्गत थनौद के पास 35 करोड़ से कालम ब्रिज की अनुमति

- कलेक्टर सिंह की पहल से मिली स्वीकृति से ग्रामीण हुए खुश

दुर्ग/नवप्रदेश। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत थनौद क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों व कृषकों की दीर्घकालिक और संवेदनशील मांग को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह के प्रयासों से शासन स्तर पर सफलता अर्जित की गई है। थनौद में परियोजना से संबंधित कॉलम ब्रिज (पुल) के निर्माण की बहुप्रतीक्षित अनुमति भारत सरकार से प्राप्त हो गई है, जिसके तहत 35 करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित लागत से 130 मीटर लंबे पुल की तकनीकी व प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इस वृहद सौगात से स्थानीय कृषकों और ग्रामीणों में हर्ष की लहर है और क्षेत्र के विकास को एक नई गति मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मार्च-2026 में स्थानीय कृषकों एवं ग्रामीणों द्वारा अपनी कृषि भूमि की सुगमता और आवागमन की सुरक्षा को लेकर प्रशासन के समक्ष अपनी व्यावहारिक चिंताएं और सुझाव साझा किए गए थे। मामले को गंभीरतापूर्वक लेकर कलेक्टर सिंह ने संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित व दूरदर्शी कार्रवाई की, जिसके तहत आंदोलनरत कृषकों और ग्रामीणों को स्वयं एनआईटी रायपुर ले जाया गया और शीर्ष तकनीकी विशेषज्ञों से उनका सीधा संवाद कराया गया।

विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को पुल के तकनीकी डिजाइन, उपयोगिता और सुरक्षा मानकों को विस्तार से समझाया, जिससे ग्रामीणों का संशय पूरी तरह दूर हुआ और इसके बाद ही सर्वसम्मति से एक मजबूत प्रशासनिक प्रस्ताव केंद्र सरकार को प्रेषित किया गया था। इस पूरी प्रक्रिया की अभूतपूर्व सफलता और ग्रामीणों की इस महत्वपूर्ण मांग को धरातल पर उतारने में कलेक्टर सिंह के नीतिगत मार्गदर्शन की अहम भूमिका रही, जिनके प्रयासों से 35 करोड़ रुपये की बड़ी राशि और इस वृहद तकनीकी ढांचे की स्वीकृति अत्यंत अल्प समय में संभव हो सकी। कॉलम ब्रिज की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद शीघ्र ही निर्माण कार्य की आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी, जिससे भारतमाला परियोजना के साथ-साथ स्थानीय कृषकों के हितों का भी पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित हो सकेगा।

साइबर ठगी के मामले में 6 म्यूल खाताधारक गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। जिले में साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उतई पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी साइबर ठगी से मिली रकम का लेन-देन करने के लिए अपने बैंक खाते (म्यूल अकाउंट) दूसरों को इस्तेमाल करने देते थे। पुलिस को भारत सरकार के गृह मंत्रालय के समन्वय पोर्टल और पुलिस मुख्यालय से जानकारी मिलने के बाद उतई क्षेत्र में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के कुछ खातों की जांच की गई। जांच में कई संदिग्ध खाते मिलने पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच में पता चला कि वर्ष 2024 से 2026 के बीच इन खातों में लगातार संदिग्ध लेन-देन होता रहा। इस पूरे नेटवर्क के माध्यम से अवैध रकम इधर-उधर किया गया। इन खातों में साइबर ठगी से जुड़े लाखों रुपए जमा किए गए। ये रकम बाद में दूसरे खातों में भेज दी गई या नगद निकाल ली गई। बैंक रिकॉर्ड, केवाईसी दस्तावेज और ट्रांजेक्शन की जांच के बाद 6 खाताधारकों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने माना कि उन्होंने अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक और सिम कार्ड दूसरों को इस्तेमाल करने दिया था। गिरफ्तार आरोपियों में भूपेन्द्र हिरवानी (23), नवलेश्वर पाटले (35), पवन सिंह (32), आकाश चंद्राकर (37), अर्पण शुक्ला (23) और मुकेश सिंह (23) निवासी सेक्टर-7 भिलाई को गिरफ्तार किया है।

पीएम श्री सेजस समर कैंप का समापन

कुम्हारी। पीएम श्री सेजस कुम्हारी में आयोजित ग्रीष्मकालीन समर कैंप के समापन समारोह में विद्यार्थियों ने समर कैंप में सीखी गई विभिन्न गतिविधियों का आकर्षक प्रदर्शन किया। समारोह में मुख्य अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष आलोक दुबे, सांसद प्रतिनिधि सुजीत यादव, सदस्य दीपक सिंह बैस और विशेष अतिथि कैलाश नागवंशी प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला धरमपुरा उपस्थित रहे। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विजया श्रीवास्तव ने की। कैंप में बच्चों को ज्वेलरी मेकिंग, सॉन्ग, ड्रामा, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, पन विद साइंस, फन विद मैथ्स और हेल्थ एंड हाइजीन जैसी उपयोगी और रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। विशेष अतिथि कैलाश नागवंशी ने रोचक मैजिक शो की प्रस्तुति देकर बच्चों का मनोरंजन किया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रमों में भाग लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास और आत्मविश्वास को बढ़ावा देती हैं।

बोरसी भाठा की शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

- चार व्यावसायिक अतिक्रमण ध्वस्त

दुर्ग/नवप्रदेश। बोरसीभाठा वार्ड क्रमांक 50 स्थित शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। नगर निगम दुर्ग, निगम प्रशासन, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने न्यायालयीन आदेश के पालन पर जेसीबी की सहायता से वर्षों पुराने अतिक्रमण को हटाकर शासकीय भूमि को खाली कराया। बोरसी भाठा क्षेत्र की शासकीय भूमि खसरा नंबर 194/1 पर कुल 35 व्यक्तियों द्वारा कब्जा किया गया है। प्रकरण में तहसीलदार न्यायालय द्वारा अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए गए थे। कब्जाधारियों द्वारा दायर अपील को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), दुर्ग द्वारा निरस्त कर दिया गया था। 35 अतिक्रमण प्रकरणों में से एक प्रकरण में उच्च न्यायालय ने स्थगन दिया है, जबकि 19 प्रकरणों में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी न्यायालय से स्थगन आदेश प्रभावशील है। 10 प्रकरण विचाराधीन हैं। शेष 4 प्रकरणों में संबंधित व्यक्तियों द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था। इनमें जीवन यादव, कुमारी बाई, मोहन खेरडे और रोहित विश्वकर्मा के अतिक्रमण शामिल हैं। इन प्रकरणों में किसी प्रकार का स्थगन आदेश प्रभावी न होने के कारण संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया।

राजेन्द्र पार्क में तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ

- केन्द्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों को किया गया प्रदर्शित

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के गौरवमयी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क विभाग द्वारा दुर्ग के राजेन्द्र पार्क में तीन दिवसीय भव्य फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ पद्मश्री राधेश्याम बारले के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, महापौर अल्का बाघमार, विधायक ललित चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, सुरेन्द्र कौशिक और संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उपस्थित जनों ने देश के ऐतिहासिक विकास कार्यों, जनकल्याणकारी नीतियों और राष्ट्रीय गौरव की उपलब्धियों पर आधारित जीवंत छायाचित्रों का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और जल जीवन मिशन के साथ-साथ केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, मुद्रालोन और स्टार्टअप इंडिया को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया है। साइंस व टेक्नोलाजी, डिजिटल अभियान, 3 करोड़ लखपति दीदी, युवा शक्ति, मुफ्त राशन, 9 करोड़ लाभार्थियों का पोषण क्रय, आस्था के धाम अंतर्गत अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण जैसी उपलब्धियों को फोटो प्रदर्शनी में डिस्प्ले किया गया है। महिला सशक्तिकरण, किसान समृद्धि, युवा कौशल और हर वर्ग के कल्याण की योजनाओं को सरल रूप में प्रस्तुत किया गया है। आयोजन स्थल पर आधुनिक एलईडी स्क्रीन के माध्यम से भी केंद्र सरकार के सुशासन, बुनियादी ढांचे के विकास की जानकारी दी जा रही है।

महिला आयोग ने की मोबाइल मुआवजा, डीएनए टेस्ट और सेवा समाप्ति की अनुशंसा

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक व प्रभारी सदस्य सरला कोसरिया ने आज दुर्ग स्थित प्रेरणा सभा कक्ष में महिला उत्पीडन से संबंधित प्रकरणों की जनसुनवाई की। आयोग की 399 वीं प्रदेश स्तरीय और दुर्ग जिले की 15 वीं सुनवाई में दुर्ग, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों के कुल 50 प्रकरणों की सुनवाई की गई।

सुनवाई के दौरान आयोग ने कई महत्वपूर्ण मामलों में निर्णय और अनुशंसाएं जारी कीं। एक मामले में खराब मोबाइल फोन से संबंधित शिकायत पर आयोग ने आवेदिका को उपभोक्ता फोरम में मोबाइल की पूरी कीमत, नया मोबाइल और डेढ़ वर्ष की मानसिक क्षतिपूर्ति का दावा प्रस्तुत करने की सलाह दी। एक अन्य प्रकरण में शासकीय सेवा में रहते हुए द्विविवाह के आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर आयोग ने संबंधित दो शासकीय कर्मचारियों की सेवा समाप्ति की अनुशंसा जिला प्रशासन को भेजने का निर्णय लिया। सुनवाई के दौरान लंबे समय से लंबित पारिवारिक विवाद में आयोग की पहल पर आवेदिका को एक लाख रुपये नगद और विवाह में दिया गया सामान वापस दिलाया गया। शेष राशि निर्धारित किश्तों में देने पर दोनों पक्षों में सहमति बनी। पितृत्व संबंधी एक मामले में आयोग ने संबंधित पक्षों के डीएनए परीक्षण की अनुशंसा करते हुए कलेक्टर व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कई मामलों में आपसी समझौते, सामाजिक सुलह और न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन होने के आधार पर मामलों का निराकरण किया गया।

बॉलीवुड सेलेब्स देखेंगे छत्तीसगढ़ में बनी फिल्में: अनुराग बसु, 'चक दे इंडिया' की चित्रांशी रावत सहित कई हस्तियां शामिल होंगी

रूंगटा यूनिवर्सिटी में होगा भिलाई का पहला फिल्म फेस्टिवल

भिलाई/नवप्रदेश। अगले सप्ताह बॉलीवुड के कई दिग्गज अभिनेता, डायरेक्टर और लेखक भिलाई पहुंचेंगे। रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में 23 से 25 जून तक होने वाले रूंगोत्सव फिल्म व मीडिया फेस्टिवल में प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक अनुराग बसु, चक दे इंडिया की अभिनेत्री चित्रांशी रावत, फिल्म चमन बहार के लेखक-निर्देशक अपूर्व धर बड़गियां, फिल्मकार धुर्वादित्य भगवानानी और फिल्म भूतनाथ के डायरेक्टर विवेक शर्मा समेत छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई चेहरे शामिल होंगे। भिलाई में यह पहला फिल्म फेस्ट होगा, जहां बॉलीवुड के प्रसिद्ध चेहरे छत्तीसगढ़ के युवाओं को फिल्म मेकिंग समझाएंगे। तीन दिन तक चलने वाले इस आयोजन में फिल्में दिखाई जाएंगी, अभिनय और पटकथा लेखन की बारीकियां सिखाई जाएंगी। युवाओं को फिल्म और मीडिया क्षेत्र में करियर के अवसरों की जानकारी भी मिलेगी।

फेस्टिवल का सबसे बड़ा आकर्षण अनुराग बसु का सत्र होगा। बर्फी, लाइफ इन ए मेट्रो, गैंगस्टर, मर्डर, जग्गा जासूस और लूडो जैसी फिल्मों के निर्देशक अनुराग बसु 24 जून को युवाओं से संवाद करेंगे। भिलाई छत्तीसगढ़ से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले अनुराग अपने संघर्ष, सफलता और फिल्म निर्माण के अनुभव साझा करेंगे। कार्यक्रम में छात्रों को उनसे सीधे सवाल पूछने का मौका भी मिलेगा। इसी दिन लेखक और निर्देशक अपूर्व धर बड़गियां और विवेक शर्मा भी विशेष सत्र लेंगे। छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखने वाले अपूर्व लोकप्रिय वेब सीरीज मिर्जापुर 3 के लेखक भी रहे हैं। वे युवाओं को कहानी लिखने, पटकथा तैयार करने और फिल्मों के लिए विषय चुनने की प्रक्रिया के बारे में बताएंगे। फिल्म चक दे इंडिया में कोमल चौटाला के किरदार से घर-घर पहचान बनाने वाली चित्रांशी अभिनय, अनुशासन, टीमवर्क के अनुभव साझा करेंगी। फेस्टिवल के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ी सिनेमा के अनुज शर्मा, सतीश जैन, मनोज वर्मा और मनीष मानिकपुरी भी मंच साझा करेंगे।

युवाओं ने बनाई फिल्में, मिलेंगे पुरस्कार

रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने बताया कि प्रदेश के स्कूलों और कॉलेजों में पढने वाले सैकड़ों विद्यार्थी इस फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनेंगे। इन विद्यार्थियों ने फेस्ट के लिए अपनी रुचि के हिसाब से शॉर्ट फिल्म और डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाई है। इसे लीडिंग डायरेक्टर्स के सामने दिखाया जाएगा। सबसे अच्छी फिल्म को पुरस्कार मिलेगा। प्रदेश के कंटेंट क्रिएटर्स और इंफ्लुएंसर्स के नॉमिनेशन मांगे गए थे, जिसकी स्क्रूटनीपूरी हो गई है। फिल्म फेस्ट के आखिरी दिन सबसे बढ़िया कंटेंट क्रिएटर को अवॉर्ड दिया जाएगा। प्रतियोगिताओं के लिए 1 लाख रुपए के पुरस्कार रखे गए हैं।

कर सकेंगे फिल्म मेकिंग का कोर्स

रूंगटा यूनिवर्सिटी में इसी साल से स्कूल ऑफफिल्म एंड मीडिया की शुरुआत हो गई है। पहले साल में युवाओं का जबरदस्त रुझान रहा है। यहां से छात्र बीए और बी-वॉक में तीन साल का कोर्स कर फिल्म मेकिंग की डिग्री हासिल कर पाएंगे। फिल्म मेकिंग में एक साल का डिप्लोमा कोर्स भी कर पाएंगे। फिल्म मेकिंग, सिनेमेटोग्राफी, वीडियो एडिटिंग, विजुअल स्टोरी टेलिंग और कंटेंट क्रिएशन में सर्टिफिकेट कोर्स भी किया जा सकेगा। इसके लिए शानदार फिल्म स्टूडियो और सेट्स तैयार किए गए हैं। इसका उद्घाटन फिल्म 12वीं फेल विक्रांत मैसी ने किया है।

मनपसंद कॉलेज में प्रवेश की होड़ : एडमिशन शुरू, फर्स्ट च्वॉइस सिटी के टॉप 10 कॉलेज

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के प्रमुख महाविद्यालयों में प्रवेश को लेकर हर साल स्नातक के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं में होड़ मची रहती है। इस साल भी सभी कॉलेजों में ऑनलाइन माध्यम से एडमिशन प्रक्रिया स्नातक की प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं के लिए प्रारंभ हो चुकी है।

जहां शहर के ऑटोनॉमस कॉलेज अपने ऑनलाइन पोर्टल पर प्रवेश फार्म ले रहे हैं। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों के लिए विश्वविद्यालय के ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर स्टूडेंट्स एप्लाई कर रहे हैं। इस दौरान स्टूडेंट्स को एडमिशन पोर्टल पर मिल रहे कॉलेजों के टॉप-10 ऑप्शन में शहर के कुछ चुनिंदा महाविद्यालय शामिल हैं। इनमें खासकर दुर्गा महाविद्यालय, गवर्नमेंट जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज, शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, डीबी गर्ल्स ऑटोनॉमस महाविद्यालय व डॉ. राधाबाई गवर्नमेंट नवीन कन्या महाविद्यालय शुरू से ही छात्र-छात्राओं की पहली पसंद रहे हैं। इन कॉलेजों में इस सत्र में स्नातक की प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं में उपलब्ध कोर्स व एडमिशन को लेकर इनके प्राचार्यों से बातचीत की गई।

दुर्गा महाविद्यालय में बीए, बीकॉम बीबीए व बीसीए में दाखिला: दुर्गा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोतिभा मुखर्जी ने बताया कि पं. रविशंकर विश्वविद्यालय से हमारा कॉलेज संबद्ध है, जहां विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से स्नातक के लिए बीए, बीकॉम, बीबीए और बीसीए संकायों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। पं. रविशंकर विश्वविद्यालय द्वारा 25 जून तक

एडमिशन संबंधित जानकारी सभी संबद्ध कॉलेजों को एक साथ जारी की जाएगी। इसमें दुर्गा महाविद्यालय भी शामिल है। कॉलेज में स्नातक के संचालित चार संकाय में पिछले सत्र के मुताबिक, औसत बीए के लिए 250 सीटें, बीकॉम के लिए 500 सीटें, बीबीए-40 सीटें, बीसीए-40 सीटों पर प्रवेश हुआ था।

छत्तीसगढ़ कॉलेज में ऑनलाइन माध्यम से एडमिशन: गवर्नमेंट जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. तपेश गुप्ता ने बताया कि यह ऑटोनॉमस कॉलेज होने के नाते कॉलेज के स्वयं के पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से एडमिशन फार्म लिए जा रहे हैं। जहां सभी स्नातक क्लास के लिए छात्र-छात्राओं से फार्म लिए जा रहे हैं, ऑनलाइन एडमिशन शुरू हो चुका है। स्नातक कोर्स में बीए सेमेस्टर-1, बीएससी सेमेस्टर-1, बीसीए सेमेस्टर-1 और डिप्लोमा इन बिजनेस मैनेजमेंट संकाय में विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। ऑनलाइन एडमिशन फार्म निर्धारित समय तक कॉलेज में जमा करने होंगे। इसके बाद संकायवार कुल आवेदनों की संख्या डिस्प्ले की जाएगी। वहीं, एडमिशन संबंधी अन्य प्रक्रियाएं, जैसे प्रवेश की मेरिट सूची जारी करना, फार्म सत्यापन, फीस जमा की जाएगी।

साइंस कॉलेज में विज्ञान और गणित सेक्शन में प्रवेश जारी: शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी ने बताया कि कॉलेज में स्नातक संकाय में विज्ञान के 10 सेक्शन और गणित के 5 सेक्शन में कॉलेज के ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर प्रवेश फार्म लिए जा रहे हैं। सभी कोर्स के लिए आए प्रवेश फार्म की स्कूटनी कर 16 जून के बाद प्रवेश मेरिट सूची जारी की जाएगी।

न्यूज गैलरी

रील बनाते समय संतुलन बिगड़ा, फंदे पर लटकने से महिला की मौत

रायपुर/रायगढ़/नवप्रदेश। शहर के कोष्टापारा इलाके में सोशल मीडिया के लिए रील बनाने के दौरान 22 वर्षीय महिला की जान चली गई। मृतका की पहचान विशाखा देवांगन के रूप में हुई है। घटनास्थल से बरामद मोबाइल फोन में रिकॉर्ड हुआ लाइव वीडियो मिलने के बाद पुलिस ने इसे रील बनाने के दौरान हुआ हादसा मान रही है। बताया गया है कि कोष्टापारा निवासी शुभम देवांगन मंगलवार सुबह काम पर गया था। घर में उसके माता-पिता भी मौजूद थे, लेकिन वे मकान के दूसरे हिस्से में थे। दोपहर में जब शुभम खाना खाने के लिए घर लौटा, तो उसके कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। शुभम ने कई बार आवाज लगाई और विशाखा के मोबाइल पर कॉल भी किया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका होने पर जब परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा, तो विशाखा कमरे के भीतर फंदे पर लटकी हुई थी। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। जांच में जब पुलिस ने विशाखा का मोबाइल खंगाला, तो उसमें घटना के वक्त का एक वीडियो रिकॉर्डेड मिला। वीडियो से साफपता चल रहा है कि विशाखा मोबाइल का कैमरा ऑन करके कोई रील रिकॉर्ड कर रही थी और इसी दौरान स्टंट या एक्टिंग करते समय अचानक संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हो गया। पुलिस के लिए यह वीडियो अब मामले की सबसे अहम डिजिटल कड़ी बन गया है।

पानी पाउच मांगने पर विवाद, कटर ब्लेड से एक-दूसरे पर हमला, केस

रायपुर/नवप्रदेश। खमतराई थाना क्षेत्र में पानी पाउच - मांगने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी झड़प में बदल गया। ओवरब्रिज - के नीचे स्थित शराब भट्टी के पास - दो युवकों ने कटर ब्लेड के टुकड़े से - एक-दूसरे पर हमला कर दिया। घटना - में दोनों घायल हो गए, जिसके बाद - पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफकेस -दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शहीद नगर निवासी हेमंत भट्ट और मोहम्मद - अलाउद्दीन मंसूरी के बीच सोमवार दोपहर करीब 2 बजे विवाद हुआ। हेमंत भट्ट का आरोप है कि वह पानी पाउच और चखना लेकर जा रहा था, तभी अलाउद्दीन ने उससे पानी मांगा। इंकार करने पर गाली-गलौज और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी दौरान अलाउद्दीन ने पास में पड़े कटर ब्लेड के टुकड़े से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके सीने और पैर में चोट आई। बाद में उसने ब्लेड छीनकर पलटवार किया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से दर्ज शिकायत में मोहम्मद अलाउद्दीन के पिता ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे ने पानी पाउच मांगा था, जिस पर हेमंत भट्ट भड़का और गाली देते हुए ब्लेड से हमला कर दिया।

नवागढ विधानसभा में बड़ी सख्या में झोलाछाप डॉक्टर कर रहे इलाज

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिला के विधानसभा नवागढ़ में झोलाछाप डॉक्टर एवं मेडिकल स्टोर्स का संचालन इतने तेजी स चल रहा है मेडिकल स्टोर्स का नीयत शर्त के बगैर गांव में मेडिकल संचालन करने वाले झोलाछाप डॉक्टर मात्र 10वीं एवं 12वीं पास है। इनके पास किसी वैध चिकित्सकीय डिग्री के बिना क्लिनिक संचालित कर एलोपैथिक पद्धति से मरीजो का इलाज किया जा रहा है। इतने तापमान गर्मी में मरीजो को झोलाछाप डॉक्टर द्वारा बेमेतरा प्राइवेट हास्पिटल में कमीशन लेकर भर्ती करा दिया जाता है इस ओर स्वास्थ विभाग का अनदेखी करना बड़ी दुखत की बात हो गई है। इसकी शिकायत क्षेत्र के विधायक एवं खाद्य मंत्री दयालदास बघेल को पत्र लिखकर इस तरह से झोलाछाप डाक्टरों मेडिकल, क्लिनिक पर छापेमारी कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने मांग की गई है।

कोरबा में ट्रक ड्राइवर पर लूटपाट का प्रयास, विरोध पर हथियार से हमला

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक कोयला लोड ट्रक चालक पर जानलेवा हमला किया गया। लूटपाट का विरोध करने पर दो युवकों ने चालक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल चालक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कुसमुंडा से लैंको अडानी पावर प्लांट की ओर जा रहा कोयला लोड ट्रक तकनीकी खराबी के कारण इमलीडुग्गु मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान दो युवक ट्रक चालक जयप्रकाश के पास पहुंचे और उससे मोबाइल फोन, नकदी की मांग करने लगे। चालक जयप्रकाश ने मोबाइल और पैसे देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि इसके बाद दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ती देख चालक वहां से भागने लगा, लेकिन हमलावरों ने उसका पीछा किया। कुछ दूरी पर पहुंचने के बाद आरोपियों ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले के बाद खून से लथपथ चालक अपनी जान बचाने के लिए पास के एक मकान में घुस गया। घर के लोगों ने शोर मचाया तो हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर 112 आपातकालीन सेवा की टीम मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल कोरबा पहुंचाया। अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार, चालक के सिर पर धारदार हथियार से गंभीर चोट लगी है, जिसके कारण आठ टांके लगाने पड़े। वहीं पैर में आई चोट के लिए दो टांके लगाए गए हैं।

तत्कालीन खाद्य सचिव, संचालक समेत 204 अधिकारियों को माना जिम्मेदार

विस जांच समिति की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा 584 करोड़ के राशन घोटाले का दावा

भूपेश कार्यकाल पर लगा एक और नया आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में 584 करोड़ रुपये के कथित खाद्यान्न घोटाले का मामला सामने आया है। विधानसभा की जांच समिति ने मार्च 2022 से फरवरी 2023 के बीच राशन वितरण में भारी अनियमितताओं और खाद्यान्न की कमी पाए जाने पर तत्कालीन खाद्य सचिव, खाद्य संचालक सहित कुल 204 अधिकारियों-कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराया है।

विधानसभा द्वारा गठित पांच सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संचालन में गंभीर प्रशासनिक लापरवाही, निगरानी तंत्र की विफलता और खाद्यान्न वितरण में व्यापक अनियमितताएं सामने आई हैं। समिति ने 23 जिला खाद्य नियंत्रकों और 181 खाद्य

निरीक्षकों के विरुद्ध विभागीय जांच और आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा की है।

रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। वहीं भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने दावा किया है कि समिति की जांच केवल एक वर्ष की अवधि तक सीमित रही है। उनका कहना है कि यदि कांग्रेस सरकार के पूरे पांच वर्षीय कार्यकाल का ऑडिट कराया जाए तो खाद्यान्न हेराफेरी का आंकड़ा दो हजार करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है। कौशिक ने कहा कि यह मामला गरीबों के राशन और खाद्य सुरक्षा के अधिकार से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि विपक्ष में रहते हुए उन्होंने लगातार इस मुद्दे को उठाया था और सरकार परिवर्तन के बाद भी निष्पक्ष जांच की मांग करते रहे।

विधानसभा में उठे सवाल से शुरू हुई जांच: इस मामले की शुरुआत 17 मार्च 2023 को हुई थी, जब तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानसभा में आरोप लगाया था कि उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से वितरित किए जाने वाले चावल, चना, शक्कर और नमक का रिकॉर्ड वास्तविक वितरण से मेल नहीं खा रहा है तथा पात्र हितग्राहियों तक पूरा राशन नहीं पहुंच रहा है। उस समय तत्कालीन खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने सात दिनों के भीतर जांच कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन जांच की प्रगति और परिणाम सार्वजनिक नहीं हो सके। सरकार बदलने के बाद 6 फरवरी 2024 को कौशिक ने पुनः विधानसभा में यह मामला उठाया। इसके बाद वर्तमान खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने विधानसभा से जांच समिति गठित कर भौतिक सत्यापन और विस्तृत जांच कराने की घोषणा की थी। समिति की रिपोर्ट अब सामने आने के बाद प्रदेश की राजनीति में यह मामला फिर से चर्चा का विषय बन गया है। रिपोर्ट में खाद्यान्न वितरण व्यवस्था में जवाबदेही तय करने, निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की सिफारिश की गई है। अब सभी की निगाहें राज्य सरकार की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

छुट्टियां खत्म होते ही ट्रेनों में बढ़ी भीड़, लंबी वेटिंग से यात्री परेशान

रायपुर/नवप्रदेश। गर्मी की छुट्टियों के समाप्त होते ही लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थानों के नए सत्र शुरू होने के कारण दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, प्रयागराज, वाराणसी समेत देश के विभिन्न शहरों से बड़ी संख्या में लोग रायपुर और छत्तीसगढ़ लौट रहे हैं। इसके चलते अधिकांश ट्रेनों में कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है और यात्रियों को लंबी वेटिंग का सामना करना पड़ रहा है।

रेलवे की आरक्षण स्थिति के अनुसार जून के अंतिम सप्ताह से लेकर जुलाई के दूसरे पखवाड़े तक कई प्रमुख ट्रेनों में सीटें पूरी तरह भर चुकी हैं। स्थिति यह है कि अतिरिक्त यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई गई स्पेशल ट्रेनों में भी अब आरएसी और वेटिंग शुरू हो गई है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार छुट्टियों के बाद छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों तथा दूसरे राज्यों में कार्यरत श्रमिकों की वापसी तेज होने से ट्रेनों पर दबाव लगातार बढ़ रहा है। कन्फर्म टिकट नहीं मिलने के कारण कई यात्रियों को अपनी यात्रा की तारीख बदलनी पड़ रही है या वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। दिल्ली-रायपुर रूट पर चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, समता एक्सप्रेस और गोंडवाना एक्सप्रेस में लंबी वेटिंग दर्ज की जा रही है। वहीं हावड़ा-रायपुर मार्ग की ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, शालीमार-एलटीटी, हावड़ा-शालीमार और आजाद हिंद एक्सप्रेस में भी सीटों का भारी दबाव बना हुआ है।

यात्रियों की बढ़ती संख्या का असर दक्षिण भारत जाने वाली ट्रेनों पर भी दिखाई दे रहा है। बिलासपुर-यलहंका, बिलासपुर-तिरुपति, बिलासपुर-चेन्नई, बिलासपुर-एर्नाकुलम, तिरुनेलवेली और तिरुवनंतपुरम स्पेशल ट्रेनों में भी आरएसी और वेटिंग सूची लगातार बढ़ रही है। रेलवे विशेषज्ञों का मानना है कि जुलाई के पहले और दूसरे सप्ताह तक यही स्थिति बनी रह सकती है। ऐसे में यात्रियों को यात्रा से काफी पहले टिकट आरक्षित कराने की सलाह दी जा रही है।

अवैध शराब पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई 137 पौवा, नगदी और दो वाहन जब्त

अलग-अलग मामलों में 3 आरोपी गिरफ्तार

धमतरी/नवप्रदेश। अवैध शराब कारोबार के खिलाफ धमतरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सिटी कोतवाली क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 137 पौवा देशी शराब, नगदी रकम और दो वाहनों सहित कुल 1 लाख 34 हजार 660 रुपये की संपत्ति जब्त की है।

गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफअभियान जारी: पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर जिले में अवैध शराब, मादक पदार्थों और गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से अवैध शराब परिवहन की सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम ने कार्रवाई की।

पहली कार्रवाई में स्कूटी समेत आरोपी पकड़ाया: पुलिस ने नहर पार भट्ठी रोड, नहर नाका दानीटोला के पास घेराबंदी कर चन्द्रप्रकाश बचेकर (28 वर्ष), निवासी औद्योगिक वार्ड धमतरी को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से बैग में रखे 57 पौवा देशी शराब, 6 हजार 200 रुपये नगद और एक स्कूटी जब्त की गई। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 25 हजार 760 रुपये बताई गई है। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

दूसरे मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

दानीटोला शराब भट्ठी के पास पुलिस ने दबिश देकर दो अन्य आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में मुकेश कुमार नागेश (34 वर्ष) और उदय नागेश (22 वर्ष) दोनों निवासी साल्हेवार पारा धमतरी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से प्लास्टिक बोरी और बैग में रखे 80 पौवा देशी मशाला शराब, 900 रुपये नगद और एक इलेक्ट्रिक स्कूटी जब्त की गई।

रात के अंधेरे में तेंदुए ने घरों में घुसकर किया हमला, अधेड़ और वृद्धा घायल

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के दुधावा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गट्टागुडूम में तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। बीते दिनों तेंदुए ने अलग-अलग घटनाओं में दो ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। सबसे चिंताजनक बात यह है कि दोनों हमले घर के भीतर हुए, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल गहरा गया है।

लगातार हो रही घटनाओं के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने और आबादी क्षेत्र से दूर हटाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम गट्टागुडूम निवासी 65 वर्षीय बुधन उईके 15 जून को अपने घर में मौजूद थीं। इसी दौरान एक तेंदुआ अचानक उनके घर में घुस आया और उन पर हमला कर दिया। तेंदुए के पंजे के वार से उनके सिर में चोट आई। परिजनों और आसपास के लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ वहां से भाग निकला। घटना के बाद घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। पहली घटना के दो दिन बाद गांव में तेंदुए के हमले की दूसरी घटना सामने आई। ग्राम निवासी 57 वर्षीय धनेश कुंजाम रात्रि में अपने घर में विश्राम कर रहे थे।

शाम ढलते ही घरों में कैद हो रहे ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से गांव के आसपास और जंगल से लगे इलाकों में तेंदुए की आहट सुनाई दे रही थी। रात के समय लोगों ने कई बार तेंदुए को गांव के नजदीक घूमते हुए भी देखा है। अब जब उसने घरों में घुसकर हमला करना शुरू कर दिया है, तब ग्रामीणों में भय का माहौल और अधिक बढ़ गया है। लोग शाम ढलते ही घरों में रहने को मजबूर हैं। बच्चों और बुजुर्गों को अकेले बाहर भेजने से भी परिवार बच रहे हैं।

तेंदुए को पकड़ने लगाई गुहार

सरपंच जागेश्वर नेताम, तुलसी राम यादव, नंदलाल सलाम, रमेश उईके तथा कैलाश कुंजाम सहित अन्य ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल गांव में पिंजरा लगाने और तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उनका यह भी कहना है कि तेंदुआ आसपास के अन्य गांवों में भी दिखाई दे रहा है, जिससे किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी हुई है।

शरारती बच्चों ने कुंड में डुबोई नावें : मानसून से पहले बढ़ी चिंता,

कांकेर/नवप्रदेश। बरसात के मौसम में जहां ग्रामीणों के लिए नावें जीवनरक्षक साधन साबित होती हैं। वहीं कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम कांदाड़ी में कुछ शरारती तत्वों द्वारा इन्हीं नावों को नुकसान पहुंचाए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि अज्ञात लोगों ने कई नावों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। जबकि कुछ नावों को सितरम नदी के लगभग 350 फीट गहरे चमत्कारी कुंड में डुबो दिया गया है। इस घटना ने न केवल ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है, बल्कि आने वाले मानसून में आवागमन और आपातकालीन सेवाओं को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्रामीणों ने बताई परेशानी: कंदाड़ी ग्राम के ग्रामीण प्रभु जाड़े, सुंदर लाल जाड़े और मंगल सिंह जाड़े ने बताया कि गांव में नावें केवल परिवहन का साधन नहीं हैं। बल्कि लोगों की जरूरत और मजबूरी दोनों हैं। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व लगातार नावों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को आर्थिक और सामाजिक दोनों प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पुल नहीं, नाव ही एकमात्र सहारा: ग्रामीण बारसू पद्दा और मानू मंडावी ने बताया कि सितरम नदी पर आज तक पुल का निर्माण नहीं हो पाया है। बरसात के दिनों में नदी उफान पर आ जाती है। जिसके कारण आसपास के सैकड़ों गांवों का संपर्क तहसील मुख्यालय और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों से कट जाता है। ऐसे समय में नाव ही लोगों के आवागमन का एकमात्र सहारा बनती है। विशेषकर गर्भवती महिलाओं, सर्पदंश के शिकार मरीजों और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने के लिए इन्हीं नावों का उपयोग किया जाता है।

18 फीट लंबी नाव तैयार करने में कई महीनों की मेहनत: ग्रामीण अजय पद्दा और बैजू राम पद्दा ने बताया कि एक 18 फीट लंबी नाव तैयार करने में कई महीनों की मेहनत, कुशल कारीगरी और काफी खर्च लगता है। इसके बावजूद यदि नावों को जानबूझकर नुकसान पहुंचाया जाए तो यह पूरे गांव के लिए बड़ी समस्या बन जाती है। उन्होंने कहा कि नावों के क्षतिग्रस्त होने से बरसात के दौरान ग्रामीणों की सुरक्षा और आवागमन दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

कार्रवाई की मांग: ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों की पहचान करने, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा नावों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो मानसून के दौरान स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com